


बुनियादी ढांचा सुधार से तेजी से बढ़ रहा उप्र का संपत्ति बाजार : यूपी रेरा -12



कामकाज का मॉडल बदल रहा एआई, पर बाजार नहीं होगा कम -12



तीस्ता पर तनाव : भारत से जुड़ा मुद्दा लेकर चीन के पास पहुंचा बांग्लादेश -13



विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सेलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य घोषित -14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.27
सूर्यास्त 06.44

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी, 12:21 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 8 मई 2026, वर्ष 4, अंक 261, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## दमखम



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को बिथ्याणी महाविद्यालय (यमकेश्वर, उत्तराखंड) में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए ओपन जिम उपकरणों पर व्यायाम किया।

# ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, यह तो बस एक शुरुआत है




● सेना का संदेश- कोई आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं



वाइस एडमिरल प्रमोद



एयर मार्शल अवधेश



उप प्रमुख ले. जनरल जुबिन

जयपुर, एजेंसी

भारतीय सेना ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं है और यह मिशन तो बस एक शुरुआत है।

ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने पर भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के सैन्य अभियानों के प्रमुखों ने जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अभियान को सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दंडित करने के वास्ते पिछली आधी सदी में भारत का सबसे व्यापक सैन्य अभियान बताया गया। इस ऑपरेशन के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाने वाले सेना के तत्कालीन सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, यह तो बस एक शुरुआत है। घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने अपनी पुरानी रणनीतियों से हटकर एलओसी और पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार स्थित आतंकवादी ढांचों को बेहद समन्वित तरीके से निशाना बनाया। यह अभियान हमारे देश के संकल्प, जिम्मेदारी और रणनीतिक संयम का प्रतीक था। तत्कालीन एयर ऑपरेशन्स महानिदेशक एयर मार्शल भारती ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने वायु शक्ति की अहमियत को फिर से स्थापित किया। 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पिछले वर्ष सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

### पहली वर्षगांठ पर पाकिस्तान को भारतीय सेना का करारा जवाब

### शतरंज का खेल, पारियों की हार

**नई दिल्ली।** पिछले साल सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से एक साल के भीतर, सैन्य अधिकारियों ने इसकी जटिलताओं का वर्णन करने के लिए कई उपमाओं का इस्तेमाल किया है– दुश्मन की अगली चाल के बारे में अनिश्चितता को दर्शाने के लिए 'शतरंज का खेल' से लेकर भारत की जीत की विशालता को उजागर करने के लिए 'पारियों की हार' तक। इस सैन्य कार्रवाई में शुरुआत से ही प्रतीकात्मकता अंतर्निहित थी। इसके नाम के साथ-साथ अब व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले 'लोगो' से भी एक स्पष्ट संदेश मिलता है।

### मोदी ने सो. मीडिया की डीपी बदली



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरा होने पर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदल दी तथा उन्होंने सभी से सशस्त्र बलों और उनकी सफलता के प्रति सम्मान के रूप में ऐसा ही करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली में वर्ष 2024 में 23,058 लोग लापता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वर्ष 2024 में कुल 23,058 लोग लापता हुए, जिनमें 9,482 पुरुष और 13,576 महिलाएं शामिल थीं। यह जानकारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट से मिली। शहर में 2024 में लापता वयस्कों के 17,567 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें 7,911 पुरुष और 9,656 महिलाएं शामिल हैं। बुधवार को जारी एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्षों से 14,637 पुरुष, 18,238 महिलाएं और छह उभयलिंगी अब भी लापता हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2024 में दिल्ली में लापता व्यक्तियों के कुल 55,939 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें 24,119 पुरुष, 31,814 महिलाएं और छह ट्रांसजेंडर शामिल थे।

### अवैध दवा : अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नकली दवा बनाने, सरकारी आपूर्ति की दवाओं पर नए लेबल लगाने तथा उन्हें वितरित करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक अवैध इकाई का भी पता चला है, जहां दवाइयों की प्रोसेसिंग और दोबारा पैकिंग की जा रही थी। यह गिरोह उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के लिए भेजी गई दवाइयों हासिल करता था। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुखर्जी नगर का निवासी कथित सरगना मनोज कुमार जैन (56), पंचकूला (हरियाणा) निवासी राजू कुमार मिश्रा (57), प्रयागराज निवासी विक्रम सिंह उर्फ सन्नी (32) और वतन (35) शामिल हैं।

### कनाडा करे भारत विरोधी चरमपंथियों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा से आह्वान किया कि वह उसकी धरती से काम कर रहे भारत विरोधी चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे। भारत की यह अपील कनाडा की खुफिया रिपोर्ट के मद्देनजर आई है, जिसमें खालिस्तानी तत्वों द्वारा उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे को उजागर किया गया है। पिछले सप्ताह जारी 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता कनाडा के लिए खतरा बनी हुई है।

# जनगणना 2027 का शंखनाद, योगी बोले- विकास का बनेगा मूल आधार

## उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ आबादी के लिए 5.47 लाख कार्मिक तैनात किए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● कहा- जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं प्रदेशवासी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए इसे समग्र और समावेशी विकास की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला बताया। सीएम आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत कराई।

सीएम आवास पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि जनगणना केवल लोगों की संख्या गिनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीतियों, संसाधनों के वितरण और भविष्य की विकास योजनाओं का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि डेटा आधारित शासन के इस दौर में सटीक आंकड़े ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत ढांचे की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मददगार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पहली बार देश में पूरी तरह डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। इस बार जातीय जनगणना भी प्रक्रिया का हिस्सा होगी, जबकि पहली बार वन ग्रामों को भी शामिल किया जा रहा है। 7 मई से 21 मई 2026 तक नागरिकों को स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प मिलेगा, जिसके तहत लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी 25 करोड़ 70 लाख के करीब है और इतनी बड़ी जनसंख्या की गणना अपने आप में एक विशाल प्रशासनिक अभियान है। इसके लिए प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 नगरीय निकायों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों और करीब 1.04 लाख राजस्व गांवों में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। इस कार्य के लिए करीब 5.47 लाख कार्मिक लगाए जाएंगे, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर और 12 हजार अधिकारी शामिल हैं। दोनों चरणों के लिए 5.35 लाख से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं।

### इसलिए अहम है यह जनगणना

सरकारी योजनाओं का बजट, संसाधनों का बंटवारा, स्कूल-अस्पतालों की जरूरत, सड़क और आवास जैसी विकास परियोजनाएं जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, डिजिटल और रियल टाइम डेटा आधारित यह जनगणना आने वाले वर्षों में नीति निर्माण की दिशा तय करेगी।

### जनगणना-2027 की खास बातें

- पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना
- जातीय गणना भी होगी शामिल
- वन ग्रामों की भी होगी गणना
- 7 से 21 मई तक स्वगणना का विकल्प
- 5.47 लाख कार्मिक होंगे तैनात
- ग्राम और वार्ड स्तर तक डिजिटल मॉनिटरिंग

# प. बंगाल विधानसभा भंग

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में गुरुवार को बड़ा संवैधानिक उलटफेर हुआ है। राज्यपाल आरएन रवि ने अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे से इनकार के बाद राज्यपाल ने यह कड़ा कदम उठाया जिससे कैबिनेट भी बर्खास्त हो गई है। मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय 7 मई, 2026 से लागू हो गया है।

राज्य विधानसभा को उसका कार्यकाल पूरा होने के बाद ही भंग किया गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर फैसले की घोषणा की गई। मई 2021 में वर्तमान विधानसभा का गठन किया गया था जब राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी थी।

हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के चुनावों के बाद, निवर्तमान विधानसभा को भंग किया जाना उसके कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति का प्रतीक है। संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

### ममता बनर्जी नहीं रहीं मुख्यमंत्री



● राज्यपाल आरएन रवि ने अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत अपनी शक्तियों का किया प्रयोग

● ममता के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे से इनकार करने के बाद राज्यपाल ने कड़ा कदम उठाया

### रथ की हत्या की जांच को एसआईटी गठित

**कोलकाता।** भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की मध्यमग्राम में हुई हत्या की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी में राज्य पुलिस के साथ-साथ सीआईडी के अधिकारी भी शामिल हैं। इस बीच, बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने गुरुवार सुबह मध्यमग्राम में घटनास्थल का दौरा किया। राज्य पुलिस ने एक चौपहिया वाहन जब्त किया है।

### मैंने रथ की कराहने व गोलियों की आवाज सुनी : घोष

**कोलकाता।** भाजपा के विधायक शंकर घोष ने दावा किया कि मध्यग्राम के पास चंद्रनाथ रथ की हत्या से कुछ देर पहले फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी। घोष ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। विधानसभा में चंद्रनाथ हमारे सभी विधायकों के बहुत करीबी थे। वे शुभेंदु दा के भरोसेमंद सहयोगी थे। मुझे और कुछ नहीं कहना है। भाजपा विधायक ने दावा किया कि वह बुधवार रात करीब 10 बजे उल्टाडांगा से लौटते समय रथ से फोन पर बात कर रहे थे।

### मेरे निजी सहायक न होते तो हत्या नहीं होती : शुभेंदु

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि चंद्रनाथ रथ अगर उनके निजी सहायक के तौर पर काम नहीं करते तो शायद उनकी हत्या नहीं होती। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार कर लेगी। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि रथ की हत्या में सुपारी लेकर हत्या करने वाले संलिप्त थे। उन पर पांच गोलियां चलाई गईं।

# तमिलनाडु में सरकार का संकट, राज्यपाल विजय से बोले- आपके पास बहुमत नहीं

चेन्नई, एजेंसी



● आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने दलों से संपर्क साधा

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गुरुवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है।

वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवतः टीवीके को समर्थन दे सकते हैं।

लोकभवन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर ने टीवीके अध्यक्ष को गुरुवार को लोक भवन आमंत्रित किया। दोनों के बीच यह दूसरी बातचीत थी। राज्यपाल ने समझाया कि उनके पास विधानसभा में सरकार गठित करने के लिए आवश्यक बहुमत अभी तक नहीं है। टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी।

# बिना कारण बताए प्रदेश में नहीं होगी कोई गिरफ्तारी : राज्य सरकार

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से भरोसा दिलाया गया है कि प्रदेश में किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण और आधार बताए बिना गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। सभी गिरफ्तारियां बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार ही की जाएंगी। कोर्ट ने याचिका को मंजूर करते हुए मामले के याची को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने बलरामपुर जनपद निवासी संतोष गुप्ता की ओर से उसके पुत्र द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। धोखाधड़ी व कूटरचना के आरोपों से संबंधित बलरामपुर के कोतवाली नगर में दर्ज एफआईआर में याची को आरोपी पाते हुए गिरफ्तार किया गया था। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पुरेंदू चक्रवर्ती व अधिवक्ता अतुल कृष्णा आदि ने दलील दी कि गिरफ्तारी त्रुटिपूर्ण थी क्योंकि अभियुक्त को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध नहीं कराए गए थे। जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिहिर राजेश शाह मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों के विरुद्ध है। कोर्ट ने बहस के उपरांत पारित अपने आदेश में याची की गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया। साथ ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलरामपुर द्वारा पारित रिमांड आदेश को भी निरस्त कर दिया। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इस बात के गंभीर प्रयास किए जाएंगे कि प्रदेश में कोई भी गिरफ्तारी बिना कारण व आधार बताए न हो।

# नीति आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी

● राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यबल का दिया प्रस्ताव

● भारत के एजुकेशन सिस्टम का 10 साल का किया गया विश्लेषण

नीति आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिलास्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक व छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए एआई को एकीकृत करने का सुझाव दिया है। भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली 'समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं।

पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, ईसीसीई को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, 8 प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य-आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये समाज के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

### शिक्षा प्रणाली में 14.71 लाख स्कूल शामिल

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में 14.71 लाख स्कूल शामिल हैं जिनमें 24.69 करोड़ से अधिक छात्र शिक्षा प्राप्त करते हैं जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी प्रणाली बन जाती है। रिपोर्ट में पिछले दशक में हुई प्रगति पर विचार करते हुए 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पहुंच, अवसंरचना, समानता, समावेश, डिजिटल एकीकरण और सीखने के परिणामों जैसे प्रमुख आयामों पर व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

## निगरानी

### सड़क, पुल और जलापूर्ति परियोजनाओं का होगा थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट

# प्रदेश के निर्माण कार्यों पर अब आईआईटी की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● सरकार ने नई व्यवस्था को लेकर सभी विभागों को जारी किया शासनादेश

**अमृत विचारः** प्रदेश में सड़क, पुल और जलापूर्ति जैसी बड़ी सरकारी परियोजनाओं की गुणवत्ता पर अब आईआईटी और इंजीनियरिंग संस्थानों की नजर रहेगी। योगी सरकार ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने व गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट की नई व्यवस्था लागू कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए विस्तृत शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार की ओर से गुरुवार को सभी सचिवालय, निदेशालय, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से लेकर सभी विभागाध्यक्षों और विश्वविद्यालय प्रशासन को जारी शासनादेश में कहा है कि परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट (टीपीक्यूए) की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रुड़की, एमएनआईटी प्रयागराज, एएमयू अलीगढ़, एचबीटीयू कानपुर और एमएमएमयूटी गोरखपुर सहित कई संस्थानों को अलग-अलग श्रेणी की परियोजनाओं का ऑडिट सौंपा जाएगा। शासनादेश में सड़क, पुल और जलापूर्ति/सीवर परियोजनाओं के लिए अलग-अलग मानक तय किए गए हैं। 25 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य किया है। 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की निगरानी आईआईटी जैसे राष्ट्रीय संस्थान करेंगे, जबकि मध्यम श्रेणी की परियोजनाओं में राज्यस्तरीय संस्थान करेंगे। शासनादेश के अनुसार संबंधित विभाग और तकनीकी संस्थान के बीच एमओयू होगा। ऑडिट एजेंसियां निर्माण सामग्री, डिजाइन, सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण और कार्य प्रगति की जांच करेंगी। निर्माण के विभिन्न चरणों डिजाइन, 25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत प्रगति और कार्य पूर्ण होने पर निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। सरकार ने गुणवत्ता ऑडिट के लिए शुल्क भी तय किया है।

### किन संस्थानों को मिली जिम्मेदारी

- आईआईटी कानपुर
- आईआईटी बीएचयू
- आईआईटी दिल्ली
- आईआईटी रुड़की
- एमएनआईटी प्रयागराज
- एएमयू अलीगढ़
- एचबीटीयू कानपुर
- एमएमएमयूटी गोरखपुर

## न्यूज ब्रीफ

### लोक अदालत 9 को जनअभियान बनाने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने राष्ट्रीय लोक अदालत को जनअभियान का रूप देने के लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि 9 मई को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी, जिसके सफल संचालन के लिए विभागीय समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्री-लिटिगेशन मामलों की अधिक पहचान कर उनके निस्तारण पर जोर दिया, ताकि लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। जागरूकता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जोड़ा जाएगा। निर्देश दिए गए कि समय पर नोटिस तामील हो, बार एसोसिएशन से समन्वय रहे और आयोजन के दौरान न्यायालय परिसरों में मेगा हेल्थ कैंप, ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी व सरकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएं, ताकि लोक अदालत जनसेवा का व्यापक मंच बन सके।

### स्पेल कार्यक्रम से युवाओं में बढ़ रही नेतृत्व क्षमता : योगेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग (स्पेल)' कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित कर रहा है। एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए संचालित इस कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रदेश के सभी 75 जिलों में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम में कमिश्नरेट क्षेत्रों से 75 और अन्य जिलों से 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शासनादेश के अनुसार प्रतिभागी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर अंकपत्र में दो क्रेडिट अंक दिए जाएंगे। राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर 30 दिनों में 120 घंटे का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पुलिस कार्यप्रणाली, साइबर सुरक्षा, ट्रैफिक व आपदा प्रबंधन शामिल रहा।

### भूसा संग्रह अभियान तेज, 60.99 लाख क्विंटल का लक्ष्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने व्यापक "भूसा संग्रह अभियान" शुरू किया है। एक वर्ष के लिए 131.40 लाख क्विंटल भूसे की आवश्यकता के सापेक्ष 60.99 लाख क्विंटल संग्रह का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें अब तक 26.78 लाख क्विंटल भूसा एकत्र कर लगभग 43.9 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अभियान के तहत दान और क्रय दोनों माध्यमों से भूसा जुटाया जा रहा है। निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक गो आश्रय स्थल पर भूसा बैंक स्थापित कर किसानों से समन्वय के जरिए नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन में ललितपुर सबसे आगे है, जहां लक्ष्य के मुकाबले 102.9 प्रतिशत संग्रह हुआ है। इसके बाद देवरिया और गोरखपुर का स्थान है। मऊ, आगरा, महाराजगंज, सहारनपुर और हरदोई ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि लखनऊ, कानपुर नगर, संभल और इटावा में प्रगति धीमी है। दान आधारित संग्रह में 12.19 लाख क्विंटल लक्ष्य के सापेक्ष 2.65 लाख क्विंटल भूसा जुटाया गया है। सरकार ने आमजन, संस्थाओं और गोसेवकों से अभियान में सहयोग की अपील की है।

# डीपी में 'सिंदूर', कवर पर 'ब्रह्मोस'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने दिया डिजिटल स्ट्राइक संदेश
- ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर बदली प्रोफाइल तस्वीर




**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल डीपी और कवर फोटो बदलकर एक मजबूत संदेश दिया है। डीपी में 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो और कवर फोटो में ब्रह्मोस मिसाइल को प्रमुखता दी गई है, जिसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की आक्रामक नीति का संकेत माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह बदलाव केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं, बल्कि "नया भारत" और मजबूत रक्षा नीति का प्रतीक है। खास बात यह है कि ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण अब लखनऊ में भी हो रहा है, जिससे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बल मिला है।

7 मई 2025 को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान स्थित ठिकानों पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई की थी, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने भी डीपी बदली, लेकिन योगी की कवर फोटो को अधिक आक्रामक संकेत माना जा रहा है।

ब्रह्मोस परियोजना को यूपी डिफेंस कॉरिडोर की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा है।

# इंतजार खत्म, यूपी एसआई भर्ती का रिजल्ट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 लाख आवेदकों में 12,333 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए हुए सफल
- डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में होगी

**अमृत विचारः** उप्र. में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया। 4543 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती परीक्षा में शामिल लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। -डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए 12,333 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) के लिए सफल घोषित किया है। भर्ती बोर्ड के अनुसार इस भर्ती प्रक्रिया के लिए कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को चार पालियों में प्रदेशभर में आयोजित की गई थी।

बोर्ड ने निर्धारित नियमावली के तहत प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत तथा कुल 50 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से मेरिट एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुसार सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। अब चयनित अभ्यर्थियों को अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण से गुजरना होगा। डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### भर्ती प्रक्रिया पर बढ़ा युवाओं का भरोसा

प्रदेश सरकार लगातार भर्ती प्रक्रियाओं को तकनीक आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दे रही है। हाल के वर्षों में पुलिस भर्ती समेत विभिन्न विभागों की भर्तियों में डिजिटल निगरानी, सख्त सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली लागू किए जाने से युवाओं का भरोसा बढ़ा है। प्रदेश सरकार का दावा है कि भर्ती प्रक्रिया में सिफारिश और भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म कर योग्यता आधारित चयन सुनिश्चित किया गया है।

# नौकरियों में खत्म हुआ सिफारिश और सेटिंग का दौर : मुख्यमंत्री

## योगी ने 481 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र, बोले- योग्यता ही चयन का आधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- कहा-पहले सरकारें कराती थीं संगठित वसूली के साथ जातीय और क्षेत्रीय पक्षपात

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक बार फिर सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रदेश में अब सिफारिश, जाति, पैसे और पहुंच नहीं, बल्कि सिर्फ योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। आरोप लगाया कि 2017 से पहले प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया संगठित वसूली के साथ जातीय और क्षेत्रीय पक्षपात से प्रभावित रहती थी।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने आयुष विभाग, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा के बाद भी किसी स्तर पर अनैतिक साधनों या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार, जातीय और क्षेत्रीय पक्षपात से प्रभावित रहती थी, जिससे योग्य युवाओं का शोषण होता था। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि योग्य अभ्यर्थी की जगह घूसखोर व्यक्ति व्यवस्था में आ जाए तो वह 30-35 वर्षों तक पूरे सिस्टम को घुन की तरह खोखला करता है।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में जवाबदेही तय की और तकनीक का इस्तेमाल कर पारदर्शिता सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और बीते 15 दिनों में यह चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बन चुका है। यूपी की पहचान अब भ्रष्ट और अराजक प्रदेश की नहीं, बल्कि निवेश, रोजगार और सुशासन वाले राज्य की बन रही है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय और वार्षिक बजट तीन गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिनसे तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में बड़े उद्योगों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 32 हजार से अधिक हो गई है। यूपी अब देश के "टॉप-3 राज्यों" में शामिल हो चुका है।

### भर्ती प्रक्रिया को चयनित युवाओं ने सराहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सरकारी भर्तियों को लेकर युवाओं का भरोसा मजबूत होता दिख रहा है। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि पहले भर्तियों में भ्रष्टाचार और सिफारिश की शिकायतें रहती थीं, लेकिन अब पारदर्शिता बढ़ी है और योग्यता को प्राथमिकता मिल रही है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों में आयुष विभाग के 202, व्यावसायिक शिक्षा विभाग के 272 और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सात अभ्यर्थियों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। आयुष विभाग में प्रोफेसर (यूनानी) पद पर चयनित डॉ. मोहम्मद नासिर ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। वहीं स्टाफ नर्स (आयुर्वेद) पद पर चयनित उपासना देवी और अनामिका पटेल ने भर्ती को पारदर्शी बताया। चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) पद पर चयनित आयुष भारद्वाज और डॉ. खुर्शीद आलम समेत अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि निष्पक्ष व्यवस्था से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और अब मेहनत का सही फल मिल रहा है।

# प्रदेश में अब तुष्टीकरण की नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/सहारनपुर

- मुख्यमंत्री बोले- कब्रिस्तान की दीवारों से निकलकर विकास पर खर्च हो रहा पैसा
- सहारनपुर में 2131 करोड़ रुपये की 325 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सहारनपुर में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था, जबकि अब वही धन सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास पर लगाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में 2131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कभी दंगों, फतवों और पलायन के कारण बदनाम रहने वाला सहारनपुर आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बन चुका है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले पश्चिमी उप्र. में दंगे, कर्फ्यू और भय का माहौल रहता था। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जैसे जिलों में व्यापारी असुरक्षित थे और नौजवान पलायन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन सरकार ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट, मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज और इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब का जिक्र करते हुए कहा कि सहारनपुर तेजी से आधुनिक विकास का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली पहुंचने में छह घंटे लगते थे, अब ढाई घंटे में पहुंचा जा सकता है। लखनऊ की दूरी भी काफी घट गई है।

### देशद्रोहियों का काम होगा तमाम

सीएम योगी ने देवबंद और एटीएस सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी देशद्रोही सिर उठाएगा तो उसका काम तमाम होना तय है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने वालों और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में रहकर दुश्मन के गीत गाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। वंदे मातरम के अपमान को संज्ञेय अपराध बनाए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रतीकों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं होगा।

# एजेंसियों को 12 मई तक दिया समय

- राहुल गांधी मामले में सतर्कता बरतते हुए हाईकोर्ट ने सील कराई केस की फाइल

**अमृत विचार, लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग वाली याचिका पर निर्देश प्राप्त कर जवाब देने के लिए 12 मई तक का समय दिया है।

मामले की सुनवाई जजों के चैंबर में की गई तथा सुनवाई के बाद पूरी केस फाइल को सील करके सीनियर रजिस्ट्रार की कस्टडी में देने का आदेश न्यायालय ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 12 मई को अगली सुनवाई होगी तथा उसी दिन केस फाइल की सील खोली जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ ने कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याची ने राहुल गांधी पर अज्ञात स्रोतों से भारी संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाए हैं। याचिका में केंद्र सरकार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीडीटी, यूपी पुलिस और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस, नई दिल्ली को पक्षकार बनाया गया है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि याची द्वारा विस्तृत बहस की गई, जिसके बाद प्रतिवादियों की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने लिखित निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा। जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। सुनवाई शुरू होने पर याची ने प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें वर्तमान रिट याचिका के अभिलेखों को सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया था।

# मथुरा में दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** हरदोई में एनकाउंटर के दूसरे दिन यूपी पुलिस ने मथुरा में भी दो अपराधियों को ढेर कर दिया। मथुरा एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दोनों अपराधियों ने सुनीर कोतवाली क्षेत्र के टैटी ग्रामसभा में डकैती कांड को अंजाम दिया था। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

एनकाउंटर में मारे गए बदमाशों में एक की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू के रूप में हुई है जो कि राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है। जबकि दूसरा बदमाश पप्पू उर्फ राजेंद्र था जो कि राजस्थान के ही अलवर का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने 23 अप्रैल की रात मथुरा में व्यापारी अजय अग्रवाल के घर में घुसकर परिजनों को बंधक बनाया और डकैती की वारदात को अंजाम दिया। तीन लाख रुपये और 12 लाख रुपये से अधिक के जेवरात लूट ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने डकैतों की तलाश के लिए 17 टीमें बनाई एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए 50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। मुठभेड़ में ढेर गए पुलिस ने दोनों बदमाशों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि सुरीर इलाके में व्यापारी के यहां डकैती की घटना हुई थी, जिसमें समान व नगदी लूट कर बदमाश ले गए थे। पकड़े गए मृत बदमाश नाम बदलकर डकैती घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया सामान और नकदी भी बरामद की है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' सेना के पराक्रम का प्रतीक



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर देश के वीर जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन भारतीय सेना के वीर सपूतों ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को भारत की शक्ति और अटूट संकल्प का परिचय कराया था। मौर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अब हर आतंकी साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

# प्रोटोकॉल उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

## मुख्य सचिव ने विभागों और शीर्ष अधिकारियों को जारी किया आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सांसद और विधायकों का फोन न उठाने पर अफसरों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : मुख्य सचिव


एसपी गोयल

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने सांसदों और विधायकों के फोन कॉल नजरअंदाज करने और उनके प्रति निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस संबंध में गुरुवार को नया शासनादेश जारी करते हुए सभी विभागों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं।

शासनादेश में कहा गया है कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव नहीं करते, कॉल बैक नहीं करते और प्रोटोकॉल संबंधी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। कई मामलों को सदन, पीठ और संसदीय अनुश्रवण समिति तक उठाया गया है, जिसे सरकार ने गंभीरता से लिया है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सांसदों और विधायकों के सीयूजी नंबर तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए अन्य मोबाइल नंबर अधिकारियों को अपने फोन में सेव रखने होंगे। कॉल आने पर उसे अनिवार्य रूप से रिसीव करना होगा। यदि अधिकारी बैठक या अन्य कारण से उपलब्ध नहीं हैं तो प्राथमिकता के आधार पर कॉल बैक करना होगा।

शासनादेश में यह भी कहा गया है कि जनप्रतिनिधि यदि किसी जनहित के मुद्दे को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं तो अधिकारियों को अपनी सीट से खड़े होकर उनका स्वागत करना होगा। उनसे सम्मानपूर्वक बातचीत करनी होगी और जल ग्रहण के लिए आग्रह भी करना होगा। साथ ही उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना होगा।

सरकार ने साफ किया है कि प्रोटोकॉल उल्लंघन उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम 3(2) के दायरे में माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के तहत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अनुदान के खर्च का हिसाब न देने वाले विभागों पर सख्ती की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपयोगिता प्रमाण-पत्र और डीसी बिल समय से जमा न करने पर तय होगी जिम्मेदारी
- 11 से 28 मई तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने अनावर्ती सहायता अनुदानों के खर्च का समय पर हिसाब न देने वाले विभागों और अधिकारियों पर सख्ती शुरू कर दी है। दीपक कुमार द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) और एसी बिलों के सापेक्ष डीसी बिल तत्काल जमा कराए जाएं, अन्यथा संबंधित नियंत्रक अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक बड़ी संख्या में अनुदानों का समायोजन यूसी के अभाव में लंबित है, जिस पर प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने आपत्ति जताई है। इसे देखते हुए 11 मई से 28 मई 2026 तक विभागीय प्राप्तियों और भुगतानों के लेखा मिलान का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर लेखा मिलान न कराने पर पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी और महालेखाकार के आंकड़े अंतिम माने जाएंगे। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आवश्यक दस्तावेज- रिकंसिलिएशन शीट, मासिक व्यय विवरण और अन्य रिपोर्ट- समय से उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही वर्ष 2001-02 से 2024-25 तक लंबित यूसी का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा गया है।

**क्या है उपयोगिता प्रमाण-पत्र :** यूसी वह आधिकारिक दस्तावेज है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि सरकारी अनुदान निर्धारित उद्देश्य पर ही खर्च किया गया है।

जनगणना अभियान

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डिजिटल माध्यम से की शुरुआत

# जनभवन से जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


जनभवन में स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जनभवन से उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना अभियान की शुरुआत की।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार को स्व-गणना पोर्टल शुरू करने के लिए बधाई देते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना अधिकारियों को सही, तथ्यात्मक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि भविष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में मदद मिल सके। कार्यक्रम में निदेशक जनगणना एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने स्व-गणना पोर्टल की जानकारी साझा की। विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एसवीएस रंगाराव, मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी विशाख जी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर जाकर परिवार के मुखिया, मकान की स्थिति, मूलभूत सुविधाओं और परिसंपत्तियों से जुड़े 33 अधिसूचित प्रश्नों की जानकारी एकत्रित करेंगे।

### क्या है स्व-गणना सुविधा

- नागरिक खुद ऑनलाइन जानकारी भर सकते हैं
- 21 मई तक उपलब्ध रहेगा विकल्प
- डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीधी डेटा एंट्री
- 22 मई से 20 जून तक जनगणना कर्मी करेंगे सत्यापन

### मुख्य सचिव ने खुद भरा जनगणना फॉर्म

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया में स्वयं भाग लेते हुए ऑनलाइन फॉर्म भरकर सबमिट किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया को जनआंदोलन का रूप दिया जाए। मुख्य सचिव ने आधिकारिक पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के बाद कहा कि डिजिटल जनगणना की सफलता के लिए अधिकतम जनभागीदारी जरूरी है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# आंकड़े ही नहीं बदले, सियासी परिदृश्य भी बदला



राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

- अयोध्या में सर्वाधिक, मिल्कीपुर में सबसे कम घटे मतदाता
- घटे वोटरों को विधानसभावार अलग-अलग होगा प्रभाव



ढह सकते दलों के पुराने सियासी किले बन सकते हैं नए

| विधानसभा क्षेत्र | एसआईआर के पहले | एसआईआर के बाद | घटे वोटर |
|---|---|---|---|
| रुदौली | 3,59,610 | 3,19,308 | 40,302 |
| मिल्कीपुर | 3,72,916 | 3,42,689 | 30,227 |
| बीकापुर | 3,91,529 | 3,40,848 | 50,681 |
| अयोध्या | 3,86,205 | 3,05,769 | 80,436 |
| गोसाईगंज | 3,97,540 | 3,42,041 | 55,499 |
| कुल योग | 19,07,800 | 16,50,655 | 2,57,145 |

**अमृत विचार:** एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान) के बाद जिले में वोटरों के आंकड़े ही नहीं बदले इनके साथ सियासी परिदृश्य भी बहुत बदल गया। भविष्य में इसका प्रभाव अयोध्या में सबसे ज्यादा महसूस होगा। जिले की दूसरी विधानसभाओं की सियासत भी प्रभावित होगी।

जिले में एसआईआर के बाद सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में 2,57,145 मतदाता पहले से घट गए। अब इसका प्रभाव आंकने की कोशिश की जा रही है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में इसका प्रभाव भी अलग-अलग होने की संभावना है। अयोध्या में सबसे ज्यादा वोटर लगभग 80 हजार पहले से कम हो गए। एसआईआर में मृतक मतदाताओं की संख्या का औसत सभी विधानसभा क्षेत्रों में घटे मतदाताओं का लगभग 10 फीसदी है। इनको घटा दिया जाए तो अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में लगभग 72 हजार वोटर घटे। यह वोटर गए कहां? बड़ा सवाल है। लोगों से दी गई जानकारी को माने तो इनमें ज्यादातर की संख्या ऐसी है जिन्होंने शहर के बजाए अपने मूल निवास गांवों में एसआईआर कराया। अब वह गांव के मतदाता बन गए हैं। इनकी संख्या का आंकलन कम से कम लगभग 80 फीसदी तक माना जा रहा है। मतलब लगभग 56 हजार मतदाता गांव पहुंच गए। इन मतदाताओं में ज्यादातर बड़ी जातियों या संपन्न लोग हैं। जिनकी पैतृक विरासत गांव में है। मतलब शहर के अगड़ी और संपन्न जातियों के मतदाताओं के पूरे जिले में बिखरने की उम्मीद है। जबकि शहर में इनकी संख्या घट गई। शहर में इनका घटना इस समय सत्ता दल के लिए नुकसान देह साबित हो सकता है।

वहीं शहर से पलायन करने वाले मतदाता यदि चारों विधानसभाओं में औसतन गए हों तो यह संख्या 14 हजार वोटर प्रति विधानसभा होगी। यह वोटर अन्य चारों विधानसभाओं के चुनावी आंकड़े को खासा प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। या यूं कहा जाए कि चुनाव परिणाम बदल सकते हैं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। बशर्ते शहर में रहने वाले यह वोटर देहात के अपने गांव में चुनाव में वोट डालने पहुंचे। खास बात यह है कि अगणी जातियों के इन मतदाताओं को भाजपा अपने पक्ष में बनाए रख पाती है तो चुनाव में अन्य चार विधानसभाओं में उसको सीधा लाभ मिल सकता सकता है। यदि ऐसा हुआ तो विपक्षी सपा, कांग्रेस और बसपा को अपने गढ़ों ग्रामीण क्षेत्र में नुकसान से साथ ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जबकि शहर में वर्तमान परिदृश्य में सत्तादल को नुकसान होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

रुदौली, बीकापुर, मिल्कीपुर और गोसाईगंज के शहर में नौकरी करने वाले मध्यम वर्ग के साथ कुछ अन्य वोटर शहरों में है। इनमें कुछ अयोध्या में हैं तो बड़ी संख्या में गैर प्रदेशों में नौकरी कर रहे हैं। अयोध्या में एसआईआर कराने वाले यहां प्रभाव डालेंगे लेकिन एकमुश्त अयोध्या से पलायन करने वालों जैसा नहीं। सियासी आंकड़ों पर असर डालेंगे। मैपिंग न होने से बाहर होने वाले वोटरों से सभी का नुकसान होगा। हालांकि यह एसआईआर के बाद अब वोटर लिस्ट में आ सकते हैं। कुल मिलाकर एसआईआर के बाद जो परिदृश्य उभर रहा है उससे तो लगता है कि दलों के शहर और देहात के पुराने किले ढह सकते हैं और नए किले बन सकते हैं।

## नैक मूल्यांकन, किसी कॉलम को न छोड़ें अधूरा : कुलसचिव

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में नैक मूल्यांकन की तैयारी बैठक गुरुवार को कुलसचिव विनय कुमार सिंह एवं वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल की अध्यक्षता में हुई। इसमें एट्रीब्यूट दो, छह, सात व नौ के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रमुख रूप से परखा गया। कुलसचिव ने कहा कि किसी कॉलम को अधूरा न छोड़ा जाए। सभी सर्कुलर पॉलिसी प्रपत्रों को हिंदी/ इंग्लिश (बाइलिंगुअल) में करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में आईपीआर शोध गतिविधियों जैसे प्रमुख बिंदुओं को जांचा गया। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. शैलेंद्र कुमार, डॉ. सिंधु सिंह के साथ अन्य एट्रीब्यूट टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय लोक अदालत का अयोजन नौ को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नौ को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ जिला जज /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबह 10 बजे से 24 कक्षीय भवन के मीटिंग हाल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके करेंगे।

### निजी चिकित्सालय संभावित टीबी मरीजों की करें जांच

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में संचालित 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से जिला क्षय रोग विभाग द्वारा सभी निजी चिकित्सकों, अस्पतालों, क्लीनिकों एवं अन्य प्राइवेट फैसिलिटी प्रोवाइडर्स से विशेष अपील की गई है कि वे अपने यहां आने वाले संभावित टीबी लक्षणयुक्त मरीजों की समय से जांच कराना सुनिश्चित करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सहभागिता टीबी उन्मूलन अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला जवाब

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिल्कीपुर ब्लॉक की ग्राम सभा मवई खुर्द में डेढ़ साल बाद भी जनसूचना का जवाब नहीं मिला। मवई खुर्द पूरे रामनाथ शुक्ल के रहने वाले अनूप ने बताया कि नवंबर 2024 में ग्राम पंचायत मवई खुर्द में 14वें और 15वें वित्त से मिले धन और उससे कराए गए विकास कार्यों, खर्च का विवरण मांगा था। जो अब तक नहीं मिला। इसी गांव के अधीर ने पांच बिंदुओं पर ब्लॉक से जन सूचना मांगी। यह भी तीन महीने से लंबित है।

### आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई, संस्थानों का किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने गुरुवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उनके समक्ष पारिवारिक विवाद, मारपीट एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित कुल नौ शिकायतें आई। सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। जनसुनवाई के बाद सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र मसौधा का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था एवं संचालित गतिविधियों की जानकारी की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम अयोध्या, वन स्टॉप सेंटर अयोध्या एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। संबंधित व्यवस्थाओं, सुरक्षा, साफ-सफाई एवं महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसयूवी-ई रिक्शा चालक में विवाद, ईंट-पत्थरों से हमला

**अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर जय पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम एक एसयूवी व ई रिक्शा में मामूली टक्कर हो गई। दोनों चालकों में विवाद हुआ तो ई-रिक्शा चालक के पक्ष में आसपास काम कर रहे 10-15 मजदूरों ने एसयूवी व चालक पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित राजेश यादव ने बताया कि वह एक शादी समारोह में जा रहे थे, इस दौरान अचानक सामने एक ई-रिक्शा आ गया। उसने मेरी एसयूवी में टक्कर मार दी थी। वह उससे बात कर ही रहे थे कि अचानक मजदूरों ने उनपर हमला कर दिया। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि अज्ञात मजदूरों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# दोस्त का जन्मदिन मनाने आए तीन युवक सरयू में डूबे

**कोतवाली अयोध्या अंतर्गत कच्चे घाट की घटना, बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मंगल बाजार के हैं सभी निवासी**

अयोध्या कार्यालय।

- जल पुलिस, एसडीआरएएफ व स्थानीय गोताखोरों की टीम कर रही रेसक्यू, देर शाम तक नहीं चला पता



डूबने से बचे किशन व लकी।



सरयू नदी में रेसक्यू करती जल पुलिस, एसडीआरएएफ व गोताखोरों की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या के लक्ष्मण घाट चौकी अंतर्गत सरयू नदी में गुरुवार सुबह करीब छह बजे स्नान कर रहे तीन युवक गहरे पानी में जाने से लापता हो गए। सूचना पर जल पुलिस, एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की टीम ने रेसक्यू शुरू किया, देर शाम समाचार लिखे जाने तक उनका पता नहीं चल सका। बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मंगल बाजार निवासी पांच दोस्त गुरुवार को एक दोस्त का जन्मदिन मनाने अयोध्या आए थे।

बस्ती शहर के मंगल बाजार निवासी किशन सोनी (20) का गुरुवार को जन्मदिन था। उसने अपने दोस्त अमित गुप्ता (19), राज गुप्ता (20), अभिषेक सोनी (20) व लकी (19) को अयोध्या चलने के लिए तैयार किया था। सभी गुरुवार भोर में ही किशन की कार से अयोध्या के लिए निकले, करीब छह बजे सरयू घाट पहुंचे। स्नान के लिए बने घाट की जगह सभी नदी की बीच धारा में सुनसान पड़े स्थान पर गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सबसे पहले अभिषेक, राज व अमित पानी में उतरे, किशन व राज बाहर ही थे। तीनों थोड़ा आगे बढ़े ही थे अचानक गहरे पानी में चले गए व डूबने लगे। यह देख किशन व राज की पुकार सुन जल पुलिस के जवान व नावों में सवार नाविक व गोताखोर मौके पर पहुंचे। जल पुलिस के तीन जवानों के साथ करीब 10 गोताखोरों ने नदी में छलांग लगा दी लेकिन तब तक तीनों नजर से ओझल हो गए। सूचना पर एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह मौके पर पहुंचे। जल पुलिस व एसडीआरएफ की मदद से रेसक्यू शुरू कराया। करीब छह बोट के साथ दर्जनों जवान व करीब 20 गोताखोरों की टीम सरयू में रेसक्यू कर रही है लेकिन शाम छह बजे तक तीनों का पता नहीं चला। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप ने बताया कि करीब तीन किमी. तक तलाश की गई है। नदी में पानी कम है लेकिन नीचे प्रेशर ज्यादा है, संभावना है कि यह सभी बालू में फंस गए हैं या बहकर आगे निकल गए हैं।

### प्रतिबंधित एरिया में गए नहाने

वर्तमान में सरयू नदी में जलस्तर काफी कम है। कच्चे व पक्के घाट पर एक जलधारा है, यहीं पर स्नान की अनुमति है। इसके लिए यहां पर बैरिकेडिंग भी की गई है। इन स्नान घाटों के अतिरिक्त अन्य जगहों पर स्नान करने पर प्रतिबंध भी है। पांचों युवक राम की पैड़ी के पीछे के गेट से होते हुए घाट पर पहुंचे। यहां से करीब 300 मीटर दूर नदी की धारा है, जो सुनसान भी है। जानकारी के अनुसार यह क्षेत्र गोंडा जिले की सीमा में आता है। स्थानीय पंडों का कहना है कि यहां स्नान करने कोई नहीं जाता क्योंकि यही नदी की मुख्य धारा है, यहां प्रेशर बहुत रहता है। तीनों पर काल सवार था जो यहां स्नान के लिए गए।

> तीन युवक नदी में गहरे पानी में जाने से डूब गए हैं। इनकी तलाश के लिए जल पुलिस, एसडीआरएएफ व स्थानीय गोताखोरों व नाविकों की टीम लगाई है। छह बोटों से तलाश की जा रही है, जगह-जगह जाल भी डाला जा रहा है। अभी तक किसी का पता नहीं चला है। तलाश जारी है। **-चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी।**



घाट पर मौजूद एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी व पुलिस बल।

### अमरोहा के भी दो युवकों को जल पुलिस ने बचाया

अमरोहा जिले के दो लड़के गुरुवार सुबह सरयू में डूबने लगे, दोनों को जल पुलिस ने बचा लिया। जल पुलिस के आरक्षी नित्यानंद यादव ने बताया कि घटना सुबह करीब छह बजे हुई। इनमें अमरोहा के गांव दिदौली के रहने वाले अरुण और उसके दोस्त को बचा लिया गया।

# 10 से बदले जाएंगे 1.35 लाख प्रीपेड उपभोक्ताओं के मीटर

अयोध्या कार्यालय।



- ऑनलाइन सूचना देगा पॉवर कॉर्पोरेशन, जून से हर माह की 10 तारीख को बनेंगे बिल

**अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक करीब 1.35 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। शासन के निर्देश पर प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं को अब पोस्टपेड प्रणाली में वापस जोड़ा जाएगा। यह प्रक्रिया 10 से 15 मई के बीच पूरी की जाएगी, जिसकी सूचना उपभोक्ताओं को ऑनलाइन मैसेज के जरिए दी जाएगी।

अब जून माह से सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल हर महीने एक से 10 तारीख के बीच तैयार कर दिए जाएंगे। बिल जारी होने के बाद उपभोक्ताओं को 15 दिन के भीतर भुगतान करना होगा। समय पर भुगतान करने पर सात दिन तक की छूट (ग्रेस पीरियड) भी दी जाएगी। खास बात ये है कि एलएमवी 1 श्रेणी के उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है। बकाया राशि और सिक्योरिटी मनी को मिलाकर 10 मासिक किस्तों में जमा करने की सुविधा दी जाएगी।

उपभोक्ता वर्तमान बिल के साथ किस्तों का भुगतान कर सकेंगे, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा। सिर्फ शहर में अकेले 56 हजार से अधिक उपभोक्ता प्रीपेड मीटर से परेशान थे। बार-बार रिचार्ज की समस्या, अचानक बिजली कटने और तकनीकी दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं में असंतोष फैल रहा था। इसे लेकर हैदरगंज और बीकापुर क्षेत्र में प्रदर्शन भी हुए थे। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि सभी अधिशासी अभियंताओं और एसडीओ को पत्र जारी कर दिए गए हैं। उपभोक्ता अपने निकटवर्ती विद्युत उप केन्द्र के अवर अभियंता से भी संपर्क कर सकते हैं।

# कागज की नाव नदी में डालते समय मासूम डूबा, शव बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या स्थित चौधरी चरण सिंह घाट पर एक मासूम की नदी में डूबने से मौत हो गई। वह बुधवार शाम कागज की नाव नदी में डाल रहा था। गुरुवार सुबह उसका शव नदी से बरामद हुआ। लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया इलाके में रहने वाले भगौती प्रसाद अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे हैं। उसी के पास पड़ी खाली जगह में तंबू लगाकर रहते हैं। उनके साथ उनकी पत्नी और चार साल का बेटा अनुराग भी रहता था। भगौती प्रसाद ने बताया कि अनुराग बुधवार शाम सात बजे वह लापता हो गया। काफी ढूंढने पर भी पता नहीं चला। कुछ लोगों ने अनुराग के घटनास्थल के ओर जाने की जानकारी दी व बताया कि वह कागज की नाव नदी में डाल रहा था। सूचना पर जल पुलिस ने अनुराग की रात 10 बजे तक तलाश की पर उसे सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह उसका शव नदी से बरामद हुआ। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजवारीनों को सौंप दिया गया।

### कालाबाजारी में राशन विक्रेता का कोटा निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर पंचायत गोसाईगज के उचित दर विक्रेता वीरेंद्र कुमार के विरुद्ध गंभीर अनियमितताओं को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए उसका दुकान अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त शिकायत पर आपूर्ति निरीक्षक सदर द्वारा 28 अप्रैल को दुकान का निरीक्षण किया गया, जिसमें बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने इसे अनुबंध पत्र के प्रावधानों का उल्लंघन करार दिया। विक्रेता को 15 दिनों में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निलंबित दुकान के सभी कार्डधारकों को अंकारीपुर स्थित बैकुंठनाथ की दुकान से जोड़ दिया गया है।

# खुली आंखों से सीएमओ ने देखा सच, जताई नाराजगी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार IMPACT**

**मेडिकल कॉलेज में कबाड़ हो रहे वेंटीलेटरों की तस्वीर भी आई सामने**

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में बंद पड़े वेंटीलेटर का स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है। 'अमृत विचार' में गुरुवार सात गई को 'एमआईसीयू में 17, ट्रॉमा में 9 और पीआईसीयू में तीन वेंटीलेटर ठप' शीर्षक से खबर प्रकाशित होते ही सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। प्राचार्य नहीं मिले तो खुद ही एमआईसीयू का निरीक्षण किया। इस दौरान मैट्रन पुष्पा पांडेय को लापरवाही बरतने के लिए फटकार लगाई। मामले में स्टोर इंचार्ज से रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं सीएमओ के मेडिकल कॉलेज से निकलते ही कंडम हो रहे पीएम केयर फंड्स से मिले वेंटीलेटरों की तस्वीर सोशल मीडिया पर आ गई।



मेडिकल कॉलेज में कबाड़ हो रहे वेंटीलेटर की तस्वीर सोशल मीडिया पर आई।

सूत्रों की मानें तो मेडिकल कॉलेज के मेल आईसीयू में 17 वेंटिलेटर खराब हैं। ट्रॉमा सेंटर में नौ और पीआईसीयू में तीन वेंटिलेटर बंद पड़े हैं। वहीं कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री केयर फंड से अयोध्या मेडिकल कॉलेज को 50 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले वेंटिलेटर दिए गए थे। उनमें अब कई कबाड़ होते बताए जा रहे हैं। सिर्फ सेफ हाउस में पांच वेंटिलेटर ही क्रियाशील हैं, क्योंकि यह अक्सर वीआईपी के लिए रिजर्व रहता है। बताया गया है कि कुल 48 के करीब वेंटीलेटर ट्रामा, एमआईसीयू, पोस्ट ऑपरेटिव, सेफ हाउस, एनआईसीयू व पीआईसीयू में लगे हैं, लेकिन इनमें से 20 बंद पड़े हैं। इस संदर्भ में अमृत विचार ने खबर का प्रकाशन किया तो मेडिकल कॉलेज प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। पहले कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने दर्शननगर में चौथे तल पर एमएस नोडल डॉ. अरविंद कुमार के साथ बैठक की। डॉ. मर्तोलिया के जाते ही सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया पहुंच गए। उनके साथ एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया से मेडिकल कॉलेज पहुंचने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आप लोग सब जानते हैं। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

### प्राचार्य भी पहुंच गए सीसीएल बंद जांच शुरूकराने के निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में शुगर, किडनी, हार्ट समेत 20 से अधिक जांचों के ठप होने की खबर का प्राचार्य डॉ.डीएस मर्तोलिया ने संज्ञान लिया है। वह गुरुवार को सीसीएल पहुंच गए। बंद पड़ी मशीनों का जायजा लिया। चिकित्सकों को निर्देशित किया। 'अमृत विचार' ने छह मई को मेडिकल कॉलेज में तीन माह से बंद पड़ी जांचों का मामला उजागर किया था। जांचों के बंद होने की तिथियां भी बता दी थीं। हालांकि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने किसी भी तरह की जांच ठप होने की बात से इन्कार किया था। सूत्रों की मानें तो गुरुवार को प्राचार्य दर्शननगर में बैठक करने के बाद सीधा सेंट्रल लैब पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने बंद जांचों के विषय में जानकारी ली। जल्द से जल्द जांचों को शुरू करने निर्देश दिये। इस दौरान एमएस नोडल डॉ. अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

**राम मंदिर** | ट्रस्ट के निर्देश व सुरक्षा अधिकारियों की सहमति के बाद गुरुवार से शुरू हुआ दर्शन

# परकोटे में बने सभी मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अब राम मंदिर में रामलला के साथ परकोटे में बने सभी छह उप मंदिरों में आम श्रद्धालु दर्शन पूजन कर सकेंगे। साथ ही वह परकोटा कॉरिडोर में स्थापित रामायण के प्रसंगों के साथ सम्पूर्ण भारत के इतिहास से भी रू-ब-रू हो सकेंगे। इससे पूर्व परकोटे के मंदिरों में पासधारक ही दर्शन कर पा रहे थे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निर्देश व परिसर के सुरक्षा अधिकारियों के सहमति के बाद गुरुवार को आम श्रद्धालुओं के लिए परकोटा कॉरिडोर को खोल दिया गया। श्रद्धालु राम मंदिर के दक्षिण दिशा से निकल कर सीधे परकोटा में प्रवेश कर रहे है। जहां भगवान गणेश, हनुमान जी, भगवान सूर्य, माता जगदंबा, मां अन्नपूर्णा देवी और भगवान भोलेनाथ के भी दर्शन प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि इस व्यवस्था में भीड़ बढ़ने पर रोक भी लगाई जा सकती है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मुख्य मंदिर के साथ परकोटा, सप्त ऋषि मंदिर और कुबेर टीला का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब आम श्रद्धालु भी बिना पास के परकोटे के सभी मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे।



परकोटा के साथ दिख रही राम मंदिर की भव्य तस्वीर।

### श्रीराम जन्म से राज्याभिषेक तक के दृश्य में 87 म्यूरल्स पत्थरों में गढ़े गए : चंपत

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्म काल से लेकर राज्याभिषेक तक के दृश्य लगभग 87 म्यूरल्स पत्थरों में बनाए गए हैं। यह सभी म्यूरल्स छह फिट लंबे और पांच फिट ऊंचे और ढाई फिट मोटे हैं। इसके साथ ही भारत दर्शन के लिए संपूर्ण भारत के जो भी ऐतिहासिक प्रसंग हैं। उन्हें कांस्य धातु में तैयार कर लगाया गया है। जिनकी संख्या लगभग 80 हैं। म्यूरल्स पर उनके विवरण लिखे गए हैं। बताया कि एक प्रकार से यह मंदिर शैक्षिक मंदिर भी है। जिसमें लगी मूर्तियों को गूगल या अन्य किसी स्थान से कॉपी नहीं किया गया है, यह ओरिजिनल है। देश के मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत के द्वारा इसे डिजाइन किया गया है। जिन्हें इस वर्ष भारत सरकार ने पद्मश्री का पुरस्कार भी दिया है।

### नौ देवियों संग श्री गणेश, महाबली हनुमान के भी होंगे दर्शन



**अयोध्या, अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या के रीडगंज में श्री देवी दुर्गेश्वरी माता मंदिर में अब नौ देवियों के साथ भगवान गणपति और महाबली हनुमान के भी दर्शन होंगे। रीडगंज हमदानी कोठी मोहल्ला में श्री देवी दुर्गेश्वरी माता के मंदिर का स्थानीय लोगों से सुंदरीकरण कराया जा रहा है। प्राचीन कुआं के ऊपर एक सिंह की स्थआपना की गई। कुएं में कूड़ा कचरा डालने से रोक दिया गया। मंदिर में शक्ति रूप माता के नौ देवियों की स्थपना व भगवान गणपति और बजरंगबली महाराज का विग्रह भी स्थापित किया जा रहा है। मंदिर के पदाधिकारियों की बैठक में पूजा अर्चना भोग प्रसाद की व्यवस्थाओं पर भी विचार किया गया। बैठक में संरक्षक वीरेश्वर सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह, रामचंद्र जायसवाल, संतोष सहेता, मनीष जायसवाल आदि थे।

### आंधी से टूटी पेड़ की डाल दबकर महिला की मौत

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के मजरुद्दीनपुर गोला बाजार में बुधवार देर शाम पेड़ की डाल गिरने से उसके नीचे दबकर हेमा यादव (20) पुत्री जियालाल यादव की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, हेमा घर के सामने चबूतरे पर थी। इसी दौरान तेज आंधी के चलते पास के पेड़ की एक भारी डाल टूटकर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। एसडीएम श्रेया, नायब तहसीलदार रामखेलावन, कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह व लेखपाल सर्वेश कुमार मिश्रा ने पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि हेमा यादव की शादी इसी वर्ष 11 मार्च को हुई थी। सूचना मिलने पर ससुराल पक्ष के लोग भी पहुंचे। प्रशासन और पुलिस द्वारा देर रात तक परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए समझाया गया, लेकिन दोनों पक्षों तैयार नहीं हुए। काफी मान मनौव्वल के बाद आधी रात के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका अपने दो भाइयों में अकेली बहन और सबसे बड़ी थी और उसके पिता सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिजनों को देवीय आपदा के अंतर्गत आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

अमृत विचार

अयोध्या, शुक्रवार, 8 मई 2026 | अयोध्या

## न्यूज ब्रीफ

### टाउन एरिया में राशनकार्ड न बनने से गरीब परेशान

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोसाईगंज टाउन एरिया के बनराजा बस्ती और एक मैरिज हॉल के आसपास रहने वाले दर्जनों गरीब परिवार राशन कार्ड न बनने के कारण सरकारी खाद्यान्न योजना से वंचित हैं। क्षेत्र के लोगों ने कहना है कि कई अपात्र लोगों के नाम सूची में शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार शफीना पत्नी इमरान, संगीता पत्नी राजेश, मोना पत्नी सुरेंद्र, नीलम पत्नी राजेश, सीमा पत्नी जितेंद्र सहित कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं बन सका है। श्रीमती पत्नी बिहारी, कार्ड संख्या 117720027030 को दो महीने से राशन न मिलने की भी शिकायत है। सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया कि पात्र लोगों की जांच कर राशन कार्ड बनाए जाएंगे। मानक के विपरीत पाए जाने वाले अपात्र लोगों के नाम सूची से हटाए जाएंगे।नामित सभासद श्रीदेवी ने कहा कि गरीबों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वह हर स्तर पर संघर्ष करेंगी।

### पीड़ित युवक ने मुख्यमंत्री से की गुहार

**रुदौली,अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के ग्राम दलसराय के दलित युवक मनोज गौतम ने कोतवाली के एक आरक्षी पर चोरी के शक में बेरहमी से मारपीट करने, धन उगाही करने व परिवार को धमकाने की मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित मनोज का आरोप है कि मारपीट के बाद पुलिस ने मामले को दबाने के लिए उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। जमानत पर रिहा होने के बाद मनोज ने मीडिया के सामने अपनी आपबीती सुनाते हुए शरीर पर मौजूद चोटों के निशान दिखाए। उसने मुख्यमंत्री से मामले की जांच करवा कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने 1120 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व उनकी टीम ने गुरुवार दोपहर करीब एक बजे आरोपी घनश्याम सिंह निवासी ग्राम महादेवा थाना नगर जनपद बस्ती को बंधा तिराहा बैकुंठ धाम के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

### नशा उन्मूलन की दिलाई शपथ

**अयोध्या, अमृत विचार :** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पंडित हृदय राम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद में प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य ने कहा कि नशा एक ऐसा अभिशाप है। न केवल स्वयं बल्कि पूरे समाज को नशा मुक्त करना होगा। इस अवसर पर अनिल पांडेय,अरविंद वर्मा, रमेश पाठक ,राजकुमार कारूष आदि मौजूद रहे।

### न्यायालय में विचाराधीन जमीन पर नाली निर्माण का आरोप

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत ऐमी आलापुर में इंटरलॉकिंग तोड़कर नाली का निर्माण किए जाने की शिकायत है। गांव के शीतला प्रसाद पांडे ने बताया कि जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। पूर्व में खंड विकास अधिकारी तहसील दिवस में शिकायत की गई थी। बताया कि विपक्षी के प्रभाव में आकर प्रशासन घर के ठीक सामने इंटरलॉकिंग उखाड़ कर नाली का निर्माण करवा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी से गुरुवार को मिलकर समस्या को अवगत कराते हुए रोके जाने की मांग की। बीडीओ अनुराग सिंह का कहना है कि नाली का निर्माण हो रहा है, जानकारी है, जमीनी विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन स्थगन आदेश नहीं है, ऐसी स्थिति में निर्माण कार्य किया जा सकता है।

### शिक्षामित्रों ने मानदेय बढ़ने पर जताई खुशी

**पूराबाजार, अमृत विचार :** मानदेय वृद्धि होने पर शिक्षामित्र खुश हैं। ब्लॉक संसाधन केंद्र मया में खंड शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह को प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ब्लॉक अध्यक्ष मया संतोष तिवारी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर एवं मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की। सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबनम बानो, संरक्षक मुनीश वर्मा, सुमन पाठक सहित शिक्षामित्र से सहायक अध्यापक हुए अनिल पाण्डेय, प्रीतम यादव आदि मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में असुरक्षित महसूस कर रही जनता : ब्रजेश

## रामनगरी पहुंचे उपमुख्यमंत्री ने बंगाल की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनगरी पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता और भय का माहौल बना हुआ है। आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। वहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का एयरपोर्ट पर स्वागत करते विधायक रामचंदर यादव समेत अन्य।

स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर लगभग एक घंटे की देरी से पहुंचे। पौने चार बजे के करीब पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने दावा किया कि संवैधानिक प्रक्रिया के तहत पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनने का माहौल तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अब भय और अराजकता की राजनीति से परेशान हो चुके हैं। उन्होंने पुलवामा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की जमकर सराहना की। कहा कि भारतीय सेना ने आतंकियों और उनके आकाओं को करारा जवाब देकर पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा और तृणमूल कांग्रेस की राजनीति में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

### बंगाल की जनता ने भाजपा की विचार धारा को स्वीकारा : गिरीश चंद्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा की विचारधारा को स्वीकार किया है। जीत इसी का परिणाम है। मंत्री ने टीएमसी सरकार पर अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का आरोप लगाया। कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने टीएमसी की कार्यशैली को नकार दिया। साल 2027 यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की जीत का दावा भी किया। कहा कि भाजपा अपनी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएगी। वह यहां पूर्व सांसद लल्लू सिंह के भतीजी की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने भाजपा नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास की बात कही। कहा कि इसी विश्वास के कारण भाजपा को जनादेश मिला।

- बोले, खेल मंत्री, टीएमसी सरकार पर अराजकता, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का लगाया आरोप

### अंग्रेजों से बदतर था बंगाल का शासन

**अयोध्या, अमृत विचार :** चीनी उद्योग व गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि बंगाल में शासन व्यवस्था अंग्रेजों की शासन व्यवस्था से बदतर था। वहां की जनता मौजूदा शासन से पूरी तरह ऊब चुकी थी। उन्होंने रामलला का दर्शन–पूजन किया। मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में गाय और बैलों की हत्या कर उन्हें बांग्लादेश भेजा जाता था। ममता बनर्जी पर निशाना साधा। कहा कि उन्हें जनता और गौमाता की हाय लगी है। सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या पर भी प्रतिक्रिया दी। कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक हैं। कहा कि अगर ऐसी घटनाओं के बावजूद सरकार नहीं बदलती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। जनगणना को जरूरी बताया। बोले कि अति पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष कार्य और अलग व्यवस्था होनी चाहिए। बिहार में अति पिछड़ों को अलग आरक्षण मिलने का जिक्र किया कहा कि उत्तर प्रदेश में भी इस मुद्दे पर विचार होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पर कहा कि एक साल पहले पाकिस्तान का दिमाग ठीक किया गया था। अगर फिर बदमाशी होगी तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

- गन्ना विकास मंत्री ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

# तलवार से काटा केक, वीडियो वायरल, पुलिस ने गाड़ी की सीज

**इनायतनगर , अयोध्या।**

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर में स्टंटबाजी और नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। दो गाड़ियां बीच हाईवे पर खड़ी कर दी गईं। तलवार से केक काटकर जश्न मनाया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस के मुताबिक घटना अयोध्या- रायबरेली हाईवे की है। कुछ युवक बुधवार रात दो गाड़ियां लेकर हाईवे पर पहुंचे। दोनों गाड़ियों पर सफेद नंबर प्लेट लगी थी, युवकों ने बीच सड़क पर दोनों गाड़ियां आड़ी-तिरछी खड़ी कर दीं, जिससे आवागमन बाधित हो गया।

इसके बाद एक युवक गाड़ी के बोनट पर केक रखकर तलवार से काटने लगा। आसपास खड़े साथी वीडियो बनाते रहे और हूटिंग करते रहे। करीब 10 मिनट तक हाईवे पर यह ड्रामा चलता रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर पियूष पाल ने कहा कि वीडियो के आधार पर गाड़ियों के नंबर ट्रेस किया गया है।इसके बाद एक गाड़ी को सीज और दूसरे का चालान किया गया है। प्रभारी निरीक्षक खंडासा सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि जिस कार पर सवार युवकों ने स्टंटबाजी की थी उस गाड़ी को सीज कर दिया गया है, जबकि जिस कार पर केक काटा गया है। उसका चालान किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वायरल वीडियो के आधार पर पहचान कराई जा रही है।



अयोध्या–रायबरेली हाईवे पर तलवार से केक काटते युवक।

## किशोरी के हत्या आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी की गला घोंटकर जघन्य हत्या कर लाश रेलवे स्टेशन की बाउंड्री के समीप नाले के बगल फेंकने के सनसनीखेज मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी राम प्रवेश सोनी की जमानत अर्जी खारिज हो गयी है। यह आदेश जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को सुनवाई के बाद दिया। वादी पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता शावेज जाफरी व मंसूर इलाही ने आरोपी की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए तर्क दिया कि आरोपी प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामदर्ज है। प्रकरण हत्या जैसे जघन्य अपराध से सम्बन्धित है। ऐसी स्थिति में जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाना न्यायोचित है। अभियोजन पक्ष से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाषचन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि 3 जनवरी 2026 की शाम नाका मकबरा निवासी 16 वर्षीय किशोरी लकड़ी बीनने साइकिल से निकली थी। इसी बीच किशोरी की जघन्य हत्या कर दी गयी। किशोरी की साइकिल शकुन्तला की दुकान के पास खड़ी थी। शकुन्तला ने उसे राम प्रवेश सोनी के साथ देखा था। कचहरी से घर लौटने के बाद पुत्री को न देख उसके पिता ने काफी तलाशा। लाश की सूचना मिलने पर उसने हत्या का केस दर्ज कराया। इसी बीच पुलिस ने फरार आरोपी को जेल भेज दिया। मामले के विवेचक फतेहगंज चौकी इंचार्ज विकास गुप्ता ने विवेचना के पश्चात आरोप पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका को 11 चोटें आयी हैं।



बीकापुर बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### चुनाव में अमित मिश्रा अध्यक्ष व बृजेश चुने गए महामंत्री

**इनायतनगर, अमृत विचार :** मिल्कीपुर अधिवक्ता सभागार में बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन मिल्कीपुर का चुनाव संपन्न हुआ।अध्यक्ष पद के लिए दो व महामंत्री के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव में 78 में से 77 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर अमित कुमार मिश्र ने 45 मत पाकर विजय प्राप्त की जबकि पवन कुमार शुक्ला 30 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। दो मत अवैध पाए गए। महामंत्री पद के लिए बृजेश कुमार मिश्र 48 मत पाकर जीते। कालिका प्रसाद 27 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। दो मत अवैध पाए गए। उपाध्यक्ष पद पर अंसार अहमद 46 मत पाकर विजयी हुए,14 मत पाकर रामसवारे दूसरे व 10 मत पाकर राजितराम तीसरे स्थान पर रहे। चुनाव अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोषाध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार पाण्डेय का चुनाव पहले ही निर्विरोध हो चुका है। कार्यकारिणी के अन्य पदों के लिए किसी ने नामांकन नही किया था। उन पदों के लिए सदस्यों को बाद में मनोनीत किया जाएगा।

### मनोज ने संभाला प्रवर डाक अधीक्षक का पदभार

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ से यहां आए मनोज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को अयोध्या मण्डल के प्रवर डाक अधीक्षक का पदभार संभाल लिया। यहां रहे प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव का लखनऊ सर्किल कार्यालय में सहायक निदेशक के पद पर तबादला हो गया है। नए प्रवर डाक अधीक्षक मनोज इससे पूर्व सहायक निदेशक (व्यवसाय एवं विकास) दिल्ली सर्किल, प्रवर अधीक्षक डाकघर कानपुर व प्रवर अधीक्षक रेल डाक सेवा कानपुर के पद पर रह चुके हैं। पदभार ग्रहण के बाद प्रवर डाक अधीक्षक मनोज ने कहा कि जनता की सेवा करते हुए विभागीय योजनाओं का लक्ष्य पूरा करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिवाद निरीक्षक भीम प्रसाद, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, स्नेहा गुप्ता, अर्चना यादव आदि ने पुष्प गुच्छ भेंटकर प्रवर डाक अधीक्षक का स्वागत किया।



# बजरंग दल के कार्यकर्ता पर हमला, दो गिरफ्तार

**हैदरगंज, अयोध्या।**

**अमृत विचार :** हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जाना बाजार में बुधवार रात हिंदू संगठन से जुड़े ग्राम पंचायत जाना बाजार निवासी संदीप विश्वकर्मा पुत्र स्व. अंबिका प्रसाद को कुछ गैर संप्रदाय के युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने उसे सीएचसी रमवा कलां पहुंचाया। इसकी जानकारी गुरुवार सुबह विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू वाहिनी आदि के नेताओं को हुई तो कार्यकर्ताओं की भीड़ जाना बाजार चौराहे पर एकत्र हो गई। थाना अध्यक्ष प्रभारी संतोष कुमार मय फोर्स समेत जाना बाजार पहुंचे। कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर आक्रोश को शांत कराया। क्षेत्राधिकार बीकापुर संदीप कुमार सिंह की मौजूदगी में हिंदूवादी नेताओं भाजपा मंडल अध्यक्ष हैदरगंज केके तिवारी, जितेंद्र प्रताप सिंह, आलोक कुमार, सूर्यकांत पांडेय व अरुण तिवारी आदि लोगों से वार्ता हुई व आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। बताया कि चुनाव में भाजपा द्वारा बंगाल सहित अन्य प्रदेशों में हुई प्रचंड जीत को लेकर घटना के एक दिन पहले उसकी आरोपियों से बहस हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि नामजद दोनों आरोपियों शोएब, अमीन को रात में ही पकड़ लिया गया था। अन्य की तलाश की जा रही है।

## नीम-हकीमों की भरमार कर रहे जांच, बांट रहे दवा

**सोहावल, अमृत विचार:** सोहावल की चिकित्सा व्यवस्था लुंज-पुंज हो चुकी है। इसका फायदा नीम हकीम और मेडिकल स्टोर उठा रहे हैं। इनकी दुकानों पर दवा बेंचने से लेकर मरीज देखने तक का काम बेखौफ़ किया जाता है। संजयगंज, डयोढ़ी बाजार, बड़ागांव, अरकुना बाजार, सुचित्तागंज , तहसीनपुर,कांटा चौराहा,और मासूमगंज जैसे क्षेत्रों में यह स्थिति है। लोगों का कहना है कि दुकानों पर बिना पर्चे के एंटीबायोटिक,स्टेरॉयड और अन्य प्रतिबंधित दवाएं आसानी से मिल जाती हैं। कमीशन के लिए बड़ी बड़ी जांचे भी लिखी जाती है।कई जगहों पर तो मेडिकल स्टोर ही क्लीनिक बन चुके हैं। यहां नीम हकीम खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों को इंजेक्शन और दवाएं दे रहे हैं। सीएमओ देवेंद्र सिंह भिटोरिया ने बताया बहुत जल्द ही कथित मेडिकल स्टोर और झोलाछाप के विरुद्ध जांच का अभियान चलेगा। किसी कीमत पर आपात्रों को स्वास्थ्य सेवा करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा।

# डीएम ने दिये परिक्रमा मार्ग के निर्माण में तेजी का निर्देश

**अयोध्या कार्यालय।**

- भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में गुरुवार को अयोध्या में चल रही भूमि अधिग्रहण परियोजनाओं की समीक्षा की। लंबित भूमि के अंश निर्धारण को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-227बी (84 कोसी परिक्रमा मार्ग) से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। प्रतिकर वितरण में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया।

कहा कि जिन ग्रामों में भूस्वामियों के अंश निर्धारण लंबित हैं, उनका तत्काल निस्तारण कर आख्या विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए, ताकि भुगतान प्रक्रिया में देरी न हो। डीएम ने सरकारी भूमि के पुनर्ग्रहण से संबंधित पत्रावलियों को शीघ्र भेजने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को दिया। साथ ही एनएच-227बी पैकेज-दो के अंतर्गत आने वाले पेड़ों की कटान की कार्रवाई को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया।

विशेष रूप से चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में शिथिलता न बरती जाए। अंत में उन्होंने अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में एडीएम (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी (नगर), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सभी उपजिलाधिकारी, परियोजना निदेशक एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



शिक्षाविद स्व . ढोढ़ेराम यादव की 40वीं पुण्यतिथि पर नमन करते लोग।

### शिक्षाविद् की पुण्यतिथि पर मेधावियों का सम्मान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** ग्रामीण अंचल में शिक्षा की अलख जगाने वाले प्रख्यात शिक्षाविद ढोढ़ेराम यादव की 40वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को सेवरा गांव स्थित महावीर प्रसाद ग्रामीण इंटर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख कमलेश यादव रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने की। अतिथियों ने स्वर्गीय ढोढ़ेराम यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके शिक्षा और समाज सेवा के योगदान को नमन किया। रामचंद्र यादव ने कहा कि स्वर्गीय ढोढ़ेराम यादव ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाकर हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा दी। समारोह के अंत में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रधान सेवरा रविंद्र यादव, राम सुमिरन यादव, राजाराम यादव, प्रेमचंद तिवारी, वेद आदि मौजूद रहे।

### बच्चों से सफाई कराने का आरोप

**शुजागंज,अयोध्या। अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय शुजागंज में शिक्षकों के समय से न पहुंचने के साथ–साथ छात्र–छात्राओं से सफाई कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि विद्यालय के कई शिक्षक प्रतिदिन घंटों देरी से पहुंचते हैं।इस विद्यालय में छात्राओं से झाड़ू लगवाई जा रही है। यदि बच्चे पढ़ाई छोड़कर सफाई कार्य करेंगे तो उनका भविष्य कैसे बनेगा। खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम ने कहा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



कंपोजिट विद्यालय शुजागंज में कक्षा में झाड़ू लगाती एक छात्रा।

# दुबई में हुई युवक की मौत एक माह बाद घर पहुंचा शव

**मिल्कीपुर/ इनायतनगर , अयोध्या।**

**अमृत विचार:** खंडासा थाना क्षेत्र के चंदौरा पूरे मेहंदी के रहने वाले गंगादीन लोधी पुत्र सोहन लाल लोधी की दुबई में संदिग्ध परिस्थितियों में छह अप्रैल को मौत हो गई थी। अमेठी के रहने वाले उसके दोस्त आदित्य ने ही घटना की सूचना परिवार को दी। शव, भारत लाने की प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि परिजन निराश हो गए थे। जानकारी पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने पीड़ित परिवार घर पहुंच ढांढस बंधाया। मदद का भरोसा दिया। पूर्व विधायक रुदौली रुश्दी मियां ने शव भारत लाने का जिम्मा उठाया।



गंगादीन लोधी (फाइल फोटो)

महीने भर बाद आखिरकार गंगादीन का पार्थिव शरीर भारत लाया जा सका। रुश्दी मियां लखनऊ एयरपोर्ट गए। शव को रिसीव कर सकुशल परिजनों तक पहुंचवाया। परिजनों ने नम आंखों से अपने बेटे का अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में सांसद अवधेश प्रसाद, उनके पुत्र अजीत प्रसाद, भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, हैरिंग्टनगंज ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन यादव, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के पुत्र आलोक चंद यादव आदि मौजूद रहे।

### दो माह से अधूरा नाले का काम

**सोहावल, अमृत विचार :** सुचितागंज रेलवे फाटक से वाया सोहावल रेलवे स्टेशन सीएचसी सोहावल के बीच सड़क निर्माण के दौरान नाला खोदा गया। लगभग दो माह से वह वैसे ही पड़ा है। स्थानीय लोगों के साथ पूर्व पंचायत सदस्य मो . साबिर, रामदेव, अंसार, रतिपाल कन्नौजिया, मोइद सिद्दीकी आदि ने बताया कि लगभग तीन फुट चौड़े और चार फुट गहरे गड्ढे को खोद कर छोड़ देने के कारण कई लोग दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल हो चुके है। अधिकारियों से शिकायत पर ठेकेदार से अनियमितता के कारण काम रोकने की बात बताई गई। शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।



सोहावल रेलवे स्टेशन–सीएचसी सोहावल के बीच सड़क निर्माण के दौरान खोदा गया नाला।

**जनगणना–2027** | जागरुकता के लिए मुख्यालय सहित कई स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

# स्वगणना के पहले दिन नेता और अफसरों ने भरे अपने डाटा

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** जनगणना-2027 के तहत स्वगणना के पहले दिन गुरुवार को नेताओं और अफसरों ने मोबाइल से अपने डाटा भरकर लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया। मुख्यालय सहित कई स्थानों पर जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडलायुक्त ने मंडल वासियों से अपील की कि अपने स्मार्टफोन के माध्यम से स्व-गणना अधिक से अधिक करें। जिससे जनगणना कार्य सुचारू रूप से समय पर समाप्त हो सके।

जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकान की गणना की जाएगा। अभियान के पहले दिन ऑनलाइन स्व-गणना की गई। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने स्वगणना के बाद बताया कि स्वगणना 21 मई तक की जा सकती है। जनगणना पोर्टल में लॉगिन कर बताए गए निर्देशों का पालन करते हुए 35 प्रश्नावली का सही उत्तर देकर स्व-गणना कार्य पूर्ण कर सकते हैं।





मोबाइल पर स्वगणना करके दिखाते मंडलायुक्त राजेश कुमार।

जिला मुख्यालय के सभागार में जिले के अफसरों और कर्मचारियों ने स्व-गणना की। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिला जज व सीडीओ कृष्ण कुमार, एडीएम (वि./रा.), अमित कुमार भट्ट, सीआरओ गजेन्द्र कुमार सहित अन्य एडीएम और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सहित पदाधिकारियों, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, नगर निगम के लगभग 200 कर्मचारियों से स्व-गणना की गई। इसी तरह तहसीलों और ब्लॉकों, निकायों में लगभग 250 कर्मचारियों ने अपने कार्य क्षेत्र में स्व-गणना का कार्य किया। अध्यापकों को बीएसए और डीआईओएस ने स्वगणना का निर्देश जारी किया है।

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक एसडीएम संतोष कुमार ने बार एसोसिएशन रुदौली के अधिवक्ताओं के साथ तहसील सभागार में शुभारंभ करते हुए कहा कि सदस्य अधिक से अधिक संख्या में स्वगणना बनाएं। अपने आसपास के लोगों को स्व गणना किए जाने के लिए प्रेरित करें। बार अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन, अधिवक्ता अब्दुल हई खान,कमरुद्दीन अहमद,राम भोला तिवारी ने स्वगणना की। सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में एसडीएम सोहावल सविता देवी ने तहसील के कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को स्वगणना के लिए जागरूक किया। कहा घर बैठे मोबाइल पर अपने परिवार की जनगणना करके जनगणना कार्यक्रम का हिस्सा बनें। बैठक में तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह,नायब तहसीलदार रेशु जैन, मनमोहन तिवारी,अनुज कुमार,गिरीश कुमार सहित तमाम लोगों ने मोबाइल के माध्यम से स्वागणना की।

# महापौर और पार्षदों ने स्वगणना कर ली सेल्फी



तिलक हॉल में मौजूद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व पार्षद।

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनगणना–2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 7 से 20 मई तक संचालित होने वाले स्वगणना अभियान का शुभारंभ गुरुवार को तिलक हाल में जनगणना निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार द्वारा पार्षद, नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में स्वगणना अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत महापौर व पार्षदों द्वारा स्वयं स्वगणना कर सेल्फी लेकर नागरिकों को जागरूक एवं प्रेरित किया गया। नगर आयुक्त ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया गया कि वे अपने–अपने वार्डों में अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना हेतु प्रेरित करें।

# उच्च शिक्षा के छात्रों के लिए लागू होगा 'स्टूडेंट ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी सिस्टम'

अयोध्या कार्यालय

● हर जिले में खुलेगा ऑफिस एक नोडल, दो कर्मचारी रखेंगे रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** अयोध्या मंडल के पांचों जिलों अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर व अमेठी में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई व कौशल पर नजर रखने के लिए ''स्टूडेंट ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी सिस्टम'' लागू किया जाएगा। इसके तहत हर जिले में एक ऑफिस खुलेगा, जिसमें एक नोडल अधिकारी व दो कर्मचारी तैनात होंगे।

उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर शुरू हो रही इस व्यवस्था का मकसद स्नातक व परास्नातक छात्रों का पूरा डेटाबेस तैयार करना है। सिस्टम में दर्ज होगा कि कौन सा विद्यार्थी किस कॉलेज, किस कोर्स, किस सेमेस्टर में है और किस क्षेत्र या विधा में दक्ष है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया अक्सर प्लेसमेंट या सरकारी योजनाओं के लिए छात्रों का डेटा नहीं मिल पाता। अब हर छात्र की एक यूनिक आईडी बनेगी। उसकी उपस्थिति, रिजल्ट, इंटर्नशिप, रिसर्च व स्किल का रिकॉर्ड रियल टाइम अपडेट होगा। अयोध्या मंडल में करीब साढ़े तीन लाख छात्र उच्च शिक्षा में पंजीकृत हैं। 15 मई से पायलट प्रोजेक्ट अयोध्या जिले से शुरू होगा। जुलाई तक पांचों जिलों में सिस्टम लागू करने का लक्ष्य है।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

- सभी विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेज पोर्टल पर छात्र का डेटा अपलोड करेंगे।
- जिला स्तरीय ऑफिस डेटा सत्यापित कर दक्षता मैपिंग करेगा।
- विज्ञान, कला, वाणिज्य, तकनीकी, खेल, संगीत जैसी विधाओं में होनहार छात्रों की बनेगी अलग सूची।
- रोजगार मेले, छात्रवृत्ति व स्टार्टअप फंडिंग के लिए इसी डेटा से छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
- छात्रों को फायदा – कॉलेज छोड़ने के बाद भी ट्रैकिंग जारी रहेगी।
- इससे ड्रॉपआउट रोकने, कॅरिअर काउंसलिंग व प्लेसमेंट में मदद मिलेगी।
- नोडल अधिकारी हर तिमाही डाटा एनालिसिस रिपोर्ट शासन को भेजेंगे।

## अवध विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद का गठन

**अयोध्या, अमृत विचार:** अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में गुरुवार को क्रीड़ा परिषद का गठन किया गया। विश्वविद्यालय कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के क्रीड़ा परिषद में कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह को उपाध्यक्ष, प्रो. आशीष प्रताप सिंह को सचिव व डॉ. अनुराग पाण्डेय को उपसचिव मनोनीत किया गया है। क्रीड़ा परिषद के पदेन कोषाध्यक्ष वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल व पदेन सदस्य कुलसचिव विनय कुमार सिंह होंगे। इसके अलावा राजा मोहन मनूचा गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मंजूषा मिश्रा, बीएचयू के पूर्व संकायाध्यक्ष आइएएस प्रो. एपीसिंह, अवध विवि के प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. महिमा चौरसिया व डॉ. मनीष सिंह, साकेत पीजी कॉलेज के प्रो. अमूल्य कुमार सिंह व डॉ. उमापति, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज अमेठी के डॉ. सतीश चन्द्र श्रीवास्तव, रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज आंबेडक नगर के कृष्ण कुमार वर्मा, आरआर पीजी कॉलेज अमेठी के डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह, नंदिनी नगर पीजी कॉलेज नवाबगंज गोंडा के मो. अयूब सिद्दीकी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बलवान सिंह और राष्ट्रीय खिलाड़ी शिव करन सिंह को क्रीड़ा परिषद का सदस्य बनाया गया है।



## बूथों पर बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** भाजपा के बूथ सत्यापन अभियान के तहत महानगर के 85 शक्ति केंद्रों पर पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने बूथ अध्यक्षों के साथ गुरुवार को बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बूथ समितियों का भौतिक सत्यापन किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने रसूलाबाद शक्ति केंद्र पर बैठक कर बूथ समिति का सत्यापन किया। वहीं तिलकराम मौर्य ने अलावलपुर और शैलेन्द्र कोरी ने झलकारी बाई शक्ति केंद्र पर बैठक कर समितियों की सक्रियता और संगठनात्मक संरचना की जानकारी ली। महानगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि बूथ समिति सत्यापन का कार्य आठ मई तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। अभियान के तहत हरभजन गौड, परमानंद मिश्र, रामप्रीत वर्मा, शिवेन्द्र सिंह, स्वाति सिंह, गरिमा मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने बैठक कर बूथ समितियों का सत्यापन किया।

# डिग्री कॉलेजों में 61 और माध्यमिक बेसिक में 35 दिन की गर्मी की छुट्टियां!

अयोध्या कार्यालय

● पहले होती थीं 45 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश

**अमृत विचार :** इस बार डिग्री कॉलेजों में 1 मई से 30 जून तक 61 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश होगा। वहीं स्कूलों के लिए अवकाश घटाकर केवल 35 दिन कर दिया गया है। पहले यही अवधि लगभग 45 दिन की होती थी। इस असमानता का मुख्य कारण दोनों स्तरों पर शैक्षणिक सत्रों और प्रशासनिक संरचनाओं में अंतर है।

कॉलेजों में आमतौर पर सेमेस्टर सिस्टम होता है, जिसमें परीक्षा और मूल्यांकन के लिए लंबी अवधि की आवश्यकता होती है। स्कूलों में वार्षिक परीक्षा प्रणाली होती है और उनका शैक्षणिक सत्र छोटा होता है। इसके अलावा, कॉलेजों में शिक्षकों को गर्मियों की छुट्टियों के दौरान शोध, पाठ्यक्रम विकास और अन्य प्रशासनिक कार्यों में शामिल होना पड़ता है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व महामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि एक समान अवकाश की व्यवस्था होनी चाहिए दोहरा मापदंड कदापि उचित नहीं है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जन्मेजय त्रिपाठी ने इसका स्वागत किया है। कहा कि यदि किसी के दबाव में आकर बदलाव किया जाएगा तो वह स्वीकार नहीं होगा। बीएसए लालचंद ने बताया कि शासन इस मुद्दे पर विचार कर रहा है और जल्द ही कोई समाधान निकालने का प्रयास होगा। स्कूलों के शैक्षणिक सत्रों को संशोधित करने और छुट्टियों की अवधि में समानता लाने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ चर्चा भी होगी।



हजरत गुलाब शाह के उर्स के मौके पर मौजूद जायरीन। अमृत विचार

## अकीदत से मना सालाना उर्स

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला कारागार के पीछे स्थित दरगाह हजरत गुलाब शाह रहमतुल्लाह अलैह का 53वां सालाना उर्स अकीदत व एहतराम के साथ सकुशल संपन्न हुआ। चार दिवसीय आयोजन में हजारों जायरीनों ने शिरकत कर चादरपोशी की और दुआएं मांगी। तीन मई को सुबह दरगाह पर गुस्ल व चादरपोशी के बाद कुल शरीफ का आयोजन हुआ। शाम को दरगाह परिसर में मिलाद शरीफर पढ़ी गई। चार मई को गागर चादर उठकर दरगाह शरीफ पर पेश की गई। इस मौके पर सूफी साबिर बाबा, माजिद बाबा, कयूम बाबा, वक्फ बारी ताला के सेक्रेटरी आसिफ नवाब, जबीर खान, समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। पांच मई को दरगाह के बाहर कव्वाली का आयोजन व छह को लंगर-भंडारे का आयोजन किया गया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी शौर्य स्वाभिमान यात्रा : राजेश

अयोध्या कार्यालय



पत्रकारों से वार्ता करते अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व अन्य।

**अमृत विचार :** 9 मई को राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। दोपहर तीन बजे शौर्य स्वाभिमान यात्रा जीआईसी मैदान से निकलेगी। जो रिकाबगंज और नियावां होते हुए गुप्तार घाट पहुंचेगी। इसमें सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को एकजुट करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। ये जानकारी गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने दी। वो सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 मई 2022 को गुप्तार घाट पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कर उसका अनावरण किया था। कार्यक्रम में जिले के महापौर, सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख समेत विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित लोगों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। वार्ता में जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश सचिव सूर्यभान सिंह, सनी सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, महामंत्री रविंद्र सिंह, समर बहादुर सिंह, महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में निर्माणाधीन कार्य समय करें पूर्ण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


जिला निपुण टास्क फोर्स की बैठक में मौजूद डीएम ईशा प्रिया।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जिला निपुण टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल द्वारा पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं की प्रगति का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत चहारदीवारी विहीन विद्यालयों में डीसी मनरेगा से समन्वय स्थापित कर कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में रसोईघर व विद्यालय परिसर में जल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं है, वहां संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को 15 मई तक व्यवस्था सुधारते हुए जियोटैग फोटो सहित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय, मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन के दिए निर्देश :

डीएम ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत केजीबीवी, पीएमश्री और अन्य विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड अकबरपुर, बसखारी और कटेहरी के खंड शिक्षा अधिकारियों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित कराने को कहा।

# डीएम ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पीसीएफ द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र वीपैक्स डोमनेपुर कटेहरी का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी ईशा प्रिया।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पीसीएफ द्वारा संचालित गेहूं क्रय केंद्र वीपैक्स डोमनेपुर कटेहरी का औचक निरीक्षण कर केंद्र पर संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किसान विजय सिंह परमार की गेहूं तौल प्रक्रिया चल रही थी।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर क्रय केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं खरीद प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपलब्ध बोरों की संख्या, गेहूं स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। केंद्र पर कुल 1 हजार 50 बोरे उपलब्ध पाए गए तथा गेहूं स्टॉक रजिस्टर का मिलान सही पाया गया। निरीक्षण में केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को सभी अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## वृद्ध आश्रम में किया भंडारे का आयोजन



दहीरपुर स्थित वृद्ध आश्रम में भंडारे में प्रसाद वितरित करते परम फाउंडेशन के संरक्षक धीरेंद्र पांडेय।

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सामाजिक संस्था परम फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर सेवा कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दहीरपुर स्थित वृद्ध आश्रम में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां संस्था के संरक्षक धीरेंद्र पांडेय और अन्य सदस्यों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उनके साथ भोजन साझा किया। परम फाउंडेशन पूरे वर्ष सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। संस्था द्वारा करतोरा स्थित परम पाठशाला के माध्यम से पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा और उससे संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था, नियमित ब्लड डोनेशन शिविर और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी संस्था द्वारा किया जाता है। संस्था पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के साथ-साथ जनपद की जीवनदायिनी तमसा नदी की स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान को भी लगातार गति प्रदान की जा रही है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों की सेवा से लेकर बच्चों के भविष्य को संवारने और प्रकृति संरक्षण तक, परम फाउंडेशन के कार्यकर्ता पूरे वर्ष निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा कार्यों को धरातल पर उतारने में जुटे रहते हैं।

## पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जिला कांग्रेस कमेटी अंबेडकरनगर के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार पाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने स्व. राम कुमार पाल की पत्नी छाया पाल को संवेदना प्रेषित करते हुए कहा कि राम कुमार पाल ने जिलाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस सचिव सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी और आमजन की सेवा की, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश कांग्रेस सदस्य डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि अजय राय हाल ही में मेदांता अस्पताल से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं। राम कुमार पाल के निधन का समाचार सुनकर उन्होंने गहरा दुख व्यक्त किया है और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद जल्द ही अंबेडकरनगर आने की बात कही है। इस अवसर पर डॉ. जियाराम वर्मा, शिवशंकर पांडेय, रमेश मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह कप्तान, पीसीसी सदस्य डॉ. नंदलाल चौधरी तथा राजपति सिंह सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भी स्व. राम कुमार पाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई में अधोमानक, मिथ्याछाप एवं वाह्य तत्वयुक्त खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले खाद्य कारोबारियों पर शिकंजा कसा गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बन्धु के न्यायालय द्वारा 15 मामलों का निस्तारण करते हुए संबंधित विक्रेताओं पर कुल 5 लाख 93 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में नमूने अधोमानक, मिथ्याछाप एवं वाह्य तत्वयुक्त पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत वाद दर्ज किए गए थे। कार्रवाई के तहत आराध्या स्वीट हाउस के संचालक पर अधोमानक छेना रसगुल्ला और राजभोग बेचने के आरोप में 40-40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं जायसवाल मिष्ठान भंडार पर वाह्य पदार्थयुक्त छेना मिठाई बेचने पर 80 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। भारत दूध डेयरी पर अधोमानक पनीर, मौर्या डेयरी पर अधोमानक दही, तथा कई प्रतिष्ठानों पर अधोमानक खोया, केक, बेसन लड्डू और कुट्टू आटा बेचने के आरोप में कार्रवाई की गई।

## उत्कृष्ट इकाइयों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में पिछले तीन वर्षों में स्थापित एवं सफलतापूर्वक संचालित इकाइयों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं के तहत बैंक वित्त पोषित, स्थापित और बेहतर प्रदर्शन करने वाली इकाइयों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। चयन उद्योग के प्रकार, वित्त पोषित धनराशि, वार्षिक उत्पादन, बिक्री तथा रोजगार सृजन जैसे मानकों के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों में से शासन द्वारा गठित चयन समिति प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए पात्र उद्यमियों का चयन करेगी। चयनित सूची को मण्डल स्तरीय चयन के लिए परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी अयोध्या मण्डल को भेजा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय चरित्र विकास भवन साबुन वाली गली अकबरपुर में संपर्क कर सकते हैं।


बेटी की शादी के लिए घरेलू सामान भेंट करते नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य।

## बेटी के विवाह में आगे आया नारायण फाउंडेशन

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा नेता एवं नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाते हुए गरीब परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग का हाथ बढ़ाया। अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवतरिया मुस्तफाबाद पोस्ट मुबारकपुर डैयाडीह निवासी सभाजीत राजभर की पुत्री नीलम राजभर के विवाह में नारायण फाउंडेशन की ओर से गृह उपयोगी वस्तुएं और आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बता दें कि नारायण फाउंडेशन की ओर से बिटिया नीलम राजभर को बेड, सिंगारदान, पंखा, बक्सा, रजाई, तकिया, गद्दा, कुर्सी, मेज, प्रेस, मिक्सर, चादर और बाथरूम सेट उपहार स्वरूप भेंट किए गए। परिवार ने संस्था और विवेक मौर्य का आभार जताया है। नीलम राजभर का विवाह ग्राम रामपुर पोस्ट जयसिंहपुर निवासी अजय राय के साथ तय हुआ है। आर्थिक तंगी से परेशान परिवार ने जब अपनी समस्या विवेक मौर्य को बताई तो उन्होंने भाई धर्म निभाते हुए मदद उपलब्ध कराई। संस्था के संरक्षक विवेक मौर्य ने कहा कि समाज की गरीब बहनों और बेटियों के विवाह में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

## रात के अंधेरे में अवैध रूप से कट रहे हरे पेड़

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन रात के अंधेरे में ट्रालियों से लदी भारी मात्रा में लकडियां नगर के विभिन्न इलाकों में पहुंचाई जा रही हैं। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के वाजिदपुर मोहल्ले का बताया जा रहा है, जहां खुलेआम हरे पेड़ों की कटाई और अवैध कारोबार संचालित होने की चर्चा है।

बता दें कि वाजिदपुर मोहल्ले में मोहम्मद तौफीक के यहां देर रात ट्रालियों से हरे पेड़ों की लकडियां गिराई जाती हैं। कथित ठेकेदार द्वारा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों और बागों से रात में हरे पेड़ों की कटाई कर लकड़ी लाई जाती है।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

● बाग में किशोरी से मिलने गए युवक की पीटकर हुई थी हत्या पांच दिन में घटना का खुलासा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना सम्मनपुर पुलिस ने बीते दो मई को हुई युवक की हत्या का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना सम्मनपुर में मृतक सूरज पुत्र दिलीप निवासी जहानियापुर मछलीगांव की हत्या के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान सीडीआर एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया। पुलिस जांच में पता चला कि मृतक सूरज का सम्मनपुर गांव की एक किशोरी से प्रेम संबंध था। बीते 2 मई की रात करीब 8 बजे वह किशोरी से मिलने गांव के पीछे स्थित बाग में गया था। इसी दौरान गांव निवासी अरबाज पुत्र मोहम्मद असलम जो उसी किशोरी से पहले से प्रेम करता था, वहां डंडा लेकर पहुंच गया। पुलिस के अनुसार अरबाज ने सूरज को पकड़ लिया और अपने साथी शादाब पुत्र स्वर्गीय नूरुल हसन को फोन कर बुलाया। शादाब भी डंडा लेकर मौके पर पहुंचा और दोनों ने मिलकर सूरज की पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि किशोरी को धमकाकर वहां से भगा दिया गया। मारपीट के दौरान सूरज की मौत हो गई। विवेचना में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए बुधवार सुबह पचहत्तर की बगिया क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### सीओ बोले

सीओ सदर नीतीश कुमार तिवारी ने बताया कि बीते 2 मई को युवक का बाग में शव मिला था। मामले की जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि युवक का एक किशोरी से प्रेम संबंध था। वह रात में उससे मिलने गया था। इसी दौरान किशोरी से एकतरफा प्यार करने वाला अरबाज भी अपने साथी के साथ पहुंचा और किशोरी को वहां से भगाकर सूरज पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

बैठक | जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# स्वगणना अभियान शुरू, 21 तक ऑनलाइन भर सकेंगे विवरण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के सफल संचालन के दृष्टिगत जनपद में स्वगणना अभियान को व्यापक रूप से संचालित किए जाने के लिए जिलाधिकारी प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला समन्वय समिति तथा विभागवार नामित प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इससे पूर्व आमजन की सुविधा के लिए 07 से 21 मई 2026 तक 15 दिवसीय स्वगणना अवधि निर्धारित की गई है, जिसमें नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक जनगणना स्वगणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी स्वगणना प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अपने परिवार, पड़ोस एवं परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सही एवं समयबद्ध जनगणना से ही शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना संभव हो सकेगा। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभिन्न वर्गों तक अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागवार निर्धारित रणनीति के अनुसार व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग स्वगणना प्रक्रिया में सहभागिता करें। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वगणना से संबंधित विस्तृत जानकारी जनपद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही सभी कार्यालयों में स्वगणना हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### तीन चरणों में पूरी होगी जनगणना प्रक्रिया

बैठक में जनगणना निदेशालय से नामित नोडल अधिकारी ने स्वगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में नागरिकों को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा, जिसमें परिवार के मुखिया का नामए मोबाइल नंबर एवं ई .मेल आईडी दर्ज की जाएगी। द्वितीय चरण में ओटीपी सत्यापन के बाद जिले, गांव, नगर और स्थानीय क्षेत्र का विवरण भरते हुए मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करना होगा। तृतीय चरण में नागरिकों को मकान सूचीकरण एवं परिवार संबंधी प्रश्नावली भरनी होगी। अंतिम प्रस्तुतिकरण के बाद किसी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा। प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा होने पर नागरिकों को 11 अंकों की स्वगणना पहचान संख्या प्राप्त होगी, जो एच अक्षर से प्रारंभ होगी। यहां एसईआईडी एसएमएस एवं ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी। क्षेत्रीय सत्यापन के दौरान जनगणना प्रगणक को यह एसईआईडी उपलब्ध करानी होगी।

## रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव के निकट रेलवे लाइन पर गुरुवार को लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार खालिसपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे ग्रामीणों ने युवक का शव पड़ा देखा। सूचना तत्काल मालीपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव की जांच-पड़ताल की, लेकिन युवक के पास से कोई पहचान पत्र अथवा अन्य कागजात बरामद नहीं हो सके, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। प्रथम दृष्टया अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक किसी चलती ट्रेन से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल में निरुद्ध आरोपी को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लूट के मामले में जेल में निरुद्ध अमेठी के धमरावां भगनपुर निवासी प्रज्ज्वल प्रताप सिंह उर्फ पीयूष सिंह को कोर्ट से जमानत मिल गई है। एडीजे राम प्रताप सिंह राणा ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है। आरोपी पर बीते दो अप्रैल को अमेठी के गुंगवाछ चौराहे पर पीपरपुर थाने के पीतांबरपुर मजरे बालीपुर डुहिया निवासी अनुज के मोबाइल की लूट करने का आरोप है।

### न्यायालय में लिखित बहस दाखिल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमे में गुरुवार को सुनवाई हुई । बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने लिखित बहस दाखिल की । अधिवक्ता ने बताया कोर्ट ने बहस के लिए 13 मई की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को ये मुकदमा दर्ज हुआ था।

### आंदोलन की चेतावनी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर नगर पंचायत क्षेत्र से महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाए जाने पर क्षत्रिय समाज में नाराजगी फैल गई। समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने 9 मई तक प्रतिमा पुनः स्थापित न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने इसे समाज की भावनाओं और महाराणा प्रताप के सम्मान का अपमान बताया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में 3 की मौत व एक दर्जन घायल

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एम्बुलेंस और फॉर्च्यूनर की भिड़ंत, एक की मौत व सात लोग घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एम्बुलेंस सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि फॉर्च्यूनर सवार एक ही परिवार के छह सदस्य समेत सात लोग घायल हो गए। हादसा जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे किमी 143 पर हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस के अनुसार गाजीपुर से लखनऊ जा रही फॉर्च्यूनर, जिसे अजय यादव चला रहे थे, किमी 143 के पास पहुंची थी। इसी दौरान किमी 136 की ओर से गलत दिशा में आ रही एक एम्बुलेंस से उसकी आमने-


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस।

सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के लिए गलत साइड से जा रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में एम्बुलेंस में सवार भोलू प्रकाश (36) पुत्र जय नाथ निवासी थाना सराय लखनसी, जनपद मऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एम्बुलेंस चालक को भी चोटें आई हैं। फॉर्च्यूनर में सवार अजय यादव समेत प्रतिमा, साक्षी, रीमा, सौम्या और ओम घायल हुए हैं। सभी को सीएचसी दोस्तपुर में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंचे एसडीएम व सीओ जयसिंहपुर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### डंपर ने बाइक सवार दो मजदूरों को कुचला, मौत

**भदैंया, सुलतानपुर :** कोतवाली देहात थाने के सोनबरसा गांव के पास दोमुहा रोड पर गुरुवार शाम करीब तीन बजे तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने बाइक सवार दो मजदूरों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक का शव करीब 100 मीटर तक वाहन के साथ घसीटता चला गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। मृतकों की पहचान रामू पुत्र चौथी (38) निवासी बभनगंवा तथा उसके साढ़ू के रूप में हुई है। दोनों मजदूरी कर बाइक से सुलतानपुर शहर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान छतौना के पास सामने से आ रहे डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद एक युवक का शव डंपर में फंस गया और करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया। इससे शव क्षत-विक्षत हो गया। वहीं बाइक चालक रामू सड़क किनारे दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना देखकर आसपास के लोग दहल उठे। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि अज्ञात डंपर और चालक की तलाश की जा रही है।

### बारात से लौट रही बोलेरो पेड़ से टकराई, चार घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर :** लखनऊ-बलिया हाइवे पर गुरुवार तड़के तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार युवक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल दो युवकों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बांसगांव से बोलेरो वाहन बारात लेकर कादीपुर के मालापुर गांव गई थी। शादी समारोह के बाद चालक धीरेंद्र मौर्य गुरुवार सुबह करीब 3 :30 बजे बारातियों को लेकर वापस लौट रहा था। मोतिगरपुर कस्बे में बीआरसी कार्यालय के सामने बोलेरो अचानक अनियंत्रित हो गई और पहले मेडिकल स्टोर के बोर्ड को तोड़ते हुए सड़क किनारे नीम के पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अनिमेष (21), सुमित (22), अंकुश (18) और राहुल यादव (25) घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 5.50 लाख

- फर्जी ऑफर लेटर से खुलासा हुआ, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। मीरपुर वल्लीपुर निवासी इन्द्रजीत सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर दिल्ली स्थित कथित प्लेसमेंट संस्था के संचालकों पर साढ़े पांच लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि प्लेसमेंट संस्था के प्रतिनिधियों ने उनके पुत्र को जहाज पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम वसूली। उनके पुत्र ने वाराणसी से जीपी रेटिंग कोर्स किया था। इसके बाद संस्था ने डायरेक्ट प्लेसमेंट का भरोसा दिलाया। आरोप है कि संस्था ने फर्जी ई-मेल, नकली इंटरव्यू और जाली ऑफर लेटर भेजकर परिवार को भ्रमित किया। जांच में पता चला कि जिस लाइसेंस के आधार पर संस्था खुद को वैध बता रही थी, वह किसी दूसरी कंपनी के नाम पर जारी था। यह भी आरोप लगाया गया है कि रुपये वापस मांगने पर परिवार को जान से मारने और प्रभावशाली आईपीएस रिश्तेदारों का डर दिखाकर धमकाया गया। कानूनी दबाव बढ़ने पर आरोपियों ने केवल एक लाख रुपये लौटाए, जबकि चार लाख पचास हजार रुपये अब भी बकाया हैं ।मामले को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने थाना बल्दीराय पुलिस को मुकदमा दर्ज कर जांच के निर्देश दिए हैं। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली के तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# गैंगस्टर में पूर्व कोतवाल की गवाही पूरी

- बहुचर्चित सराफा डकैतीकांड से जुड़ा मामला

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** सराफा व्यवसायी भरत जी सोनी के ज्वेलरी शोरूम से हुई करोड़ो के आभूषण की डकैती से जुड़े गैंगस्टर केस में गुरुवार को कोतवाली नगर के तत्कालीन शहर कोतवाल अरुण द्विवेदी गवाही के लिए कोर्ट में हाजिर हुए। विशेष लोक अभियोजक अल्का सिंह ने उनकी शेष गवाही मुख्य बयान दर्ज कराया। स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट राकेश यादव की अदालत में मुख्य बयान दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा समेत अन्य आरोपियो के अधिवक्ताओ ने जिरह पूर्ण की। कोर्ट ने शेष अभियोजन गवाह को तलब कर सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख नियत की है।

अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर के रहने वाले आरोपी विपिन सिंह व सह आरोपी सचिन सिंह,त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह,विनय शुक्ला, अरविंद यादव,दुर्गेश प्रताप सिंह, विवेक सिंह,अजय यादव, अंकित यादव,अरबाज,फुरकान के खिलाफ तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने कोतवाली नगर में गत एक मई को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की धारा में आरोप-पत्र पेश किया गया है।

### अमन हत्याकांड में सुनवाई 21 मई को

थाना क्षेत्र चांदा के साढ़ापुर निवासी अमन यादव के अपहरण व हत्या करने के मामले में गुरुवार को एडीजे तृतीय राम प्रताप सिंह राणा की अदालत में महिला आरोपी रेनू की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई नही हो सकी। गौरतलब है कि महिला आरोपी ने कोर्ट में उन्मोचन अर्जी दाखिल कर अपने ऊपर लगाये गए आरोपो से इंकार किया है । अब मामले में डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई के लिए 21 मई की तारीख नियत की गई है। अभियोजन के मुताबिक बीते 6 दिसंबर को थाना चांदा क्षेत्र में युवक अमन यादव का अपहरण कर पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के चचेरे भाई संदीप यादव ने विजय बहादुर, अजय यादव, दीपक यादव राका समेत 10 आरोपियों पर केस दर्ज कराया था।

### आप सांसद पर दर्ज केस में सुनवाई 14 मई को

आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह समेत 13 आरोपितों के विरुद्ध दर्ज केस में गुरुवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में अभियोजन गवाही नहीं दर्ज हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की है। संजय सिंह पर 13 अप्रैल 2021 त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकला थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति सभा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

### राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड में वादी की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड में गुरुवार को अहम सुनवाई हुई। कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत में मृतक के पिता वादी मुकदमा दयाराम विश्वकर्मा कोर्ट में हाजिर हुए जिनकी गवाही एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने दर्ज कराई। वही बचाव पक्ष के जिरह के अवसर लेने के कारण कोर्ट ने जिरह के लिए 22 मई की तारीख निर्धारित की है। कादीपुर कोतवाली के मुडिलाडीह निवासी राकेश विश्वकर्मा बीते साल तीन अप्रैल को चचेरे भाई शुभम के साथ घर के पास खड़े थे। तभी बाइक सवार आरोपियों ने राकेश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता दयाराम विश्कर्मा ने दोस्तपुर के गोरई गांव के राम सागर यादव समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर राम सागर यादव, अखंड नगर के कटरा उडरी निवासी नीरज यादव, ताजुद्दीनपुर के सुरेंद्र कुमार , अंबेडकर नगर के बेवाना के दिवाकर यादव, अजय निषाद, अंकित यादव, मोनू यादव , अमजद अली के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

### चोरी के दोषी को 10 माह की जेल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चोरी के दो अलग अलग मामलो में एसीजेएम मयूरेश श्रीवास्तव ने भदोही जिले के औराई थाने के घोसिया बाजार निवासी विकास डोम को 10 माह की सजा व चार हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी विकास डोम के खिलाफ 3 अगस्त 2025 को जीआरपी थाने मे दरोगा धीरेन्द्र सिंह ने केस दर्ज कराया था। आरोप था कि आरोपी के कब्जे से ट्रॉली बैग, दो मोबाइल, टेबलेट, लैपटॉप व 21061 रुपए बरामद हुए। वही आरोपी के खिलाफ 3 जुलाई 2025 को बिहार के पटना के मसौढ़ी थाने के तिनेरी निवासी उज्ज्वल कुमार ने कुंभ एक्सप्रेस ट्रेन में बैग चोरी के आरोप में केस दर्ज कराया था।

# राणा प्रताप की प्रतिमा हटाने पर कांग्रेस नाराज

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** कादीपुर चीनी मिल चौराहे से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा हटाकर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नाली के पास रखे जाने के विरोध में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती से पहले प्रतिमा को पूर्व स्थान पर ससम्मान स्थापित किया जाए। ऐसा न होने पर बड़े जनांदोलन की चेतावनी दी गई। ज्ञापन में बिना पूर्व सूचना प्रतिमा हटाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के गौरव, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को नाली के पास रखना बेहद अपमानजनक है। वहीं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ता भूख हड़ताल करेंगे। प्रदर्शन में सुरेंद्र सिंह, हौसला भीम, रणजीत सिंह सलूजा, सुब्रत सिंह सनी, मनोज तिवारी, ममनून आलम, नंदलाल मौर्य समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के टांडा-बांदा राजमार्ग पर बीती रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा धम्मौर थाना क्षेत्र के निगोलिया गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े डीसीएम ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान धम्मौर थाना क्षेत्र के भाई सराय निवासी 28 वर्षीय सुनील कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुनील किसी काम से बाहर गया था और देर रात वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान निगोलिया गांव के निकट सड़क किनारे खड़े डीसीएम ट्रक से उसकी बाइक टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के अपहरण व छेड़खानी मामले में केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र में किशोरी के अपहरण और छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 4 मई को दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी बेटी के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे थे। आरोप है कि दादूपुर के पास गांव निवासी अशरफ पुत्र असलम ने नेशनल हाईवे पर उनकी गाड़ी रोक ली और जबरन किशोरी को अपनी गाड़ी में बैठाकर फरार हो गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन और हस्तक्षेप के बाद किशोरी वापस मिली। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पहले से उसे परेशान करता था और विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। कुड़वार पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में नहीं दर्ज हो सके बयान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बहुचर्चित संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव हत्याकांड में गुरुवार को आरोपियों के पूरक बयान नही दर्ज हो सके। बचाव पक्ष के वकील सुरेश चन्द्र तिवारी ने बताया एक आरोपी के न आने से बयान नही दर्ज हो सके । एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अदालत कोर्ट न्यायाधीश संन्ध्या चौधरी की अदालत ने मामले में आरोपियो जलालुद्दीन, मोइनुद्दीन, वशीर खान व हरिफूल शुक्ल के बयान के लिए 8 मई की तारीख निर्धारित की है ।जबकि शेष अन्य आरोपियो के बयान दर्ज हो चुके है। मामला अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है। मामले में जलालुद्दीन सहित 13 आरोपितों पर विचारण चल रहा है।

# एसपी ने शुरू की हाईटेक जनसुनवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** सुलतानपुर पुलिस जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार सक्रिय नजर आ रही है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। खास बात यह रही कि जिले के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से इस जनसुनवाई से जुड़े रहे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कई मामलों में मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश जारी किए । तकनीक के सहारे हो रही इस व्यवस्था से शिकायतों पर तुरंत सुनवाई संभव हो रही है। पुलिस प्रशासन की इस पहल से आम जनता में भरोसा बढ़ा है और लोगों को तेजी से न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।


जनसुनवाई करतीं पुलिस अधीक्षक चारू निगम। ● अमृत विचार

- तकनीक के सहारे हो रही जनसुनवाई में मिल रहा लाभ

**आयोजन** मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी भी रहे मौजूद

# एक्शन मोड में जिलाधिकारी, पत्रकार वार्ता में गिनाईं प्राथमिकताएं

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह गुरुवार को पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने जिले की व्यवस्थाओं, जनसमस्याओं और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला, सीएमओ डॉ भारत भूषण सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रकारों द्वारा प्रेस क्लब की जर्जर स्थिति उठाए जाने पर डीएम ने जिला सूचना अधिकारी को तत्काल लोक निर्माण विभाग से मरम्मत का इस्टीमेट तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन शुरू हुई जनगणना के लिए लोगों को स्व जनगणना हेतु प्रेरित किया। साथ ही बताया कि प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारियो के साथ तहसील स्तर के अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे।डीएम ने आगामी लोक अदालत में लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर देते हुए सभी विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। जल निकासी, साफ-सफाई और अखबारों में प्रकाशित खबरों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बिना चिकित्सकों के संचालित नर्सिंग होम पर कार्रवाई के लिए सीएमओ को निर्देशित किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सबसे पहले सरकारी कार्यालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।



पत्रकार वार्ता में बोलते डीएम साथ में हैं सीडीओ व एडीएम। ● अमृत विचार

### डीएम ने की स्व-गणना अभियान की शुरुआत

**संवाददाता , सुलतानपुर :** जनगणना-2027 के प्रथम चरण की शुरुआत गुरुवार से हो गई। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय से वीडियो संदेश जारी कर 'स्व-गणना' अभियान का शुभारंभ किया। यह चरण 21 मई तक चलेगा, जिसमें नागरिक डिजिटल पोर्टल के माध्यम से स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।डीएम ने खुद अपने परिवार का विवरण डिजिटल माध्यम से भरकर लोगों को इस अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 22 मई से 20 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर आंकड़ों का सत्यापन करेंगे। जिन लोगों ने पहले ही ऑनलाइन स्व-गणना कर ली होगी, उन्हें केवल ओटीपी साझा करना होगा, जिससे उनका डेटा सत्यापित हो जाएगा। डीएम ने कहा कि सही और पारदर्शी जनगणना भविष्य की सरकारी योजनाओं की मजबूत नींव होती है। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि वे पूरी सटीकता के साथ इस प्रक्रिया में भाग लें, ताकि योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके।


स्वयं के द्वारा की गई स्व-गणना को दिखाते डीएम।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसूचित हो की हमारी संस्था की रजिस्ट्रेशन आई डी और अन्य दस्तावेज में संस्था का नाम त्रुटिवश मंगला गौरी सेवा संस्थान (MANGLA GAURI SEVA SANSTHAN) दर्ज हो गया है। जिसे भविष्य हेतु मंगला गौरी सेवा संस्थान ( MANGLA GAURI SEVA SANSTHAAN) से जाना पहचाना जाये – **दिनेश कुमार अठवानी पुत्र श्री सुरेश कुमार अठवानी निवासी –559 ख/88, श्री नगर, सिगारं नगर, आलमबाग, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226005**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र फटकर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका वर्ष परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1242534318 है। नाम **पलक मोदनवाल पुत्री श्री मुन्नी लाल** है।

**सूचना**
सूचित करना है कि मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2329393 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 का अंक पत्र अनुक्रमांक 1712289 कहीं गायब हो गया है। नाम संजीव शेखर पुत्र परमात्मा दीन है।

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHD AMEER BAKSH था अब मैंने बदलकर अपना नाम MO AMIR BAKSH रख लिया है अब भविष्य में मुझे MO AMIR BAKSH के नाम से जाना व पहचाना जाये । S/O-PIR BAKSH R/O- SAKRAURA PASHCHIMI COLONELGANJ GONDA 271502

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे एल आई सी संख्या 216655657 में मेरा नाम रानी देवी पत्नी राजेश दर्ज है जबकि मेरे आधार 804003566985 व बैंक खाते में राजरानी दर्ज है। राजरानी उर्फ रानी देवी दोनों नाम उनके हैं, इसी से सभी जानते पहचानते हैं। **राजरानी उर्फ रानी देवी पत्नी राजेश निवासी गोनई पुरवा करुवा करनैलगंज गोंडा।**

**सूचना**
मैं सरोज कुमार पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी व जितेंद्र कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी निवासी ग्राम व पोस्ट बांसा जिला बाराबंकी का निवासी हूँ। मुझे उक्त दोनों नाम से जाना वह पहचाना जाता है भारतीय जीवन बीमा निगम मे मेरी पॉलिसी संख्या 215 419 682 है जिसमे मेरा नाम जितेंद्र कुमार वर्मा है जबकि अन्य सभी में मेरा नाम सरोज कुमार है।

**सूचना**
मैं **अमित पुत्र बनवारीलाल निवासी जिन्दा निवादा माल का पुरवा पो0 कहिंजरी कानपुर देहात,** मेरे आधार कार्ड मेरा नाम अमित पुत्र बनवारीलाल (BANWARI LAL) अंकित है जो शुद्ध व सही है। मेरे इसी नाम अमित पुत्र बनवारीलाल (BANWARI LAL) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाये।

**सूचना**
मैंने अपना नाम SANTOSH KUMAR VERMA से बदल कर SANTOSH KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:PATIRAM R/O: HARIHARAAPUR MAHARAJA NAGAR SHRAWASTI UTTAR PRADESH 271803

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट सं0– P8619200 में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD FAHEEM अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHD FAHEEM दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में संशोधन कर मेरा नाम MOHD FAHEEM लिखा व पढ़ा जाये। S/o MOHAMMAD KALEEM नि0: 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ, उ0 प्र0।

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ZAKIR से बदलकर MOHD JAKIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD IBRAHIM ADD-78, RAIS NAGAR TAHSEEN GANJ, DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ABULKHAIR से बदलकर SYED ABDUL KHAIR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SYED CHASME ALAM ADD-538 K/1728, TRIVENI, NAGAR 3RD, NEAR 60 FITA ROAD , ALLU NAGAR DIGURIA, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम SHIVALAY JAISWAL था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIVALYA JAYSVAL रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHIVALYA JAYSVAL के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O-GHANSHYAM JAISWAL R/O-5/13/46, GURUDWARA GALI KHAWASPURA, FAIZABAD

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं Firdaus Usman, पत्नी Mohammad Usman निवासिनीः– 262/1, कटरा आजमबेग, बिल्लोच पुरा, लखनऊ – 226004 की हूँ, मेरे पति के पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम Firdaus Bano लिख गया हैं, बल्कि मेरे आधार अनुसार मेरा सही नाम Firdaus Usman हैं, दोनों ही नाम एक ही महिला के हैं । आज से मुझे Firdaus Usman के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जाये ।

**सूचना**
मैं रविशंकर कुमार (RAVISHANKER KUMAR) पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी–ग्राम–बगहा थाना–इटौंजा तहसील–बक्शी का तालाब जिला–लखनऊ उ0प्र0, विद्यालय में मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम (UTKARSH GAUTAM) का नाम कियांश (KIYANSH) दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम उत्कर्ष गौतम (UTKARSH GAUTAM) है, जो उसके आधार कार्ड संख्या–5944 0385 3482 व जन्म प्रमाण–पत्र में अंकित है। कियांश व उत्कर्ष गौतम दोनों नाम मेरे पुत्र अर्थात् एक ही बच्चे के ही हैं। मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम को अब व भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मेरे पुत्र उत्कर्ष गौतम की माता का नाम श्रीमती कान्ति (KANTI) है।

**सूचना**
पहले मेरा नाम JAGDEEP SINGH CHAWLA था अब मैंने बदलकर अपना नाम JAGDEEP SINGH रख लिया है अब भविष्य में मुझे JAGDEEP SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O, RANJEET SINGH R/O, 551 K/322, SHAKTI NAGAR BHILLAWA ALAMBAGH, LUCKNOW

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट सं0– P8619200 में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD FAHEEM अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHD FAHEEM दर्ज है। अतः मेरे पासपोर्ट में संशोधन कर मेरा नाम MOHD FAHEEM लिखा व पढ़ा जाये। S/o MOHAMMAD KALEEM नि0: 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ, उ0 प्र0।

**सूचना**
पहले मेरा नाम KANEEZ FATIMA था अब मैंने बदलकर अपना नाम KANEEJ FATIMA रख लिया है अब भविष्य में मुझे KANEEJ FATIMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- ALI HAIDER R/O,110, SAHIBAPUR MEER GAON POST DUMARIYAH, GONDA

# धानेपुर, मेहनौन व इटियाथोक उपकेंद्र के सैकड़ों गांव 4 दिन बाद भी अंधेरे में

## आंधी- बारिश के कारण ध्वस्त बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नहीं हो सकी बहाल

**परेशानी**

- मोटर न चल पाने से प्रभावित गांवों में पेयजल संकट गहराया
- चार्जिंग के अभाव में मोबाइल फोन ठप, इनवर्टरों ने दिया जवाब

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जिले में चार दिन पहले आई तेज आंधी और बारिश के बाद ध्वस्त हुई विद्युत व्यवस्था अब तक पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है। धानेपुर, मेहनौन और इटियाथोक उपकेंद्रों से जुड़े सैकड़ों गांवों में 100 घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। लगातार बिजली गुल रहने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के बीच लोग अंधेरे में रात गुजारने को



इटियाथोक क्षेत्र में टूटा पड़ा बिजली का खंभा। ● अमृत विचार

मजबूर हैं, वहीं पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है।

चार दिन पहले सोमवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान कई स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए थे और हाईटेंशन लाइनें जमीन पर गिर गई थीं। पेड़ गिरने से तार भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण तीनों उपकेंद्रों की आपूर्ति बाधित हो गई। विभागीय टीमें मरम्मत कार्य में जुटी हैं, लेकिन अब तक पूर्ण रूप से सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है। धानेपुर, मेहनौन और इटियाथोक उपकेंद्र की बिजली सोमवार से ठप है और यहां के सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबे हैं। बिजली न रहने से सबसे अधिक परेशानी ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। मोबाइल फोन बंद हो चुके हैं, इनवर्टर जवाब दे चुके हैं और पानी की मोटरें न चल पाने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है। रात में अंधेरा रहने से लोगों को सुरक्षा की चिंता भी सताने लगी है।

बिजली आपूर्ति ठप होने से छोटे कारोबारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। आटा चक्की, वेल्डिंग, साइबर कैफे और डेयरी से जुड़े लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है, क्योंकि रात में रोशनी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। चार दिन बीत जाने के बावजूद बिजली बहाल न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई गांवों में लोगों ने जल्द बिजली बहाल न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आंधी-पानी में कई जगहों पर व्यापक नुकसान हुआ है। टूटे पोल बदले जा रहे हैं और क्षतिग्रस्त तारों को दुरुस्त किया जा रहा है। विभागीय कर्मचारियों की टीमें लगातार काम कर रही हैं और जल्द बिजली आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पति से विवाद के बाद महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**पारिवारिक कलह**

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में पति-पत्नी के आपसी विवाद के बाद एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जीआरपी और स्थानीय पुलिस के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर करीब तीन घंटे तक असमंजस की स्थिति बनी रही। बाद में सिविल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रानी (फाइल फोटो)

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे रेलवे तिराहा के पास मधईपुर निवासी रानी मिश्रा और उनके पति अंकित मिश्र के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद से आहत रानी मिश्रा ने उसी दौरान अप लाइन से गुजर रही मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों के बीच काफी देर तक विवाद चलता रहा। इस कारण शव करीब तीन घंटे तक घटनास्थल पर पड़ा रहा।

बाद में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह तोमर ने बताया कि मृतका के परिजनों की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के देवर ऋतिक मिश्र ने बताया कि रानी मिश्रा की शादी छह वर्ष पूर्व उनके बड़े भाई अंकित मिश्र के साथ हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं, जिनमें पांच वर्षीय पुत्री अंशिका और ढाई वर्षीय पुत्र अंश शामिल हैं।

## नवागत सीडीओ दयानंद प्रसाद ने संभाला कार्यभार



नवागत सीडीओ दयानंद प्रसाद का स्वागत करते विकास भवन के अधिकारी।

**गोंडा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किए गए दयानंद प्रसाद गुरुवार को सर्किट हाउस पहुंचे। विकास भवन के अधिकारियों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया और जनपद की विकास योजनाओं की जानकारी दी। दयानंद प्रसाद इससे पहले प्रयागराज में मेला अधिकारी के रूप में तैनात थे। शासन ने उन्हें गोण्डा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया है। सर्किट हाउस पहुंचने पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका अभिनंदन करते हुए जनपद में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं, निर्माण कार्यों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान नवागत सीडीओ ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विकास कार्यों को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरा कराने पर जोर दिया।

## डॉ.अनुज ने संभाला अधीक्षक का पदभार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज के नए अधीक्षक डॉ. अनुज कुमार ने कार्यभार संभालते ही अस्पताल परिसर की व्यवस्था सुधारने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। सबसे पहले उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए परिसर में फैली गंदगी, झाड़ियों और खरपतवार को हटाने का निर्देश दिया। अधीक्षक के आदेश पर श्रमिकों द्वारा पैथोलॉजी लैब के सामने, मुख्य सीढ़ियों के पास तथा अन्य स्थानों पर उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गई। अस्पताल परिसर में लंबे समय से फैली गंदगी को लेकर पूर्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी नाराजगी जताई गई थी। डॉ. अनुज कुमार ने कहा कि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। गंदगी के कारण संक्रमण, मच्छरों और जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल की स्वच्छता और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सभासद उपचुनाव में दोनों वार्डों में सपा जीती

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद करनैलगंज के दो वार्डों के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सीटों पर कब्जा जमा लिया। पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सपा की साइकिल ने रफ्तार पकड़ते हुए विपक्ष को करारी शिकस्त दी।

मतगणना के दौरान शुरू से ही सपा प्रत्याशियों को बढ़त मिलती रही। वार्ड संख्या 25 से सपा प्रत्याशी साजिद सिद्दीकी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 438 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया, जो उपचुनाव की सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है। वहीं वार्ड संख्या 16 में परवेज आलम ने कांटे की टक्कर में 52 मतों से जीत दर्ज की। पूरे चुनाव अभियान की कमान पूर्व मंत्री



विजयी सभासदों के साथ पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद अच्छन।

योगेश प्रताप सिंह ने संभाली थी। उनके साथ पूर्व चेयरमैन शमीम अहमद और नगर अध्यक्ष जमील अहमद राइनी ने लगातार जनसंपर्क कर मतदाताओं को लामबंद किया। राजनीतिक जानकारों के अनुसार योगेश प्रताप सिंह की रणनीतिक घेराबंदी के आगे विपक्ष की चुनावी तैयारी फीकी पड़ गई।

# डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर-दतौली मार्ग पर बीते दिनों हुए एक सड़क हादसे के मामले में डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बीते शनिवार को मंगरे पुरवा निवासी कक्षा आठ का छात्र कुलदीप वर्मा (14) अपने गांव के साथी अभय वर्मा (16) के साथ बाइक से जा रहे थे। कोइरीपुर के निकट डंपर की चपेट में आने से कुलदीप की मौत हो गई थी जबकि अभय गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया मृत छात्र कुलदीप वर्मा के पिता बलराम वर्मा की ओर डंपर चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मारने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गोण्डा-अयोध्या हाईवे पर शोभापुर के निकट बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक लेकर पैदल जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।



वीरेंद्र फाइल फोटो।

लौव्वावीरपुर के पूरे सिंगराय मजरे निवासी वीरेन्द्र यादव (30) पुत्र विजय बहादुर यादव बुधवार रात अपने छोटे भाई इन्द्रदेव के साथ अयोध्या से बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में कोल्ड स्टोर तिराहे के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद दोनों भाई बाइक लेकर पैदल पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। बताया गया कि छोटा भाई इन्द्रदेव बाइक पकड़े हुए था जबकि बड़ा भाई वीरेन्द्र बाइक को धक्का दे रहा था। इसी दौरान नवाबगंज से गोंडा की ओर जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात चौपहिया वाहन ने वीरेन्द्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वीरेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटा भाई बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक वीरेन्द्र यादव पांच भाइयों में सबसे बड़ा था और अयोध्या स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में काम करता था। बुधवार रात ड्यूटी पूरी कर वह घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। वीरेन्द्र अपने पीछे पत्नी कौशल्या, मां सुनीता तथा दो बेटे आयुष (7) और पीयूष (5) को छोड़ गया है।

## सड़क पर खड़े वाहन से भिड़ी स्कॉर्पियो, 8 घायल

**गोंडा, अमृत विचार :** रोडवेज बस को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो गड्ढे में चली गई, जिससे आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जिनमें से छह लोगों को इलाज के बाद घर वापस भेज दिया गया दो लोगों का इलाज हो रहा है। नगर कोतवाली पुलिस के मुताबिक बेलसर की ओर से एक स्कॉर्पियो आ रही थी। मेडिसिन अस्पताल के सामने रोडवेज बस को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई वहां खड़े एक वाहन में टकरा गई और गड्ढे में चली गई। स्कॉर्पियो में बैठे रमेश प्रजापति (35) निवासी बक्सैला, चंद्र प्रताप (34) निवासी कॉलोनी, पिंकी (19) भगहर बुलंद, हसनैन (23) भगहर बुलंद, कन्हैया लाल (26), फूलजहां (35) राधेपुरवा, नूर मोहम्मद (38) राधे पुरवा तथा 18 वर्षीय आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जिनमें से 6 लोगों का इलाज कर उनका घर वापस भेज दिया गया है, जबकि दो लोगों का इलाज हो रहा है।

## अपर निदेशक ने सीएचसी का किया निरीक्षण



सीएचसी का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक स्वास्थ्य। ● अमृत विचार

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** अपर निदेशक स्वास्थ्य अल्पना रानी गुप्ता ने शुक्रवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तरबगंज का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने ओपीडी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, एक्स-रे कक्ष, सेंट्रल इंटीग्रेटेड लैब, दवा स्टॉक गोदाम, डिलीवरी वार्ड, लेबर वार्ड, वैक्सीनेशन सेंटर, दवा वितरण काउंटर और पंजीकरण काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने दवा स्टॉक गोदाम में साफ-सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जताई और चीफ फार्मासिस्ट को बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सफाई व्यवस्था में सुधार के बाद उसकी तस्वीरें उपलब्ध कराने को भी कहा। इस अवसर पर डॉ. नवनीत गौरव सिंह, डॉ. निकेश सिंह, डॉ. धीरज तिवारी, उत्तम पाठक, सीता नाथ उपाध्याय, महेंद्र कुमार, अंकित तथा आलोक रंजन सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

- अंतरजनपदीय गिरोह का कोतवाली नगर पुलिस ने किया खुलासा

**गोंडा, अमृत विचार :** पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों से लाखों रुपये और जेवरात ठगने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का कोतवाली नगर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 99 हजार 500 रुपये नकद, भारी मात्रा में पीली व सफेद धातु के आभूषण, पांच कूटरचित निर्वाचन पहचान पत्र, 25 मोबाइल फोन, मोबाइल पार्ट्स, चार्जर तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी हुंडई आई-10 कार बरामद की है।

कोतवाली नगर पुलिस और एसओजी टीम ने एचसीपीएम कॉलेज के पास घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में नमशेर निवासी बुलंदशहर, हसरत अली, इमरान, इन्साद व तोहिद निवासी



गिरफ्तार किए गए ठग। ● अमृत विचार

मेरठ शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि गिरोह शिव शक्ति ज्योतिष एवं आध्यात्मिक अनुसंधान के नाम से पर्चे बांटकर लोगों को जाल में फंसाता था। ददुवा बाजार निवासी संजय रस्तोगी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनुष्ठान कराने का झांसा दिया और घर-दुकान के करीब 750 ग्राम सोने-चांदी के जेवर व नकदी पूजा के नाम पर कलश में रखवा ली। पूजा के दौरान गिरोह का मुख्य सदस्य पहले से छिपाकर रखा सांप निकालकर परिवार को भयभीत करता था। जैसे ही लोग कमरे से बाहर जाते, आरोपी कलश से जेवरात और नकदी निकाल लेते थे। इसके बाद 21 दिन तक पूजा स्थल न खोलने की हिदायत देकर फरार हो जाते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह ने गोण्डा, मनकापुर और बहराइच में कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में चार मुकदमे दर्ज हैं। सभी को न्यायालय भेज दिया गया है।

## पूजा-पाठ के नाम पर लाखों की ठगी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** घर में सुख-शांति लाने का झांसा देकर एक कथित ज्योतिषाचार्य ने परिवार से लाखों के जेवर व नकदी ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आजाद नगर निवासी सुशील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने शिव शक्ति ज्योतिष एवं आध्यात्मिक अनुसंधान के संचालक राम स्वरूप शर्मा से संपर्क किया था। आरोपी ने ग्रह शांति के नाम पर करीब 75 हजार रुपये ले लिये। आरोपी ने कहा कि 65 दिनों तक पूजा होगी। आरोपी ने एक डिब्बा मंगवाया और उसमें लगभग 250 ग्राम सोना, 250 ग्राम चांदी, 250 ग्राम पीतल, 250 ग्राम लोहा तथा 250 ग्राम तांबा रखवाकर एक कमरे में पूजा शुरू कर दी। कमरे में ताला लगाकर परिवार वालों से कहा कि जब तक वह न आए, कमरा न खोलें। कुछ दिनों बाद आरोपी ने आना बंद कर दिया। जब पीड़ित ने संपर्क करना चाहा तो फोन बंद मिला। संदेह होने पर परिवार ने कमरे का ताला खोलकर देखा तो उसमें रखा जेवरों का डिब्बा गायब था।

# मारपीट की घटनाओं में छह लोग हुए घायल

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुए विवादों में तीन महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

कमड़ावा गांव के दुबे पुरवा निवासी जटाशंकर दुबे ने बताया कि उनके आम के पेड़ पर गांव के अंकित, उसका भाई शुभम तथा उनकी मां नीलम पत्नी रामशंकर दुबे आम तोड़ रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में जटाशंकर की पत्नी कमला देवी और बेटे निखिल के सिर में गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के अंकित दुबे ने आरोप लगाया कि आम तोड़ने के विवाद में निखिल, उसके पिता जटाशंकर, बहन प्रियंका और मां कमला उर्फ ननकाई ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे विभु, शुभम और नीलम पत्नी रामशंकर दुबे घायल हो गए। एक अन्य मामले में भटपुरवा भुलई पुरवा निवासी संगीता देवी पत्नी संजय यादव ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर राम बुझारत और उनके पुत्र सतीश यादव ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि तीन महिलाओं सहित कुल 11 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी भेजा गया है।

## एनसीसी कैडेटों ने दिया देशभक्ति का संदेश




ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर कार्यक्रम में शामिल एनसीसी कैडेट।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों द्वारा भारतीय सेना के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने ध्वजारोहण कर किया, जिसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर टीम ने सलामी दी। एनसीसी कैडेट्स ने व्याख्यान, पेंटिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से सेना के शौर्य और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व का संदेश दिया। प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय नारी का सिंदूर केवल सुंदरता या सजावट की वस्तु नहीं, बल्कि उसका सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने सिंदूर की रक्षा के लिए अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सकीना, अभयराज गोस्वामी एवं अंशु गोस्वामी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने पहलगाम के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्काउट प्रभारी अमित श्रीवास्तव, डॉ. राजधारी सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, त्रियुगीनारायण द्विवेदी, रिंकू मणि गौतम एवं शिव कुमार पाठक सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग किया।

# गंगा धाम स्टेशन के पास रेलवे ने की मॉकड्रिल



मॉकड्रिल के दौरान मौजूद रेलवे के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर गंगा धाम रेलवे स्टेशन के समीप उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब क्षेत्र में ट्रेन हादसे की सूचना तेजी से फैल गई। रेलवे, आरपीएफ, पुलिस और राहत-बचाव दल की सक्रियता देखकर लोगों को लगा कि कोई बड़ा हादसा हुआ है। हालांकि कुछ देर बाद पता चला कि यह रेलवे की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल था।

रेलवे प्रशासन ने संभावित रेल दुर्घटना की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करने के उद्देश्य से यह अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे विभाग की विभिन्न टीमों, आरपीएफ जवानों तथा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से राहत कार्यों का प्रदर्शन किया। आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने बताया कि यह केवल एक पूर्व निर्धारित मॉकड्रिल था। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग समय-समय पर ऐसे अभ्यास आयोजित करता रहता है।

**राम कथा**

कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा स्थित सम्मय माता मंदिर में किया जा रहा आयोजन

# प्रभु श्रीराम मर्यादा व आदर्श जीवन के प्रतीक

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र के पैड़ीबरा स्थित सम्मय माता मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथावाचक राजन जी महाराज ने प्रभु श्रीराम की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कथा सुनाते राजन महाराज।



कथा में उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं। ● अमृत विचार

कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि मर्यादा, प्रेम, त्याग और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। कथा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति गीतों से गूंज उठा। चौथे दिवस की कथा में भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की मधुर लीलाओं का विशेष वर्णन किया गया। महाराज जी ने बताया कि बालक राम अपनी सरलता, विनम्रता और मधुर व्यवहार से समस्त अयोध्या वासियों का मन मोह लेते थे। श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उत्सव मनाया। कथा में अयोध्याकाण्ड के अंतर्गत भगवान श्रीराम के बालपन, शिक्षा और संस्कारों से जुड़े प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज जी ने कहा कि माता-पिता और गुरुजनों के प्रति सम्मान ही जीवन को सफल बनाता है तथा श्रीराम का चरित्र मानवता के लिए आदर्श है।

नामकरण संस्कार प्रसंग में उन्होंने कहा कि राम आनंद स्वरूप हैं, भरत प्रेम की मूर्ति, लक्ष्मण सेवा के पर्याय और शत्रुघ्न मौन पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक आनंद वही है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, बल्कि केवल महसूस किया जा सकता है। देर रात तक श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूमते रहे और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भवानी भीख शुक्ल, दद्दन मिश्रा, अकबाल बहादुर तिवारी, राकेश पाण्डेय, राजेश तिवारी, मसूद आलम खां, राम भजन चौबे, महेश नारायण तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, श्री भगवान शुक्ल, कृष्ण भगवान शुक्ल, उमेश तिवारी, प्रवीण तिवारी, सर्वेश पाण्डेय तथा अमर शुक्ल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित



जनपद न्यायालय में स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन करते जिला जज दुर्ग नरायन सिंह।

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय गोंडा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है। गुरुवार को जिला जज दुर्ग नरायन सिंह ने इसका उद्घाटन किया। अपर जिला व नजारत इंचार्ज दानिश हसनैन ने बताया कि जिला जज दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में जनपद न्यायालय गोंडा परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराया गया है। उद्घाटन अवसर पर अपर जिला जज सूर्य प्रकाश सिंह, मुख्य नायक मजिस्ट्रेट अमित कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार मिश्रा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी, सिविल बार के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी व केंद्रीय नाजिर विजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** गुरुवार को कटरा बाजार पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। निरीक्षक अपराध मनोज कुमार पाठक ने बताया कि चौकी प्रभारी माधोपुर शुभम द्विवेदी की टीम ने नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मुस्ताक खान निवासी कुट्टी चंद्ररवा बुजुर्ग थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा है।

# बलरामपुर की तीन बेटियां एवरेस्ट बेस कैंप अभियान के लिए रवाना

## महिला सशक्तिकरण को मिली नई उड़ान, विधायक ने दिखायी हरी झंडी

संवाददाता, बलरामपुर



एवरेस्ट बेस कैंप के लिए बेटियों को झंडी दिखाकर रवाना करते सदर विधायक पल्टूराम और अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के तहत तीन प्रतिभाशाली छात्राएं एवरेस्ट बेस कैंप अभियान के लिए रवाना हुईं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अभिभावकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पचपेड़वा की छात्रा नीलांशु, डीएवी इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियंका उपाध्याय तथा कंपोजिट स्कूल रामनगरा की छात्रा प्रियंका प्रजापति को विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं के साथ हैंडबॉल स्पोर्ट्स स्टेडियम की प्रशिक्षक हिना खातून भी अभियान में शामिल हुईं। कार्यक्रम में छात्राओं के अभिभावक भी मौजूद रहे।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने छात्राओं के साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विधायक सदर पल्टूराम ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर की बेटियों का एवरेस्ट बेस कैंप जैसे चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए चयन पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। ये छात्राएं अन्य बालिकाओं के लिए प्रेरणा बनेंगी और यह संदेश देंगी कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने छात्राओं के सफल अभियान एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# नेपाल घूमने गए युवक की नदी में डूबने से मौत

**हादसा**

- दो दोस्तों के साथ बाइक से गया था बलरामपुर का अरविंद

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** नेपाल घूमने गए कोतवाली जरवा क्षेत्र के एक 19 वर्षीय युवक की पहाड़ी नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मोहकमपुर में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मोहकमपुर निवासी विक्रम विश्वकर्मा का पुत्र अरविंद विश्वकर्मा बुधवार को अपने दोस्तों निखिल पांडे (19) व विवेक पांडे (16), निवासी रमवापुर थाना तुलसीपुर, के साथ बाइक से नेपाल के कोयलावास घूमने गया था। बताया गया कि दोपहर करीब 2:30 बजे तीनों ने बॉर्डर पर एंट्री करने के बाद एक पहाड़ी नदी में स्नान करने का फैसला किया। इसी दौरान अरविंद गहरे पानी के कुंड में उतर गया, जहां पैर फिसलने से वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसके दोस्त बाहर खड़े होकर शोर मचाते रहे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने नेपाल पुलिस और एपीएफ को दी। नेपाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए लमही हाउस भेज दिया। परिजन पुष्पा, राजेंद्र, हरिकिशन और भक्तबहादुर भी नेपाल पहुंचे। वहीं मृतक के पिता विक्रम और अनुज को दांग थाने पर पूछताछ के लिए रोका गया है। प्रधान प्रतिनिधि शकील खान ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव भारतीय सीमा पर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मां लक्ष्मी देवी ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। अरविंद अपने पिता के साथ चेन्नई में मजदूरी करता था और करीब एक माह पहले ही घर आया था। बीती 25 अप्रैल को परिवार में बेटी की शादी हुई थी। मां ने बताया कि दो साल पहले अरविंद को पिता अपने साथ चेन्नई ले गए थे। कोतवाली जरवा प्रभारी निरीक्षक योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना नेपाल के कोइलाबास क्षेत्र की है और मामले की जांच व कार्रवाई गढ़वा पुलिस द्वारा की जा रही है।

### तारकोल मूल्य वृद्धि सरकार का राहत भरा फैसला

**बलरामपुर अमृत विचार :** सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले बिटुमिन (तारकोल) की बढ़ी कीमतों के बीच सरकार द्वारा मूल्य समायोजन का निर्णय लिए जाने पर सिंचाई विभाग वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। एसोसिएशन ने इसे विकास कार्यों को गति देने वाला जनहितकारी फैसला बताया है। एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के कारण तारकोल महंगा हो गया था, जिससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे थे। पुराने अनुबंधों में मूल्य वृद्धि का प्रावधान न होने से ठेकेदारों के सामने कार्य पूरा करना कठिन हो गया था। ऐसे में सरकार का यह निर्णय राहत देने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से निर्माण कार्यों में आ रही बाधाएं दूर होंगी और प्रदेश में सड़क परियोजनाओं को तेजी मिलेगी। एसोसिएशन के राजीव शुक्ला, कमल देव त्रिपाठी, विजय प्रताप पांडेय, अंकुर तिवारी और बलेंदर पांडेय ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया।

### सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर समाधान समारोह शुरू

**गोंडा, अमृत विचार :** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा पक्षकारों की आपसी सहमति से मामलों का हल निकालने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंकिता सिंह ने बताया कि इसकी शुरुआत 21 अप्रैल से की गयी है। जिसका समापन 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत से पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/ जिला/ तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण/ समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू किया गया है। अधिक से अधिक संख्या में संबंधित पक्षकारों को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। पक्षकार इन सुलह - प्रयास के लिए बैठकों, वार्ताओं में व्यक्तिगत रूप से अथवा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हो सकते हैं। मामले जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं, को समाधान समारोह में शामिल करने के लिए गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। यह गूगल फॉर्म सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसे 31 मई तक भरा जा सकता है।

### अश्लील टिप्पणी करने वाला मनचला गिरफ्तार

**धानेपुर, अमृत विचार :** अश्लील टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि कस्बा धानेपुर में आरोपी बदरुल रजा उर्फ छोटू पुत्र मकबूल अहमद निवासी आगा पुरवा मौजा त्रिलोकपुर राह चलती महिलाओं तथा बालिकाओं को देखकर अश्लील गाना गाने गा रहा था व अश्लील टिप्पणी कर रहा था। इस पर हलका दरोगा सरफराज खां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया और उसे गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

### राशन वितरण की तिथि बढ़ी, अब 14 तक मिलेगा खाद्यान्न

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने मई माह के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न के वितरण की तिथि बढ़ा दी है। खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त की ओर से जारी आदेश के अनुसार अब प्रदेशभर के राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण 8 मई के बजाय 14 मई तक किया जाएगा। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों, क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रकों एवं जिला पूर्ति अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश में बताया गया है कि पूर्व में विभाग द्वारा मई माह के राशन वितरण की तिथि 24 अप्रैल से 8 मई तक निर्धारित की गई थी। हालांकि कई जिलों से सूचना प्राप्त हुई कि विभिन्न कारणों से निर्धारित समय सीमा तक सभी कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसे देखते हुए लाभार्थियों की सुविधा और किसी भी पात्र व्यक्ति को खाद्यान्न से वंचित न रखने के उद्देश्य से वितरण अवधि छह दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार 14 मई तक ई-पॉस मशीनों के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जाएगा। साथ ही मोबाइल ओटीपी आधारित वितरण की सुविधा 8 मई तक ही प्रभावी रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत भी लाभार्थी आवश्यक वस्तुओं का उठान कर सकेंगे। सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे शासनादेश का अनुपालन करते हुए समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें। खाद्य एवं रसद विभाग ने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वितरण प्रक्रिया की नियमित निगरानी की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में कठिनाई न हो। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण की तिथि 14 मई तक हो गई है।

# किशोरी का धर्मांतरण और दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थाना ललिया पुलिस ने बहला-फुसलाकर नाबालिग को भगा ले जाने, धर्म परिवर्तन कराने और दुष्कर्म के आरोप में वांछित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपहृता को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, बीती तीन मई को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को शादी के नाम पर बहला-फुसलाकर कोई अज्ञात युवक अपन साथ ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना में सामने आया कि युवक ने पहले नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया, फिर उसे लेकर फरार हो गया। जांच में धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर संबंधित धाराओं में मामला बढ़ाया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। नाबालिग को महिला पुलिसकर्मी की सुपुर्दगी में वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है।

पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई कर आरोपियों को सजा दिलाने की कोशिश होगी।

## 15 लीटर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली जरवा पुलिस ने एक युवक को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को कार्रवाई की। इस दौरान अभियुक्त रवि पुत्र हजारी लाल गुप्ता निवासी जुगलीपुर थाना तुलसीपुर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के झोले में रखी 20 पन्नियों में कुल 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

# अब मोबाइल मैसेज से मिलेगी खाद

**व्यवस्था**

संवाददाता, बलरामपुर



उर्वरक वितरण ऐप लॉन्च करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खरीफ सीजन में किसानों को सहकारी समितियों पर खाद वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग ने विशेष मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस नई व्यवस्था के तहत किसानों को खाद प्राप्ति की तिथि और समय की सूचना मोबाइल मैसेज व कॉल के माध्यम से दी जाएगी।

कार्यक्रम में विधायक सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने विकास खंड गैंडास बुजुर्ग के ग्राम इटई रामपुर के 100 किसानों को पहला खाद संदेश भेजकर ऐप आधारित व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की 73 सहकारी समितियों पर इसी ऐप के माध्यम से खाद वितरण किया जाएगा। किसानों का विवरण पहले ही ऐप में फीड किया जा चुका है तथा उन्हें कार्ड भी उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिससे निर्धारित समय पर बिना लाइन लगाए खाद प्राप्त किया जा सकेगा।

# स्वगणना प्रक्रिया में भाग लें नागरिक



बैठक में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष और सभासद। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद कार्यालय में गुरुवार को अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

अध्यक्ष डॉ. धीरू ने कहा कि जनगणना अभियान प्रत्येक परिवार एवं आवासीय विवरण के सही अभिलेखीकरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़ों के आधार पर ही शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। ऐसे में नागरिकों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है।

उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग स्वयं स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि वह स्वयं भी अपनी स्व-गणना प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

बैठक में अधिशासी अधिकारी लालचंद मौर्य, राज्य प्रशिक्षक एवं नोडल अधिकारी महेंद्र कुमार गुप्ता, सभासदगण तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विवाह अनुदान योजना में 90 आवेदन आए

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग की बेटियों के विवाह के लिए संचालित अनुदान योजना के तहत जिले में आवेदन प्रक्रिया जारी है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 90 आवेदन विभागीय पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। जांच और सत्यापन पूरा होने के बाद पात्र लाभार्थियों के खाते में सहायता राशि भेजी जाएगी।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष 423 पात्र बेटियों को योजना का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शासन से 84 लाख 60 हजार रुपये का बजट आवंटित हुआ है। अब तक प्राप्त 90 आवेदनों में से 35 का सत्यापन पूरा किया जा चुका है जिनमें पांच आवेदन अपात्र पाए गए हैं जबकि शेष पात्र हैं।

# केंद्र से उठान कम होने पर गेहूं खरीद सुस्त



मंडी में डंप अनाज। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद प्रक्रिया सुस्त पड़ती नजर आ रही है। खरीद केंद्रों पर बड़ी मात्रा में गेहूं डंप होने और भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में समय से उठान न होने के कारण किसान परेशान हैं। कई केंद्रों पर जगह की कमी का हवाला देकर किसानों को वापस लौटाया जा रहा है।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए जिले में छह एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन एजेंसियों के माध्यम से जिलेभर में 100 खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा समेत विभिन्न केंद्रों पर खरीद तो की जा रही है, लेकिन उठान व्यवस्था चरमराने से प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है। आंकड़ों के मुताबिक जिले में अब तक 12,252.88 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जबकि इसमें से मात्र 292.30 मीट्रिक टन गेहूं ही एफसीआई गोदामों तक पहुंच सका है। शेष 9,260.58 मीट्रिक टन गेहूं अभी भी विभिन्न खरीद केंद्रों पर डंप पड़ा हुआ है। जिले को इस वर्ष 28 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए लक्ष्य हासिल करना चुनौतीपूर्ण दिखाई दे रहा है। खरीद प्रक्रिया शुरू होने के काफी दिनों बाद परिवहन ठेकेदारों ने गेहूं उठान शुरू किया। लापरवाही बरतने पर विभाग की ओर से कुछ ठेकेदारों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। इसके बावजूद उठान व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर, एफसीआई गोदामों में गेहूं की अनलोडिंग भी बेहद धीमी गति से हो रही है।

कई बार केंद्र प्रभारी जगह की कमी बताकर किसानों को वापस भेज देते हैं। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक ने बताया कि जो किसान गेहूं लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, उनका गेहूं खरीदा जा रहा है। एफसीआई गोदामों में गेहूं उतरने की गति धीमी है, जिसे लेकर संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को कोई समस्या होती है तो वह विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सकता है।

# करनैलगंज में बदमाश बेलगाम पुलिस सिर्फ जांच जारी में व्यस्त

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट, बाजार में चेन स्नेचिंग और गांवों में मंदिरों से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन पुलिस हर मामले में केवल जांच जारी है कहकर जिम्मेदारी निभा रही है।

कुछ दिन पहले ही बदमाशों ने सराफा व्यापारी को तमंचे के बल पर लूट लिया था। इसके बाद नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा से जा रही सकरौरा ग्रामीण क्षेत्र के मजरे छतईपुरवा निवासी दिनेश मिश्रा की पत्नी की चेन काट ली गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि एक सप्ताह बीतने के बाद भी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं हुई।

उधर, अब सोनहरा गांव के मंदिर को चोरों ने निशाना बना लिया। मंदिर का ताला तोड़कर श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली गईं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में मंदिर चोरी की यह पहली घटना नहीं है, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में भय और नाराजगी दोनों बढ़ रही हैं। बाजारों में महिलाएं जेवर पहनकर निकलने से डर रही हैं तो गांवों में लोग मंदिरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

लोगों का कहना है कि अपराधी वारदात कर आसानी से निकल जाते हैं और पुलिस बाद में कागजी खानापूर्ति में जुट जाती है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने, लंबित मामलों में तत्काल मुकदमा दर्ज करने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं चर्चाओं में यह भी कहा जा रहा है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो बदमाशों का अगला निशाना कौन होगा, यह कहना मुश्किल नहीं।

कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि जांच की जा रही है। पुलिस टीमों को लगाया गया है।

**निर्देश** गांव की चौपाल में पहुंचे डीएम, योजनाओं की परखी हकीकत

# पात्रों को दिलायें योजनाओं का लाभ : डीएम

संवाददाता, बलरामपुर



चौपाल में ग्रामीणों से संवाद करते डीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम पंचायत कोल्हुई बिनहुनी तथा विकास खंड उतरौला के ग्राम पंचायत अमया देवरिया में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का फीडबैक लिया और अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

कोल्हुई बिनहुनी में आयोजित चौपाल के दौरान डीएम ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का समय से टीकाकरण तथा नियमित पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता अभियान, पेयजल व्यवस्था एवं नालियों की साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया।

डीएम ने पात्र व्यक्तियों को वृद्धावस्था, निराश्रित महिला एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। अमया देवरिया में आयोजित चौपाल के दौरान भूमि विवादों के मामलों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को प्राथमिकता से मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों ग्राम पंचायतों में पात्र लोगों को योजनाओं से संतृप्त करने के लिए विशेष कैंप लगाए जाने की बात कही।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएम की पहल से गांव-गांव पहुंची परिवार रजिस्टर नकल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के निर्देशन में गुरुवार को जनपद के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में परिवार रजिस्टर नकल की प्रतियों का वितरण कराया गया। रजवापुर, रामगढ़मैटाहवा, धर्मपुर, चौधरीडीह समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा परिवारों को परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराई गई। डीएम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों का अद्यतन अभिलेख उपलब्ध कराना तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि परिवार रजिस्टर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें परिवार के सदस्यों के नाम, उम्र एवं रिश्तों का विवरण दर्ज होता है। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों में परिवार रजिस्टर का सुव्यवस्थित रख-रखाव किया जाए।

# फर्जीवाड़ा मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कंजेमऊ से जुड़ा एक बड़ा बैंकिंग फर्जीवाड़ा सामने आया है। पंजाब नेशनल बैंक की बीसी संचालित करने वाले एक संचालक पर ग्रामीणों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर पेमेंट बैंक में खाते खोलने और लाखों रुपये निकाल लेने का आरोप लगा है। पीड़ितों ने कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

फतेपुर निवासी रविकांत पाठक ने बताया कि महराजगंज चौराहे पर ऋषभ प्रताप सिंह द्वारा पंजाब नेशनल बैंक की बीसी संचालित की जा रही थी। गांव के लोग उसी बीसी के माध्यम से धन जमा और निकासी करते थे। आरोप है कि संचालक ने ग्रामीणों के अभिलेख हासिल कर धोखाधड़ी से दूसरे बैंक खातों का संचालन शुरू कर दिया और खातों से रकम निकाल ली। जानकारी होने पर कचनापुर निवासी महेश कुमार और कंजेमऊ निवासी रामानंद यादव ने अपने खातों से निकाली गई धनराशि वापस मांगी। बीसी संचालक ने सुलहनामा कर उनकी रकम लौटा दी। इसके बाद अन्य खाताधारकों को भी फर्जीवाड़े की जानकारी हुई तो वे भी पैसे मांगने पहुंचे, लेकिन आरोपित ने अपनी बीसी बंद कर दी। कंजेमऊ निवासी राम दुलारे निषाद के खाते से 1.56 लाख रुपये निकाल लिए गए, जिसके सदमे में उनकी मौत हो गई। दिव्यांग शीतला प्रसाद समेत सैकड़ों ग्रामीणों के खातों से भी रकम निकालकर गबन किया गया। पीड़ितों में रामनरेश, भवानी प्रसाद, धर्मराज यादव, सीतापती, परमात्मा दीन, राजू सिंह, छबीले, अनारकली, सुभाष, मैन बहादुर सिंह, जसकरन सिंह और शिवनाथ सैनी सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने कोतवाली में तहरीर देने के साथ सीओ करनैलगंज और एसपी से भी शिकायत की है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रकम वापस दिलाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले की जांच सीओ करनैलगंज कर रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

### अंधरपुरवा के निकट हादसे में युवक घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा क्षेत्र के ग्राम बनठिहवा निवासी उस्मान अहमद (20) बुधवार को बाइक से इकौना गया था। वहां से देर शाम इकौना–सेमरी मार्ग पर वापस लौटते समय अंधरपुरवा के निकट वह बाइक से नियंत्रण खो बैठा और सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### परीक्षा अधिनियम में दोषी को मिली सजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के सघईपुरवा अतरपरी भोजा निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र रामकरन को वर्ष 2013 में हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान नकल करते पकड़ा गया था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। लम्बे समय से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोप सही पाते हुए दोषी करार दिया। साथ ही उसे न्यायालय उठने तक के अवधि की कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दी गई।

### 10 तक नि:शुल्क बीज के लिए करें आवेदन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कृषि विभाग की ओर से निशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों को तिल, सावां, रागी, कोदो, ज्वार, बाजरा, उर्द व मूंग के बीज की मिनीकिट प्रदान की जाती है। डीडीएजी सुरेंद्र चंद्र चौधरी ने बताया कि मिनीकिट के लिए किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर 10 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई–लॉटरी के माध्यम से चयन कर उन्हें मिनीकिट प्रदान किया जाएगा।

### सऊदी अरब में नौकरी के लिए करें आवेदन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जिले के बेरोजगार कुशल कारीगरों को सऊदी अरब में नौकरी करने का अवसर दिया जाएगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी सचिन चौधरी ने बताया कि वैकेंसी रिक्रूटमेंट एजेंसी के माध्यम से कुशल कारीगरों को सऊदी अरब भेजा जाएगा। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद क्रिएटिव इंटरप्राइजेज की ओर से अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। इसमें मैकेनिकल, फिटर, फैब्रिकेशन, फोरमैन, मैकेनिकल टेक्नीशियन, स्ट्रक्चर फैब्रिकेटर, वेल्डर्स, हेल्पर व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी के पास पासपोर्ट होना अनिवार्य है।

# सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

## पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत झाला तरहर के निकट हुई दुर्घटना

संवाददाता पयागपुर, बहराइच


घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पयागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झाला तरहर के पास आज दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना पयागपुर के ग्राम वीरपुर रुकनापुर निवासी ननके (40 वर्ष) पुत्र सियाराम अपनी मां सूका (65 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। दोपहर करीब 1:00 बजे जैसे ही वे झाला तरहर थाना पयागपुर के समीप पहुंचे, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि ननके और उनकी माता सूका की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद मार्ग पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई स्थानीय लोगो का कहना है कि हादसा बेहद भयावह था अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दीपक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**बहराइच, अमृत विचार :** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जिला जज राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि इसका लाभ उठायें। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह–समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।


डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न

**कैसरगंज, बहराइच :** पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत पर कैसरगंज भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह, जिला प्रतिनिधि शिव सहाय सिंह तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। विजय उत्सव में सभी को लड्डू एवं पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध पारंपरिक "झाल–मुड़ी" खिलाकर विशेष रूप से खुशी मनाई गई।कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन की नीति पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन दिया है। इस जीत से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।इस अवसर पर डॉ. अरविंद सिंह, शिव सहाय सिंह,पवन सिंह, अनिल सोनी, विवेक शर्मा, संतोष गुप्ता, बृजेश सिंह, पंकज सिंह, क्षितिज सोनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

### जब तक खोदी गईं सड़कें न बन जाएं भुगतान न करें: डीएम

**बहराइच, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें जलजीवन मिशन के विभिन्न चरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने मेसर्स पीएनसी–एसपीएमएल, जीए इन्फ्रा और वीटीएल जैसी फर्मों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों का जब तक पूरी तरह पुनर्निर्माण न हो जाए तब तक कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान न किया जाए। कहा जनप्रतिनिधियों और आम जनता से सड़कों की खराब स्थिति को लेकर मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सुदूर क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। पाइप पेयजल योजनाओं से हर घर पानी पहुंचना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग संग समन्वय कर तेजवापुर, फखरपुर, हुज़ूरपुर एवं चित्तौरा जैसे विकासखंडों में आर्सेनिक की जांच कराने के भी निर्देश दिए।

## संध्या संवाद कार्यक्रम में आज मंडलायुक्त करेंगी जनसुनवाई

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की ओर से आज शुक्रवार को जिले के इकौना क्षेत्र स्थित टंडवा महंथ गांव में संध्या संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिन भर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान, विकास कार्यों का निरीक्षण तथा योजनाओं का लाभ वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई होगी। जिसमें खुद मंडलायुक्त लोगों की समस्या सुनकर उसका जल्द से जल्द समाधान करने की कोशिश करेंगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से एक बजे तक विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व पेंशनरों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की विभागीय व पेंशन संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। इसी तरह दो बजे से चार बजे तक जिले में निर्मित तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच तथा विकास कार्यों की प्रगति का स्थलीय सत्यापन किया जाएगा।

# गांवों में शुरू हुआ आरओ वाटर प्लांट

खैरीघाट, बहराइच


स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ग्राम पंचायत लौकिहा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत अंबिका प्रेरणा स्वयं सहायता समूह द्वारा आरओ वाटर प्लांट का शुभारंभ किया गया। इस पहल से अब ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव ने किया। समूह की सक्रिय सदस्य शिवकुमारी जायसवाल जो फरवरी 2021 से इस समूह से जुड़ी हैं और वर्तमान में एफएलसीआरपी के पद पर कार्यरत हैं ने बताया इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 2000 लीटर पानी शुद्ध करने की है। इससे आसपास के सैकड़ों परिवारों को लाभ मिलेगा। समूह का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी ओमकार जायसवाल, ब्लॉक मिशन मैनेजर अजय शर्मा, फिरोज अहमद सहित कई गणमान्य लोग, समूह की महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस आरओ प्लांट के संचालन से जलजनित बीमारियों में कमी आएगी और गांव में स्वास्थ्य स्तर बेहतर होगा।

# राप्ती नदी में डूबे 5 किशोर, 3 को बचाया

संवाददाता श्रावस्ती


राप्ती नदी में डूबे किशोर को तलाशते गोताखोर व मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भिनगा बहराइच मार्ग पर स्थित भकला घाट के पास पांच किशोर राप्ती में नहाने उतरे थे। इस दौरान गहरे पानी में चले जाने से सभी डूबने लगे। जिसमें से तीन किशोर किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल अए जबकि दो किशोर डूबकर लापता हो गए। गिलौला थाना क्षेत्र के घोरमा परसिया निवासी अभी (15) पुत्र राम प्रसाद व अभिषेक (16) पुत्र गुड्डू गुरुवार को भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भकला घाट के पास राप्ती नदी में नहाने गए थे। उनके साथ उनके रिस्तेदार बहराइच जिले के मरौचा गांव निवासी प्रेम प्रकाश (16) पुत्र शिव पूजन, राहुल (17) पुत्र श्यामू व गोण्डा जिले के भगवानपुर निवासी विनय (22) पुत्र नकछेद भी मौजूद थे। पांचों भकलापुल के पास पहुंचे और राप्ती में नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान अभिषेक, राहुल व विनय किसी तरह से बाहर निकल आए। जबकि अभी व प्रेम प्रकाश राप्ती नदी में डूबकर लापता हो गए। बाहर निकले अन्य तीनों रोने चिल्लाने लगे। जिसे देख मौके पर लोग एकत्र हो गए। किशोरों ने घर वालों को फोनकर घटना की जानकारी दी। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीओ भरत पासवान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की ओर से डूबे किशोरों की तलाश के लिए गोताखोरों लगाया गया। गोताखोरों ने काफी तलाश की लेकिन दोनों किशोरों का सुराग नहीं लगा।

## घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव, जांच शुरू

**जरवल रोड, बहराइच:** थाना जरवल रोड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नसिरगंज गांव में बुधवार शाम को उस समय सनसनी फैल गई जब 22 वर्षीय सुमन पत्नी दिलीप यादव का शव घर के अंदर कमरे में संदिग्ध अवस्था में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना जरवल रोड पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मौके की फोटो व वीडियोग्राफी कराई, वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की। मजिस्ट्रेट की देखरेख में पंचगामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया पुलिस ने आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार 8 मई को सुमन की मैरिज एनिवर्सरी मनाने की तैयारी चल रही थी, जिससे परिवार पूरी तरह खुशहाल माहौल में था।

### उप मुख्य गन्ना प्रबंधक ने किया सर्वे


ग्राम गोड़हिया में गन्ना सर्वे का निरीक्षण करते उप गन्ना प्रबंधक संजीव राठी।

**कैसरगंज, बहराइच :** पारले चीनी मिल की ओर से ग्राम गोड़हिया, सुसी एवं हरवाटांड गांव में चल रहे गन्ना सर्वे का उप मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी ने किसानों से सही क्षेत्रफल व प्रजाति दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सर्वे ही गन्ना आपूर्ति की आधारशिला है इसलिए इसमें सटीक जानकारी देना जरूरी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सर्वे के समय खेत पर उपस्थित रहने और सुपरवाइजर से रसीद लेने की सलाह दी। बताया कि आगामी सत्र में पर्ची के अनुसार ही गन्ना खरीद होगी। राठी ने बताया अगेती प्रजातियों में 0238, 0118, 98014, 94184 तथा सामान्य में 5011, 1434 शामिल हैं। जबकि 05191, 9302, 0233 अस्वीकृत हैं। उन्होंने प्रजातियों के नाम में भ्रम से बचने की अपील की। उन्होंने ऑटम व पौधे गन्ने का सर्वे संबंधित श्रेणी में कराने तथा नए किसानों को 30 सितंबर तक समिति सदस्य बनने व घोषणा पत्र भरने को कहा।

### डॉ. हार्डीकर व रविंद्रनाथ टैगोर की मनी जयंती

**कैसरगंज, बहराइच :** महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर एवं रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में सरयू तट पर स्थित मलौना में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया और ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज सहित दोनों विभूतियों को सलामी दी। ध्वज रक्षक एवं जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने महापुरुषों के चित्रों के समक्ष सभी को देश, समाज और भारतीय संविधान की सुरक्षा व सम्मान की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई। मुख्य वक्ता सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह ने डॉ. हार्डीकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 7 मई 1889 को जन्मे हार्डीकर जी ने ही 'हिंदुस्तानी सेवादल' की नींव रखी थी जो आज कांग्रेस सेवादल के रूप में राष्ट्र सेवा कर रहा है। सरदार राम प्रताप सिंह ने गुरुदेव के 'एकला चलो रे' के संदेश को संघर्ष का मंत्र बताया। संचालन अनंगपाल सिंह ने किया। इस मौके पर विष्णु यादव, कमलेश सिंह सहित दर्जनों वर्दीधारी कैडर उपस्थित रहे।


विद्यालय का निरीक्षण करतीं डीएम अन्नपूर्णा गर्ग। अमृत विचार

### निरीक्षण कर डीएम ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** डीएम ने परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे शिक्षण कार्य का जायजा लेकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। साथ ही शिक्षकों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग बुधवार सुबह हरिहरपुररानी क्षेत्र के पटना खास स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंच गईं। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें सभी शिक्षक उपस्थित मिले। वहीं विद्यालय में एक ही शौचायल संचालित मिला। डीएम ने बालकों व बालिकाओं के लिए अलग–अलग शौचालय की व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने छात्र–छात्राओं से किताब पढ़वाकर शैक्षिक गुणवत्ता परखी। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन का भी जायजा लिया। डीएम ने विद्यालय परिसर में बने किचन, पेयजल, अग्निशमन यंत्र आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट से हुई स्वगणना अभियान की शुरुआत

संवाददाता श्रावस्ती



कलेक्ट्रेट में स्वगणना की शुरुआत के दौरान मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार मे गुरुवार को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वगणना कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय ने डीएम अन्नपूर्णा गर्ग, सीडीओ व एडीएम सहित अधिकारियों व कर्मचारियों अपनी स्वगणना कर मुहिम की शुरुआत की। डीएम ने कहा कि इस सुविधा का लाभ लेकर कोई भी नागरिक अपनी सुविधानुसार अपनी सभी जानकारियां दर्ज कर सकते हैं। जानकारियां दर्ज कर सब्मिट करने के बाद लोगों की मोबाइल नंबर व ईमेल पर एक रजिस्ट्रेशन नंबर आ जायेगा। जिसके माध्यम से जनगणना प्रगणक आपकी डिटेल को वेरीफाई कर सकेंगे। यह प्रक्रिया बहुत सरल सहज और विश्वसनीय है। स्वयं की जानकारी देने पर त्रुटि और विश्वसनीयता का कोई संकट नही है। लोग https://se.census.gov.in लिंक का प्रयोग कर अपनी स्वगणना कर सकते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना मे स्वगणना का विकल्प मिलना बहुत सराहनीय है, लोग इस सुविधा का लाभ लेते हुए कहीं से भी अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। लोगों से अपील है की इस सुविधा का लाभ उठाते हुए स्वयं से अपनी जानकारी सरकार से साझा कर दें। श्रावस्ती ने अपने पुत्र आशुतोष पांडेय के साथ स्वगणना करते हुए कहा कि यह सुविधा न केवल आम लोगों को सीधे जनगणना मे भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी, बल्कि लोग त्रुटिहीन डाटा साझा कर सकेंगे। जिससे जनगणना का वास्तविक उद्देश्य सफल हो सकेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो मिश्रीलाल वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय त्रिपाठी, सीडीओ मोहमद साहिद अहमद, एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति, खनन अधिकारी विवेक कुमार, आपदा विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वगणना प्रक्रिया के तहत अपनी गणना की।

### गौशाला को व्यवस्थित रखने के निर्देश


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** डीएम अन्नपूर्णा गर्ग व सीडीओ शाहिद अहमद की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गो–संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन व समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में गो–आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवशों के बेहतर देखभाल के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुचिकित्साधिकारी खुद क्षेत्र के गो–आश्रय स्थलों का भ्रमण करते रहें और मूलभूत सुविधाओं के लिए संबंधित बीडीओ व एसडीएम को बताएं। गोवंशों के बेहतर पोषण के लिए हरा–चारा की बुवाई को गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराएं और हरा चारा का उत्पादन बढ़ाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि गोवंशों को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इस मौके पर एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एएसपी, एसडीएम भिनगा आशीष भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

### नए पोलिंग बूथ बनाने का निर्देश

**बलहा, बहराइच :** जिपं के पूर्व सदस्य प्रतिनिधि पंकज जायसवाल ने बलहा ब्लॉक के ग्रापं नानपारा देहात में मतदान केंद्र बढ़ाने की मांग की थी। उनकी मांग पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कई नए पोलिंग बूथ बनाने का आदेश जारी किया है। पंकज ने अधिकारियों को पत्र लिखकर बताया था कि ग्राम पंचायत नानपारा देहात की आबादी बहुत बड़ी है। ग्राम पंचायत में कुल 28 मजरे हैं जबकि वर्तमान में केवल दो मतदान केंद्र ही मौजूद हैं वोटिंग के लिए वोटरों को बहुत दूर जाना पड़ता था जिससे वोटिंग परसेंटेज कम होता था। पत्र में यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायत के मजरों की परिधि 15 किलोमीटर से अधिक है, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने मौजूदा मतदान केंद्रों की जानकारी भी दी, जिसमें वार्ड नंबर 4 में श्री शंकर स्कूल में चार बूथ, भज्जापुरवा और बदलूभगत पुरवा के प्राथमिक विद्यालय भज्जापुरवा में तीन बूथ, नील कोठी के प्राथमिक विद्यालय में दो बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रानीपुर बनकटी, तमोली फाटा, खटकन बनकटी, कोरियन बनकटी और सलीकाबाद के लिए प्राथमिक विद्यालय कोरियन बनकटी में चार बूथ बनाए गए हैं।

कार्रवाई

वार्ड पांच और 13 में सरकारी रास्ते व नवीन परती की जमीन कराई गई मुक्त

# सचौली में गरजा बुलडोजर, अवैध निर्माण जमींदोज

संवाददाता पयागपुर, बहराइच


अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार के अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत गुरुवार को नगर पंचायत सचौली में प्रशासन का कड़ा रुख देखने को मिला। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने वार्ड संख्या 5 और 13 में अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर करोड़ों की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान सरकारी रास्ते पर बनाई गई कब्रिस्तान की दीवार को भी ध्वस्त कर दिया गया रास्ते में सचौली गांव के वार्ड संख्या 6 में स्थित कब्रिस्तान की चहरदीवारी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। राजस्व विभाग की पैमाइश में पाया गया कि कब्रिस्तान की बाउंड्री सरकारी रास्ते का अतिक्रमण कर बनाई गई थी। तहसीलदार अम्बिका चौधरी की मौजूदगी में बुलडोजर ने बाउंड्री को पूरी तरह जमींदोज कर दिया। प्रशासन का अगला निशाना वार्ड नंबर 13 स्थित गाटा संख्या 1357 की नवीन परती की जमीन रही। यहाँ लगभग 12 एयर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। इस कार्यवाही के दौरान मुस्तफा का अवैध रूप से निर्मित पूरा मकान ढहा दिया गया जबकि सबुरे, हीना, असगर और हिदायत के मकानों के अवैध हिस्सों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें आंशिक रूप से तोड़ दिया गया कार्यवाही के दौरान मौके पर चीख-पुकार और गहमागहमी का माहौल बना रहा। स्थानीय निवासी ननकऊ पुत्र खैराती ने रोते हुए कहा, "हम लोग बाप-दादा के समय से यहां रह रहे हैं, अचानक यह क्या हो गया हमें समझ नहीं आ रहा।" वहीं, शायरा नामक महिला ने व्यवहारिक पक्ष रखते हुए कहा कि यदि निर्माण गलत है तो प्रशासन तोड़े, लेकिन गरीब परिवारों को कहीं और बसाने की व्यवस्था या मुआवजा देना चाहिए मौके पर मौजूद तहसीलदार अम्बिका चौधरी ने स्पष्ट लहजे में कहा न्यायालय द्वारा इन अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध बेदखली के आदेश पहले ही पारित किए जा चुके थे।

### उपजिलाधिकारी ने सचौली गांव में दी 'स्व-जनगणना' की जानकारी

**पयागपुर, बहराइच :** आगामी जनगणना प्रक्रिया को सुगम और त्रुटिहीन बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी पयागपुर अशवनी पांडेय ने तहसील क्षेत्र के सचौली गाँव का दौरा कर आम जनमानस को 'स्व–जनगणना' के प्रति जागरूक किया ग्रामीणों के बीच पहुँचकर एसडीएम ने स्वयं अपने मोबाइल फोन के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन किया और उपस्थित लोगों को चरणबद्ध तरीके से समझाया कि वे कैसे घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि डिजिटल माध्यम से स्वयं जनगणना करने से आंकड़ों में गलती की संभावना कम रहती है और नागरिकों को भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा इस दौरान एसडीएम पांडेय ने क्षेत्र की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा जनगणना राष्ट्र निर्माण का आधार है। मैं आमजनमानस से अपील करता हूँ कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पोर्टल का उपयोग करें और अपनी स्व–जनगणना स्वयं पूर्ण कर लें। यह न केवल समय की बचत है, बल्कि आपकी सटीक भागीदारी सुनिश्चित करने का सबसे आसान माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अम्बिका चौधरी तहसीलदार, सौरभ सिंह नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक एवं स्थानीय लेखपाल मौके पर मौजूद रहे।

# अमृत विचार

**शुक्रवार, 8 मई 2026**





शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।
**-नेल्सन मंडेला**, पूर्व राष्ट्रपति, दक्षिण अफ्रीका

# पश्चिम बंगाल में हिंसा

पश्चिम बंगाल में भड़की हिंसा के दौरान राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं, पार्टी कार्यालयों में आगजनी, घरों पर हमले और पलायन जैसी घटनाएं कानून-व्यवस्था की विफलता के साथ ही लोकतांत्रिक संस्कृति पर गहरे संकट का संकेत हैं। बंगाल में चुनाव बाद हिंसा नई घटना नहीं है, वामपंथी दौर से लेकर तृणमूल कांग्रेस के उदय तक की यही कहानी है, पर सत्ता परिवर्तन और राजनीतिक संघर्ष की वर्तमान घटनाओं को बंगाल की उस हिंसक राजनीतिक परंपरा का हवाला देकर इस हिंसा को सामान्य नहीं कह सकते। राजनीतिक मतभेद अब वैचारिक संघर्ष न रहकर सामाजिक प्रतिशोध का रूप लेते जा रहे हैं। सबसे भयावह पहलू यह है कि हमले केवल पार्टी कार्यालयों तक सीमित नहीं, बल्कि घरों तक पहुंच रहे हैं। जब परिवार, महिलाएं और बच्चे राजनीतिक संघर्ष की कीमत चुकाने लगें, तब यह केवल राजनीतिक संकट नहीं, सामाजिक विघटन का संकेत होता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनाव जनादेश का उत्सव होना चाहिए, भय और बदले का नहीं। इस संदर्भ में नेताओं की भाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

ममता बनर्जी के चुनाव परिणामों और चुनाव आयोग को लेकर आक्रामक तथा अड़ियल रुख को उनके समर्थकों ने किस रूप में लिया, यह गंभीर प्रश्न है। जब शीर्ष नेतृत्व लगातार यह संदेश दे कि जनादेश 'छीन' लिया गया है, तो कार्यकर्ताओं में उग्रता बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर भाजपा नेताओं की भाषा भी संयमित नहीं रही। यह कहना कि 'सबका साथ, सबका विकास के बाद अब सबका हिसाब होगा' निश्चित रूप से उत्तेजक और प्रतिशोधात्मक संदेश देता है। लोकतंत्र में 'हिसाब' चुनाव से होता है, सड़क की हिंसा से नहीं। सुरक्षा तंत्र की विफलता और भी गंभीर मसला है। चुनाव से पहले भारी केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। कहा गया कि कोलकाता में मणिपुर से भी अधिक सुरक्षाबल मौजूद हैं। गृह मंत्रालय ने दूरदर्शिता दिखाते हुए चुनाव के बाद भी केंद्रीय बल बनाए रखने का निर्णय लिया था। इसके बावजूद यदि हिंसा भड़कती है, फैलती है और हत्याओं तक पहुंच जाती है, तो यह केवल राजनीतिक दलों की नहीं, प्रशासनिक तंत्र की भी असफलता है। ढाई लाख सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यदि खुफिया तंत्र हिंसा की आशंका नहीं भांप पाया, तो जवाबदेही तय होनी ही चाहिए। भाजपा का यह आरोप कि हतोत्साहित तृणमूल कार्यकर्ता हिंसा फैला रहे हैं, आंशिक रूप से सही हो सकता है, लेकिन राजनीतिक हिंसा अक्सर एकतरफा नहीं होती; प्रतिशोध और प्रतिक्रिया का चक्र दोनों पक्षों को इसमें शामिल कर देता है। यदि तृणमूल के कार्यालय और कार्यकर्ता अधिक निशाने पर हैं, तो यह भी संभव है कि हिंसा बहुपक्षीय रूप ले चुकी हो।

केंद्र सरकार संवैधानिक सीमाओं के भीतर अतिरिक्त बल, त्वरित गिरफ्तारी, संयुक्त नियंत्रण कक्ष और राज्य सरकार पर अधिक दबाव जैसे कदम पहले उठा सकती थी। अब भी आवश्यकता संयुक्त शांति प्रयास की है। संभव है गृहमंत्री पहुंचने तक हिंसा रुक जाए। फिलहाल बंगाल को यह समझना होगा कि हिंसा से कोई स्थायी सियासी सफलता नहीं मिल सकती। यदि राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं को संयम नहीं सिखा सके, तो अंततः सबसे बड़ी हार जनता और लोकतंत्र दोनों की होगी।

## प्रसंगवश

# पैरानॉयड डिसऑर्डर मतलब खामोश संकेत, बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना, जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी। ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। विभिन्न रिपोर्ट्स में सामने आई जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल 'शक' था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था, जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
शिक्षिका

पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं, बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। वह अपने ही मन की आवाज को सच मान लेता है और बाहरी दुनिया की हर बात उसे झूठ लगने लगती है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है।

पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे 'जिद' या 'स्वभाव' समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना धीरे-धीरे एक आदत नहीं, बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है, जब समाज इस व्यवहार को 'सामान्य' या 'पुरुष स्वभाव' कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ मामलों में महिला को यह विश्वास हो जाता है कि उसका पति उसे धोखा दे रहा है, भले ही उसके पास कोई प्रमाण न हो। यह संदेह धीरे-धीरे उसके मानसिक संतुलन को बिगाड़ता है और रिश्तों में तनाव पैदा करता है।

एक और महत्वपूर्ण उदाहरण प्रसव के बाद की मानसिक स्थिति से जुड़ा है। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुंचाया। ये उदाहरण यह स्पष्ट करते हैं कि यह विकार केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है, यह एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# सोमनाथ और भारत की अजेय भावना





नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है। जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300 वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, "इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।" उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है।

मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

> सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है।

## आमने सामने



अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है, तो ईवीएम कैसे सुरक्षित है? ईवीएम में बेईमानी क्यों नहीं हो सकती? भाजपा झूठ की सोन पापड़ी है। एक झूठ की परत के ऊपर दूसरी परत चढ़ा देती है। प्रोपेगेंडा भाजपा का टार्गेटेड कैंपेन है। वो जनता को डराकर चुनाव लड़ती है।
**-अखिलेश यादव**
सपा मुखिया



समाजवादी पार्टी के मुखिया की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में (बंगाल) हार की बौखलाहट और फ्रस्ट्रेशन साफ उनके चेहरे पर दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव चुनावी हार के बाद मनगढ़ंत तरीके से ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि यह कोई नई बात नहीं है।
**-अनिल राजभर**
मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार

# 'नमामि' मिशन की जमीनी हकीकत



सुमन कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (नमामि) के तहत भारत की विशाल पांडुलिपि संपदा के डिजिटलीकरण की दिशा में पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय पहल की गई है। वर्ष 2024 के बाद इसे 'ज्ञान भारतम् मिशन' के रूप में पुनर्गठित किया गया, जिससे अपेक्षा थी कि यह प्रयास और अधिक गति और प्रभावशीलता के साथ आगे बढ़ेगा। परंतु जमीनी स्तर पर स्थिति अब भी असमान है और यह पहल अनेक संरचनात्मक तथा प्रशासनिक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है।

हाल के दिनों में बिहार एवं देश अन्य हिस्सों से यह समाचार मिल रहे हैं कि जिला प्रशासन की पहल पर सैकड़ों वर्ष पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटलीकरण के लिए एकत्र किया जा रहा है। यह पहल पहली दृष्टि में अत्यंत सकारात्मक और स्वागतयोग्य प्रतीत होती है, क्योंकि इससे स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ती है, किंतु इसके साथ यह आशंका भी जुड़ी रहती है कि कहीं यह प्रयास केवल औपचारिकता या सोशल मीडिया पर प्रचार तक सीमित न रह जाए।

इतिहास में जब भी प्रशासनिक स्तर पर विरासत संरक्षण की बात होती है, तो अलेक्जेंडर कनिंघम जैसे उदाहरण याद आते हैं, किंतु समकालीन संदर्भ में यह भी स्पष्ट है कि कुछ अपवादों को छोड़कर प्रशासनिक तंत्र में इस दिशा में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का अभाव रहा है। यही कारण है कि अनेक योजनाएं प्रारंभ तो होती हैं, परंतु उनमें निरंतरता और संस्थागत स्थायित्व नहीं बन पाता।

डिजिटलीकरण के संदर्भ में 'कृति संपदा' जैसे राष्ट्रीय डेटाबेस के माध्यम से लाखों पांडुलिपियों का पंजीकरण किया गया है। भंडारकर प्राच्य अनुसंधान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय तथा अन्य पांडुलिपि संसाधन केंद्रों में स्कैनिंग, मेटाडेटा निर्माण और संरक्षण का कार्य जारी है। इसके बावजूद, पांडुलिपियों का राज्यवार सटीक और अद्यतन सार्वजनिक डेटा अभी भी एकीकृत रूप में उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है और विभिन्न संस्थानों के माध्यम से चरणबद्ध ढंग से अद्यतन होती रहती है।

उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार, पांडुलिपियों की अधिकतम संख्या तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में पाई जाती है, जहां मंदिरों, मठों और निजी संग्रहों में इनका विशाल भंडार सुरक्षित है। वहीं राजस्थान और गुजरात में जैन तथा संस्कृत पांडुलिपियों की समृद्ध परंपरा है। उत्तर प्रदेश और बिहार में ऐतिहासिक पुस्तकालयों और विद्वत केंद्रों के कारण उल्लेखनीय संग्रह मौजूद हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर में तिब्बती, फारसी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की पांडुलिपियां महत्वपूर्ण हैं।

कुल मिलाकर, भारत में लगभग 45–50 लाख पांडुलिपियों का अनुमान है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा अभी भी अपंजीकृत या निजी हाथों में है। ऐसे में 'ज्ञान भारतम् मिशन' का कार्य केवल संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि इन विविध स्रोतों को एकीकृत कर एक विश्वसनीय राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना भी है। इसके बावजूद, इस विशाल संख्या की तुलना में डिजिटलीकरण की गति अभी भी धीमी है। कई परियोजनाएं तकनीकी उन्नयन, सतत वित्तपोषण और डेटा की सार्वजनिक उपलब्धता के अभाव में अधूरी रह जाती हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा देश के अधिकांश पुस्तकालयों की जर्जर स्थिति है। बड़े और प्रतिष्ठित संस्थानों को छोड़ दें तो जिला, विश्वविद्यालय और निजी संग्रहालयों में बुनियादी अवसंरचना का अभाव है। नियंत्रित तापमान, आर्द्रता प्रबंधन, प्रशिक्षित संरक्षक और उच्च गुणवत्ता वाले स्कैनिंग उपकरणों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कई पुस्तकालय आज भी पारंपरिक सूचीकरण तक सीमित हैं और कुछ स्थानों पर तो न्यूनतम स्टाफ भी उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप, वित्तीय संसाधनों की कमी डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

मानव संसाधन का संकट भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पांडुलिपि विज्ञान और संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की संख्या अत्यंत सीमित है। यद्यपि मिशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, परंतु उनका प्रभाव और विस्तार अभी पर्याप्त नहीं है।

आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो नमामि की सबसे बड़ी चुनौती 'नीति और क्रियान्वयन के बीच का अंतर' है। एक ओर इसकी परिकल्पना व्यापक और दूरदर्शी है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर संस्थागत समन्वय, तकनीकी मानकीकरण और सतत् वित्तपोषण का अभाव इसकी गति को सीमित करता है। डिजिटलीकरण के बाद भी डेटा की ओपन-एक्सेस उपलब्धता सीमित है, जिससे शोधार्थियों और आम जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की विशाल पांडुलिपि संपदा के डिजिटलीकरण की दिशा में पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय पहल की गई है, परंतु जमीनी स्तर पर स्थिति अब भी असमान है।

## सोशल फोरम

# प्रोफेसरों के नोट्स

हमारे यहां के प्रोफेसरों का आलम यह है कि वे एक ही विषय को सालों साल पढ़ाते रहते हैं। उनके पढ़ाने में कोई बेहतरी नजर नहीं आती। कोई नई अंतर्वस्तु नजर नहीं आती। उनके क्लास नोट्स में कोई नयापन या नई ठोस सामग्री और समझ नहीं होती। इसके विपरीत स्थितियां देखें, मैं इन दिनों मिशेल फूको के कक्षा में दिए गए व्याख्यान या यों कहें क्लास नोट्स पढ़ रहा हूं, उनमें गजब की मेहनत नजर आती है।



जगदीश्वर चतुर्वेदी
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग कलकत्ता यूनिवर्सिटी

मिशेल फूको College de France में 1971 से लेकर मृत्यु पर्यंत प्रोफेसर रहे, वहां नियम था कि प्रोफेसर को साल में 26 घंटे पढ़ाना है, इनमें आधे समय उनको सेमीनार के रूप में बोलना होता है और हर साल नई रिसर्च करके पढ़ाना होता था। वहां पाठ्यक्रम एकदम खुले होते थे, किसी किस्म के नामांकन की जरूरत नहीं होती थी, शर्त एक होती थी जो विषय चुना है, उस पर हर साल नया शोध करके लेक्चर दो। इस क्रम में मिशेल फूको के क्लास नोट्स सामने आए।

अब तस्वीर का दूसरा पहलू देखें। हिंदी में जो आए दिन फूको-फूको करते रहते हैं या फिर पश्चिम के विद्वानों को उद्धृत करके किताबें लिखते रहते हैं, व्याख्यान देते रहते हैं, उनमें से अधिकांश तो ठीक से कक्षा में पूरे समय पढ़ाने तक नहीं जाते, उनके क्लास नोट्स मिल जाएं तो आपको शर्मिंदा होना पड़ेगा।

मसलन, नामवर सिंह के क्लास नोटस प्रकाशित हो चुके हैं, वे किसी भी तरह एक प्रोफेसर के नोट्स नहीं लगते। खासकर एक ऐसे प्रोफेसर के नोट्स तो एकदम नहीं लगते, जो दुनियाभर के साहित्य का गंभीर अध्येता रहा हो। हिंदी में रामचंद्र शुक्ल के साहित्य इतिहास को देखें या फिर हजारी प्रसाद द्विवेदी के दिए गए व्याख्यानों को देखें, तो एकदम नए किस्म का अध्यापकीय विवेक और शोधदृष्टि सामने आएगी।

रामचंद्र शुक्ल ने एमए हिंदी के विद्यार्थियों को इतिहास पढ़ाते समय जो नोट्स बनाए, उनके आधार पर बाद में हिंदी साहित्य का इतिहास नामक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखा। द्विवेदी ने आदिकाल नामक किताब में अपने व्याख्यान शामिल किए हैं, इनमें एकदम नई सामग्री है, यही स्थिति उनकी व्याख्यानों की किताब मध्यकालीन बोध का स्वरूप की है। वहां पर मध्यकाल पर एकदम नए नजरिए से विचार किया गया है।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# एनसीईआरटी किताबें विवादों में घिरी

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी), 2020 के तहत विकसित किया गया नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ), 2023 भारत में स्कूली शिक्षा के लिए एक विस्तृत गाइडलाइन है, इसका मकसद छात्रों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना है, जिसमें होलिस्टिक डेवलपमेंट, कॉम्पिटेंसी-बेस्ड लर्निंग और इनक्लूसिविटी अर्थात समावेशिता पर जोर दिया गया है। स्कूली शिक्षा को चार चरणों में बांटा गया है। फाउंडेशनल (3-8 वर्ष), प्रिपरेटरी (8-11 वर्ष), मिडिल (11-14 वर्ष) और सेकेंडरी (14-18 वर्ष) कॉम्पिटेंसी-बेस्ड लर्निंग यानी रोट मेमोराइजेशन के बजाय कौशल आधारित शिक्षा पर जोर, फ्लेक्सिबल सब्जेक्ट चॉइस यानी सेकेंडरी स्तर पर छात्रों को विषय चुनने की आजादी, होलिस्टिक डेवलपमेंट यानी शारीरिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास पर ध्यान और इनक्लूसिविटी मायने सभी छात्रों के लिए समान अवसर तय करना है, नतीजतन उद्देश्य स्कूल पाठ्यक्रम और पठन-पाठन की सामग्री को विकसित है।



खालिद जीलानी
एक्टिविस्ट

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की क्लास एक से लेकर आठ तक नई किताबें बाजार में आने के साथ ही विवादों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मुद्दा एक नहीं लोगों को कई चीजों पर ऐतराज है। एनसीईआरटी पर इतिहास को सांप्रदायिक दृष्टिकोण से पेश करने के आरोप लग रहे हैं। मुगल साम्राज्य के बारे में कुछ अध्यायों को हटाने का फैसला किया गया, जिसका इतिहासकारों और शिक्षकों ने विरोध किया। देश के कई शहरों में एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा बरामद हुआ, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं,

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आठवीं क्लास की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक एक खंड का स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने इस पाठ्यपुस्तक की भौतिक या ऑनलाइन प्रतियों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी थी।

वर्तमान, नये शैक्षणिक सत्र की किताबें मार्केट में हैं। पहले एनसीईआरटी की फाउंडेशनल से लेकर मिडिल क्लासों की भाषाई पाठ्य पुस्तकों के नाम भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और क्लासिकल रागों के नाम पर रखे जाने पर आपत्ति जताई गई। अब नई किताबों में पुरानी किताबों के कुछ संदर्भ न होने को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। सातवीं की सोशल साइंस की किताब में मुगलों व दिल्ली सल्तनत के संदर्भों को हटा दिया गया है। भारतीय राजवंशों पर चैप्टर, महाकुंभ का संदर्भ, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चार धाम, धार्मिक यात्राओं जैसी योजनाओं के बारे में बताया गया है।

सोशल साइंस की नई किताब में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल किए गए हैं। पवित्र भूगोल (सेक्रेड साइट) अब दुनिया भर में एक मान्यता प्राप्त एकेडमिक डिसिप्लिन है, भारत के अनूठे मामले पर कई अध्ययन हुए हैं। स्वतंत्रता के बाद से ही कई शैक्षिक आयोगों और शिक्षाविदों ने हमारे बच्चों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह चैप्टर ऐसी भावना विकसित करने के कई संभावित तरीकों में से एक है। एनसीईआरटी किताब का टाइटल आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त और श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान भारतीय गणितज्ञों के योगदान को दर्शाता है। देश के हर राज्य की संस्कृति को किताबों के माध्यम से बताया गया है। किताब के एक चैप्टर ऑल इंडियंस में बारह राज्यों के बारे में जानकारी दी गई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# यूरेका

वैज्ञानिकों ने काफी समय तक निगरानी करते हुए मालूम किया है कि रात में खाने के लिए शिकार ढूंढने वाले जीव-जंतु चांदनी रातों में बेहतरी से और अधिक ऊर्जा से शिकार करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि चांदनी ही उन्हें अतिरिक्त शक्ति प्रदान करती है। यह स्टडी साइंस एडवांसेज जर्नल पहली मई 2026 के अंक में 'मूनलाइट ड्राइव्स द एनर्जी बैलेंस एंड एनुअल साइकिल ऑफ नॉकटर्नल फोरेजर' शीर्षक से स्पेन के साथ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से प्रकाशित की है। इस स्टडी की अहमियत पक्षियों के रात्रिकालीन व्यवहार, इनकी फिटनेस, शिकार पकड़ने की शक्ति के संचय के लिए चांदनी के प्रकाश की जरूरत और पारिस्थिकी संतुलन के लिए मानी गई है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक



## चंद्रमा की रोशनी से जुड़ी प्रतिक्रियाएं

ज्यादातर जीव-जंतु कई समय-सीमाओं में होने वाले समय-समय पर होने वाले पर्यावरणीय बदलावों का सामना करते हैं। ये बदलाव आकाशीय पिंडों की घूमने और अपनी जगह बदलने वाली गतियों के कारण भी होते हैं, जिससे जीवों में भू-भौतिकीय चक्रों के हिसाब से ढलने की क्षमता विकसित होती है। इन बदलावों में, उदाहरण के लिए, प्रजनन और जीवित रहने के लिए संसाधनों की तलाश में मौसम के हिसाब से एक जगह से दूसरी जगह जाना, संसाधनों की बहुतायत के समय ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा लेने के लिए पाचन क्रिया को समायोजित करना और उपवास के दौरान ऊर्जा बचाने के लिए शरीर के तापमान और चयापचय दर में नियंत्रित कमी करना शामिल हैं।

चमगादड़ से लेकर गीदड़, मेंढक, लोमड़ी और सांप जैसे रात में सक्रिय रहने वाले जीवों के लिए चंद्रमा का चक्र, रात की रोशनी का एक दोहराया जाने वाला पैटर्न बनाता है, जो उनके व्यवहार, शारीरिक बनावट और जीवन-इतिहास की विशेषताओं को आकार देता है। चंद्रमा की रोशनी से जुड़ी प्रतिक्रियाएं हवा, जमीन और पानी के पारिस्थितिक तंत्रों में अलग-अलग पोषण स्तरों पर दर्ज की गई हैं, जिससे यह पता चलता है कि चंद्रमा का चक्र वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद, जीवों की पारिस्थितिकी और विकास पर चंद्रमा के चक्र के प्रभावों को अभी भी ठीक से समझा नहीं गया है, क्योंकि रात में खुले वातावरण में रहने वाले जीवों का अध्ययन करने में कई तरह की स्वाभाविक चुनौतियां आती हैं।



# शिकारी जीवों को ताकत देती है चांदनी

### नाइटजार पक्षी

नाइटजार एक विश्वव्यापी समूह है, जिसमें ऐसे हवाई कीटभक्षी पक्षी शामिल हैं, जो सुबह और शाम के धुंधलके में या रात में सक्रिय रहते हैं। ये मुख्य रूप से कम रोशनी वाली स्थितियों में भोजन की तलाश करते हैं और दिन के समय बिना हिले-डुले आराम करते हैं, जिससे ये जीवों के व्यवहार और शारीरिक बनावट पर चंद्रमा की रोशनी के प्रभावों की जांच करने के लिए एक बेहतरीन माध्यम बन जाते हैं। कई प्रजातियों पर किए गए पिछले अध्ययनों में चंद्रमा के चक्र और रोजाना भोजन की तलाश करने की गतिविधि, साथ ही प्रजनन और प्रवास जैसे ऊर्जा की ज्यादा खपत वाले वार्षिक जीवन-इतिहास की घटनाओं के समय के बीच संबंध पाए गए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि चंद्रमा की रोशनी ऊर्जा प्राप्त करने की प्रक्रिया पर समय-समय पर कुछ सीमाएं लगा सकती है। हालांकि चंद्रमा की रोशनी को किसी जीव की व्यक्तिगत गतिविधि, ऊर्जा के बंटवारे और जीवन-इतिहास से जुड़े फैसलों से जोड़ने वाले तंत्रों को अभी भी ठीक से समझा नहीं गया है। नाइटजार सुबह और शाम के धुंधलके में भोजन की तलाश के छोटे-छोटे समय-अंतरालों के दौरान कीड़ों को पेट भर खा सकते हैं और शरीर के तापमान में अस्थायी कमी (जिसे 'टॉरपोर' कहते हैं) करके अपनी चयापचय लागत को कम कर सकते हैं। ये ऐसी रणनीतियां हैं, जो संभवतः उन्हें बिना चंद्रमा वाली रातों में भोजन की तलाश के लिए मिलने वाले बहुत ही कम समय का सदुपयोग करने में सक्षम बनाती हैं। ये सभी विशेषताएं मिलकर नाइटजार पक्षियों को एक बेहतरीन मॉडल के रूप में स्थापित करती हैं, जिससे यह समझने में मदद मिलती है कि चंद्रमा के चक्र किस तरह रात में सक्रिय रहने वाले जीवों के व्यवहार, शरीर-क्रिया विज्ञान और जीवन-इतिहास से जुड़े समझौतों को प्रभावित करते हैं। लाल गर्दन वाले नाइटजारों (Caprimulgus ruficollis, जिन्हें आगे नाइटजार कहा जाएगा) का अध्ययन किया गया। उद्देश्य यह समझना था कि चंद्रमा का चक्र उनकी रोजाना की भोजन खोजने की आदतों और सफलता को कैसे प्रभावित करता है। भोजन खोजने के दौरान चांदनी से जुड़ी बाधाएं किसी पक्षी के ऊर्जा भंडार और ऊर्जा बचाने वाले तरीकों (जैसे कि 'टॉरपोर' या सुप्तावस्था) के इस्तेमाल पर कैसे असर डालती हैं, और ये प्रभाव किस तरह मिलकर वार्षिक जीवन-चक्र की मुख्य घटनाओं जैसे कि प्रजनन, पंख झड़ना और प्रवास को एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाने में मदद करते हैं। भोजन खोजने में मिली सफलता, ऊर्जा की प्राप्ति और प्रजनन व पंख झड़ने के लिए समय के बंटवारे का आकलन करने के लिए, शोधकर्मियों ने स्पेन के 'दोनाना' क्षेत्र से 2011 से 2020 के बीच इकट्ठा किए गए लंबे समय के क्षेत्रीय आंकड़ों का उपयोग किया। उड़ान संबंधी गतिविधियों, टॉरपोर की स्थिति और प्रवास के समय पर नजर रखने के लिए सन् 2016 से 2020 के दौरान 74 वयस्क नाइटजारों पर विशेष रूप से तैयार किए गए छोटे आकार के 'मल्टीसेंसर डेटा लॉगर' लगाए गए थे। इसके अलावा, पांच अन्य पक्षियों पर 'ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम' लॉगर भी लगाए गए थे।







### क्या कहते हैं शोध

शोध के नतीजों से नाइटजार में चांद के समय के हिसाब से कई अडैप्टेशन होने और उनके आपस में तालमेल बिठाने का सपोर्ट मिलता है, जिससे वे अमावस्या के आसपास अकाल का समय झेल पाते हैं। इन अडैप्टेशन में हाइपोथर्मिया में जाने की क्षमता, शरीर के रिजर्व को साइकल के हिसाब से फिर से भरना और थोड़े समय के लिए बहुत ज्यादा खाना स्टोर करने की क्षमता बनाए रखना शामिल है। हम दिखाते हैं कि चांद से जुड़े ऐसे काउंटरमेजर का इस्तेमाल सिर्फ थोड़ा या कुछ समय के लिए किया जाता है, शायद फिटनेस कॉस्ट के कारण जो सालाना साइकिल में अलग-अलग होती है, जिसके नतीजे में जीवन-इतिहास की घटनाओं का चांद के साथ पहले से तय सिंक्रोनाइजेशन होता है।

नाइटजार कीड़ों के शिकारी और बड़े जानवरों के शिकार, दोनों के तौर पर एक अहम ट्रॉफिक जगह रखते हैं अर्थात भोजन को एक इनाम के तौर से प्राप्त करना। इसलिए, चांद की वजह से होने वाले उनके रोजाना के खाने की एक्टिविटी और एनर्जी बैलेंस में उतार-चढ़ाव कम्युनिटी में फैल सकते हैं, जिससे शिकार की आबादी और शिकारी-शिकार के बीच बातचीत पर इनडायरेक्ट असर पड़ सकता है और आखिर में, बड़े इकोसिस्टम के काम करने के तरीके पर भी असर पड़ सकता है।

यह स्टडी अंधेरे में जीवन के लिए चांदनी की अहमियत को दिखाती है और ऐसे संभावित अडैप्टेशन का पता लगाती है, जो जीवों को रात के समय की जगह का फायदा उठाने में मदद करते हैं। यह रात में रहने वाले जीवों की सालाना साइकिल ट्रैकिंग स्टडीज में इकोलॉजिकल एनर्जी को शामिल करने की जरूरत पर भी जोर देता है, जो रात की इकोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए एक जरूरी कदम है, खासकर तब जब दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा स्पीसीज रात में रहने वाले जीव बन रहे हैं। अपने आसपास भी हम पक्षियों के व्यवहार में कुछ परिवर्तन देख सकते हैं जोकि शहरी इलाकों, शहर के बाहरी इलाकों और खेतों में विचरण करने और घोंसला बनाकर संतोनात्पत्ति के कार्य में व्यस्त रहते हैं। भारत में ऐसे अध्ययन किए गए हैं। यह भी देखा गया है कि माइग्रेटरी बर्ड्स ज्यादातर चांदनी रातों में ही एक से दूसरे स्थान पर बहुत लंबी दूरी तक उड़ते हैं। सन् 2000 में मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चमगादड़ों पर ऐसा ही एक अध्ययन लंदन से प्रकाशित जूलॉजी जर्नल में किया था। इसमें यह भी बताया गया कि शहरों के आकाश में कृत्रिम विद्युत रोशनी की चमक इन रात्रिकालीन शिकारियों के व्यवहार और इनके ब्रीडिंग और फोरेज़िंग पैटर्न पर विपरीत असर डालती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

# अंतरिक्ष में डकार लेना क्यों होता है मुश्किल



पृथ्वी पर डकार लेना एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। जब हम भोजन करते हैं या पानी पीते समय हवा निगल लेते हैं, तो वह गैस पेट में जमा हो जाती है और बाद में डकार के रूप में बाहर निकलती है। यहां गुरुत्वाकर्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भोजन और तरल पदार्थों को पेट के निचले हिस्से में बनाए रखता है, जबकि गैस ऊपर की ओर आ जाती है और आसानी से मुंह के रास्ते बाहर निकल जाती है। वहीं अंतरिक्ष में स्थिति बिल्कुल अलग होती है। वहां लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण यानी माइक्रोग्रैविटी होती है। ऐसी अवस्था में गैस, तरल और ठोस पदार्थ अलग-अलग परतों में नहीं बंट पाते। परिणामस्वरूप पेट में मौजूद हवा भोजन और तरल के साथ मिश्रित रहती है। यही कारण है कि अंतरिक्ष यात्री सामान्य तरीके से डकार नहीं ले पाते। यदि वे डकार लेने की कोशिश करें, तो गैस के साथ पेट का तरल पदार्थ और भोजन भी मुंह तक आ सकता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में 'वेट बर्प' कहा जाता है, जो काफी असहज अनुभव हो सकता है।

इसी वजह से अंतरिक्ष यात्रियों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थ कम दिए जाते हैं, जो पेट में ज्यादा गैस बनाते हों, जैसे कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या अत्यधिक मसालेदार भोजन। अंतरिक्ष मिशनों में भोजन को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वह आसानी से पच जाए और गैस की समस्या कम पैदा करे। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, अंतरिक्ष में केवल डकार ही नहीं, बल्कि शरीर की कई सामान्य प्रक्रियाएं भी बदल जाती हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोग्रैविटी के कारण शरीर के तरल पदार्थ ऊपर की ओर खिसकने लगते हैं, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों का चेहरा सूजा हुआ दिखाई देता है। वहीं पैरों में रक्त और तरल कम पहुंचता है। अंतरिक्ष में पाचन तंत्र भी पृथ्वी की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। कई अंतरिक्ष यात्रियों ने बताया है कि वहां भोजन का स्वाद थोड़ा फीका लगता है, क्योंकि शरीर के तरल ऊपर आने से नाक बंद जैसी स्थिति बन जाती है। यही कारण है कि अंतरिक्ष यात्री अधिक तीखे और मसालेदार भोजन को पसंद करने लगते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि लंबे अंतरिक्ष मिशनों जैसे मंगल ग्रह की यात्रा के लिए मानव शरीर पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभावों को समझना बेहद जरूरी है। डकार जैसी छोटी लगने वाली प्रक्रिया भी अंतरिक्ष विज्ञान में महत्वपूर्ण शोध का विषय बन चुकी है। यह दिखाता है कि पृथ्वी पर सामान्य दिखने वाली हमारी कई शारीरिक क्रियाएं वास्तव में गुरुत्वाकर्षण पर कितनी निर्भर हैं।

# अमेजन जंगल क्यों माना जाता है रहस्यमयी

अमेजन का वर्षावन, जिसे 'पृथ्वी का फेफड़ा' भी कहा जाता है, सदियों से मानव जाति के लिए कौतूहल और रहस्य का केंद्र रहा है। दक्षिण अमेरिका के नौ देशों में फैला यह विशाल जंगल न केवल अपनी जैव-विविधता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां छिपे अनगिनत अनसुलझे रहस्य इसे दुनिया के सबसे रहस्यमयी जगहों में से एक बनाते हैं। अमेजन में पौधों और जीवों की इतनी प्रजातियां हैं कि वैज्ञानिकों का मानना है कि हमने अभी तक केवल 10 प्रतिशत हिस्से को ही समझा है। हर साल यहां दर्जनों नई प्रजातियों की खोज होती है, जिससे यह सवाल उठता है कि इस घने अंधेरे विस्तार में और क्या-क्या छिपा हो सकता है?

### 'उबलती हुई नदी' का रहस्य

पेरू के जंगलों के बीच 'शनाय-तिम्पिशका' (Shanay-timpishka) नाम की एक नदी बहती है, जिसका पानी खौलता रहता है। यहां का तापमान 90 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जिसमें कोई भी जीव जीवित नहीं रह सकता। सबसे रहस्यमयी बात यह है कि इस नदी के पास कोई सक्रिय ज्वालामुखी नहीं है, फिर भी इसका पानी कैसे उबलता है, यह आज भी वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है।



### छिपी हुई सभ्यताएं और 'एल डोरैडो'

हजारों वर्षों से यह माना जाता रहा है कि अमेजन के घने जंगलों के बीच सोने का शहर 'एल डोरैडो' छिपा है। हालांकि वह शहर तो नहीं मिला, लेकिन हालिया 'लिडार' (LiDAR) तकनीक के स्कैन से जंगल के नीचे विशाल संरचनाएं, सड़कें और नहरों के जाल मिले हैं। यह संकेत देते हैं कि प्राचीन काल में यहां एक बहुत बड़ी और विकसित सभ्यता निवास करती थी, जो अचानक विलुप्त हो गई।

### जनजातियां

अमेजन दुनिया के उन चुनिंदा जगहों में से एक है, जहां आज भी ऐसी जनजातियां रहती हैं, जिनका आधुनिक दुनिया से कोई संपर्क नहीं है। ये लोग अपनी आदिम जीवनशैली में मस्त हैं और बाहरी दुनिया के लिए एक पहेली बने हुए हैं। वे कौन सी भाषा बोलते हैं और उनके पास प्रकृति के क्या रहस्य हैं, यह कोई नहीं जानता।

### मिट्टी के पिरामिड

हाल ही में बोलिविया और ब्राजील के जंगलों के नीचे विशाल मिट्टी के पिरामिड और ऊंचे चबूतरे मिले हैं। ये संरचनाएं दर्शाती हैं कि यहां कभी भव्य धार्मिक स्थल थे। वैज्ञानिकों को यहां इंसान द्वारा बनाई गई बेहद उपजाऊ काली मिट्टी मिली है। यह मिट्टी हजारों सालों बाद भी उपजाऊ बनी हुई है, जो इस बात का सबूत है कि प्राचीन लोग खेती की उन्नत तकनीक जानते थे।

### प्रतिकूल वातावरण और 'अंधेरा'

अमेजन का घनत्व इतना अधिक है कि सूर्य की रोशनी जंगल की सतह तक मुश्किल से पहुंच पाती है। यहां का वातावरण इतना चुनौतीपूर्ण है कि आधुनिक तकनीक के बावजूद इसके कई हिस्सों में प्रवेश करना लगभग असंभव है। कई खोजकर्ता इस जंगल में गए और कभी वापस नहीं लौटे, जिससे इसके साथ 'शापित' या 'खतरनाक' होने की कहानियां जुड़ गईं।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,844.52 | 24,326.65 |
| गिरावट | 114.00 | 4.30 |
| प्रतिशत में | 0.15 | 0.02 |

सोना 1,56,000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,61,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 8 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अदाणी ग्रीन ने किया इकाइयों का गठन

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन के लिए अपनी अनुषंगी कंपनी की अनुषंगी इकाइयां गठित करने की गुरुवार को जानकारी दी। एजीईएल ने शेयर बाजार को बताया कि नई इकाइयों का गठन उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी सिक्स्टी फोर लिमिटेड (एआरई64एल) द्वारा किया गया है। कंपनी ने कहा कि एआरई64एल स्टेप-वन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एआरई64एस1एल) और एआरई64एल स्टेप-टू रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एआरई64एस2एल) का गठन नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन के उद्देश्य से किया गया है। अदानी ग्रीन एनर्जी बड़े पैमाने पर ग्रिड से जुड़े सौर, पवन, हाइब्रिड एवं ऊर्जा भंडारण समाधानों का विकास, स्वामित्व और संचालन करती है।

### एप्पल और क्लीनमैक्स करेंगे ऊर्जा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। भारत में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए क्लीनमैक्स और एप्पल ने 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की साझेदारी की है। क्लीनमैक्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियों का लक्ष्य देश के वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) खंड की जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की तैनाती के माध्यम से पूरा करना है। बयान में कहा गया कि एप्पल और क्लीनमैक्स ने भारत के वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा तैनाती के जरिये कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में तेजी लाने के उद्देश्य से एक रणनीतिक सह-निवेश समझौता किया है।

### भारत फोर्ज का शुद्ध लाभ 17% घटकर 233.45 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। रक्षा उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी भारत फोर्ज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत घटकर 233 .45 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 282 .62 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। भारत फोर्ज ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में उसे कुल 98 .73 करोड़ रुपये का असाधारण खर्च वहन करना पड़ा जिसमें अनुषंगी कंपनी में निवेश में कमी, श्रम संहिता का प्रभाव एवं उसकी जर्मन इकाई भारत फोर्ज सीडीपी जीएमबीएच के पुनर्गठन से जुड़े आकस्मिक खर्च शामिल हैं।

### सीईएससी का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बिजली कंपनी सीईएससी लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 459 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष की समान अवधि में शुद्ध लाभ 386 करोड़ रुपये रहा था। सीईएससी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 4,129 करोड़ रुपये हो गई जो एक वर्ष पहले इसी तिमाही में 4,030 करोड़ रुपये थी।

# उत्पादन ही काफी नहीं, निर्यात क्षमता भी बढ़ानी होगी : शिवराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब केवल उत्पादन बढ़ाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि गुणवत्ता, सेल्फ लाइफ, प्रोसेसिंग और निर्यात क्षमता को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इतना ही नहीं, भारत को वैश्विक फल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने के लिए उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन को आधुनिक बनाना होगा।

केन्द्रीय मंत्री, गुरुवार को लखनऊ स्थित आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में आयोजित 'फ्रूट होराइजन 2026' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



लखनऊ स्थित आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में कृषि विज्ञानी से बात करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**फ्रूट होराइज़न 2026**

- यूपी बनेगा प्रीमियम फल उत्पादन और निर्यात का बड़ा हब
- गुणवत्ता, सेल्फ लाइफ और निर्यात मानकों पर होगा विशेष फोकस

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय फलों की गुणवत्ता सुधारना बेहद जरूरी है। सरकार अब शेल्फ लाइफ बढ़ाने, निर्यात के दौरान गुणवत्ता बनाए रखने और वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रही है। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीरो रिजेक्शन और प्रीमियम क्वालिटी वाले फलों का उत्पादन भारत को निर्यात के क्षेत्र में नई ऊंचाई तक पहुंचा सकता है।

इसके लिए आधुनिक तकनीक, बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन, पैकहाउस और प्रोसेसिंग सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से किसान, वैज्ञानिक, निर्यातक, नर्सरी संचालक, एफपीओ और फल प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी व कृषि विज्ञानी मौजूद रहे।

### किसानों की आय बढ़ाने को बनेगी टास्क फोर्स

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि आईसीएआर के वैज्ञानिक संस्थान, एपीडा, निर्यातक और अन्य एजेंसियां मिलकर एक विशेष टास्क फोर्स बनाएंगी। यह टास्क फोर्स उत्पादकों और निर्यातकों की समस्याओं का समाधान कर समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार करेगी, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### यूपी को मिलेगा क्लीन प्लांट मिशन का लाभ

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार के "क्लीन प्लांटिंग मैटेरियल प्रोग्राम" के तहत उत्तर प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में उन्होंने छोटे किसानों को बाजार और निर्यात से जोड़ने में एफपीओ, एफपीसी और स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को अहम बताया। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा कई निर्यातोन्मुख क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही बताया कि जल्द ही जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी निर्यात परियोजनाएं प्रदेश को फल निर्यात के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी।

## बदलाव के नए दौर की शुरुआत

# शेयर बाजार में अब घरेलू निवेशकों ने थामी पतवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहली तिमाही में निफ्टी-50 कंपनियों में घरेलू हिस्सेदारी रिकॉर्ड 20.9% पर
- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की पकड़ पड़ रही ढीली, हिस्सेदारी घटकर 17.1%

**अमृत विचार।** देश में शेयर बाजार की तस्वीर तेजी से बदल रही है। लंबे समय तक बाजार की दिशा तय करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की पकड़ अब कमजोर पड़ती दिख रही है, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) निर्णायक ताकत बनकर उभर रहे हैं। भारतीय पूंजी बाजार के लिए यह बदलाव एक नए दौर की शुरुआत माना जा रहा है, जिसमें बाजार की असली ताकत घरेलू निवेशकों के हाथों में जाती नजर आ रही है।

इस साल की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार निफ्टी-50 कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 20.9 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की हिस्सेदारी घटकर 17.1 फीसदी रह गई है, यह बीते कई वर्षों का निचला स्तर है। यह बदलाव भारतीय पूंजी बाजार की संरचना में हो रहे बड़े परिवर्तन का संकेत है।

म्यूचुअल फंडों में बढ़ते एसआईपी निवेश, रिटायरमेंट फंड्स की सक्रियता और खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी ने घरेलू निवेशकों को बाजार का नया आधार बना दिया है। मार्च में समाप्त तिमाही के दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में करीब 27.2 अरब डॉलर का निवेश किया। दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बना रहा। हालांकि मार्च के अंत में बाजार में आई तेजी से विदेशी निवेशकों की गतिविधियों में कुछ नरमी देखने को मिली। यदि घरेलू निवेशकों की यह प्रवृत्ति जारी रहती है तो विदेशी बिकवाली का असर पहले की तुलना में काफी सीमित रह सकता है।

### बाजार में स्थिरता लाता है घरेलू निवेश

आर्थिक सलाहकार और शेयर बाजार विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार पिछले एक वर्ष में घरेलू निवेशकों ने बैंकिंग, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, हेल्थकेयर और उपभोक्ता क्षेत्र समेत कई सेक्टरों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके विपरीत विदेशी पोर्टपोलियो निवेशकों ने अनेक सेक्टरों में हिस्सेदारी कम की है। घरेलू संस्थानों की दीर्घकालिक निवेश रणनीति बाजार में स्थिरता लाती है, जबकि विदेशी निवेश अपेक्षाकृत अधिक संवेदनशील होता है और वैश्विक परिस्थितियों से तेजी से प्रभावित होता है। घरेलू बचत का वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ता रुझान भारतीय बाजार को दीर्घकालिक मजबूती देगा। इससे बाजार की विदेशी पूंजी पर निर्भरता घटेगी और उतार-चढ़ाव में कमी आ सकती है। एसआईपी प्रवाह और घरेलू निवेश की रफ्तार बनी रहती है, तो भारतीय शेयर बाजार आने वाले वर्षों में अधिक आत्मनिर्भर और स्थिर स्वरूप में सामने आ सकता है।

# बुनियादी ढांचा सुधार से तेजी से बढ़ रहा उप्र का संपत्ति बाजार : यूपी-रेरा

## 2026 में 400 नई परियोजनाओं को दी जा सकती है मंजूरी, पिछले साल थीं 308

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र-रेरा) के चेयरमैन संजय आर भूसरेड्डी ने कहा है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के चलते राज्य में संपत्ति बाजार तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र-रेरा द्वारा 2026 में 400 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी जा सकती है। पिछले कैलेंडर साल में यह आंकड़ा 308 रहा था।

उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के चेयरमैन भूसरेड्डी ने कहा कि राज्य का संपत्ति बाजार अब केवल लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद तक ही सीमित नहीं है।

उन्होंने कहा कि कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, झांसी, हापुड़, बरेली, मेरठ, मुजफ्फरनगर और गोंडा जैसे अन्य शहरों में भी रियल एस्टेट गतिविधियों में तेजी आई है। भूसरेड्डी




ने कह कि यूपी-रेरा ने 2023 के कैलेंडर वर्ष में 197 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। यह संख्या 2024 में बढ़कर 259 और 2025 में 308 हो गई। इस वर्ष अब तक हमने 108 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि पूरे 2026 में 400 से अधिक परियोजनाओं

**रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में बोले यूपी रेरा अध्यक्ष- कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, झांसी, हापुड़, बरेली, मेरठ, मुजफ्फरनगर और गोंडा जैसे अन्य शहरों में भी रियल एस्टेट गतिविधियों में आई है तेजी**

को मंजूरी मिलने की संभावना है। रेरा अधिनियम के अन्तर्गत, रियल एस्टेट डेवलपर को अपनी परियोजनाओं को बिक्री के लिए पेश करने से पहले रेरा पंजीकरण प्राप्त करना आवश्यक है।

भूसरेड्डी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास, जिसमें जेवर हवाई अड्डा भी शामिल है, के कारण रियल एस्टेट की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्य सरकार ने एक्सप्रेसवे विकसित किए हैं, वहां रियल एस्टेट क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

### खरीदार और विक्रेता, दोनों के बीच रेरा अधिनियम के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के चेयरमैन आनंद कुमार ने खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के बीच रेरा अधिनियम के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। फिक्की के पूर्व अध्यक्ष और सोमानी इम्प्रेसा ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप सोमानी ने कहा कि निवेशकों के बढ़ते भरोसे के बीच भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र वृद्धि के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विपुल रूंगटा ने कहा कि भारत का दो-तिहाई रियल एस्टेट बाजार आवास क्षेत्र से संबंधित है। उन्होंने कहा कि युवा और आकांक्षी आबादी की वजह से आवासीय इकाइयों की मांग बढ़ेगी।

# एनबीएफसी लाइसेंस लेने की योजना से पेटीएम का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी प्रमुख वन97 कम्युनिकेशंस ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) लाइसेंस के लिए आवेदन करने की योजना से इनकार किया है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। कंपनी का चौथी तिमाही का आय संबंधी विवरण देते हुए पेटीएम के अध्यक्ष मधुर देवड़ा ने गुरुवार को कहा कि हम एनबीएफसी लाइसेंस लेने को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं। पेटीएम की प्राथमिकता दोनों पक्षों के लिए लाभकारी साझेदारी मॉडल की है। जिसमें पेटीएम वितरण, प्रौद्योगिकी एवं वसूली का काम संभालता है जबकि उसके प्रतिष्ठित ऋण साझेदार पूंजी, जोखिम एवं चक्रीय उतार-चढ़ाव का प्रबंधन करते हैं।

# राज्यों के जीडीपी की गणना के लिए दिशा निर्देश जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की गणना के लिए 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए एक समान दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे सभी राज्यों में मानकीकृत ढांचे और प्रदर्शन की तुलनात्मकता सुनिश्चित की जा सकेगी।

राष्ट्रीय लेखा खातों की गणना के लिए आधार वर्ष को पहले ही 2022-23 में बदल दिया गया है ताकि नये आंकड़ों और विकसित हो रहे अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ बेहतर अनुमान पद्धतियों को शामिल करके अर्थव्यवस्था की संरचना को अधिक सटीक रूप से समझा जा सके।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस बदलाव के अनुरूप, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को क्षेत्रीय आर्थिक प्रदर्शन के आकलन में अधिक सटीकता, एकरूपता और तुलनात्मकता सुनिश्चित करने के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) संकलन को नए आधार वर्ष को अपनाना जरूरी है।

इससे राज्य स्तरीय अनुमानों की एकरूपता, विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक मानकीकृत ढांचा प्राप्त होगा। वित्त मंत्रालय, वित्त आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) और अन्य संबंधित पक्ष राजकोषीय विकेंद्रीकरण, नीति निर्माण, संसाधन आवंटन, बजट निर्माण, प्रदर्शन मूल्यांकन और अंतर-राज्यीय तुलनाओं के लिए जीएसडीपी का व्यापक रूप से उपयोग करते हैं।

वर्तमान में, लक्षद्वीप और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को छोड़कर 34 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश 2011-12 को आधार वर्ष मानकर जीएसडीपी अनुमान संकलित कर रहे हैं।




- वर्ष 2022-23 को माना गया आधार वर्ष
- सभी राज्यों में मानकीकृत ढांचे और प्रदर्शन की तुलनात्मकता सुनिश्चित की जा सकेगी

# श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया न 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की गुरुवार को शुरुआत की।

दिल्ली स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन देशभर के श्रमिकों के लिए सम्मान, कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने इस अवसर को 'श्रम शक्ति' के सम्मान का दिन बताते हुए कहा कि सरकार सभी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा दायरे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में सरकार ने रोजगार सृजन के जरिये 'श्रम शक्ति' और 'युवा शक्ति' को सशक्त बनाने का काम किया है।

देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा एक दशक में 30 करोड़ से बढ़कर आज करीब 94 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच गया है।

# सेबी ने बंद किया शेयर ब्रोकरों के जोखिम का सुरक्षा प्रणाली मंच 'आईआरआरए'

नई दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को शेयर ब्रोकरों के लिए निवेशक जोखिम कम करने वाले मंच आईआरआरए को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि पूंजी बाजार में कामकाज जारी रखने की मजबूत व्यवस्था और साइबर सुरक्षा ढांचे के सशक्त होने से यह मंच अब अप्रासंगिक हो गया है।

आईआरआरए (इन्वेस्टर रिस्क रिडक्शन एक्सेस) मंच को एक अक्टूबर, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य ब्रोकरों को शेयर खरीद-बिक्री सेवाओं में बाधा आने की स्थिति में एक वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध कराना था।

हालांकि, सेबी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी-आधारित कई उपाय लागू किए जाने से ब्रोकरों की परिचालन क्षमता में मजबूती आई है। इनमें 'बिजनेस कंटिन्यूटी प्लानिंग और डिजास्टर रिकवरी' (बीसीपी-डीआर) व्यवस्था, बेहतर साइबर सुरक्षा ढांचा, बाजार सुरक्षा परिचालन केंद्र और तकनीकी गड़बड़ी से निपटने के तंत्र को मजबूत करना शामिल है।

शेयर ब्रोकरों ने ऐसे तकनीकी समाधान भी अपनाए हैं, जिससे किसी बाधा की स्थिति में मुख्य और वैकल्पिक प्रणाली के बीच आसानी से स्विच किया जा सकता है।

### कभी उपयोग में ही नहीं आया था मंच

सेबी के मुताबिक, शेयर बाजारों ने बताया है कि आईआरआरए मंच शुरू होने के बाद से कभी भी उपयोग में नहीं आया और मजबूत नियामकीय उपायों एवं तकनीकी प्रगति के कारण यह 'संरचनात्मक रूप से अप्रासंगिक' हो गया है। बाजार नियामक ने इन्हीं कारणों और हितधारकों की प्रतिक्रिया के आधार पर इस मंच को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया है।

# वालमार्ट ने कहा- भारत सबसे गतिशील व्यापारिक अवसर

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जॉन फर्नर ने भारत को वैश्विक व्यापार में सबसे गतिशील अवसरों में से एक बताते हुए कहा है कि कंपनी अब तक यहां से 40 अरब डॉलर मूल्य का सामान खरीद चुकी है।

फर्नर ने कहा कि कंपनी उद्यमियों और आपूर्तिकर्ताओं की क्षमताओं को मजबूत करने, अनुपालन और गुणवत्ता मानकों को बेहतर बनाने तथा विनिर्माण क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रही है, ताकि अधिक भारतीय व्यवसाय निर्यात के लिए तैयार हो सकें।

# एमएमटीपी-पीएएमपी ने फिर शुरू किया डिजिटल सोना-चांदी खरीद का मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

बहुमूल्य धातुओं को परिष्कृत करने वाली कंपनी एमएमटीसी-पीएएमपी डिजिटल रूप में सोने और चांदी की खरीद को फिर से शुरू कर दिया है। अब उपभोक्ता गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे साझेदार मंचों के अलावा कंपनी की वेबसाइट और एंड्रॉइड ऐप के माध्यम से सीधे डिजिटल सोने और चांदी की खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी ने सबसे पहले 2017 में डिजिटल सोना और फरवरी, 2023 में चांदी की पेशकश की थी। हालांकि, बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए वेबसाइट को नया रूप देने के उद्देश्य से 2024 के अंत में सीधे मंच से बिक्री बंद कर दी गई थी।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी समित गुहा ने कहा कि डिजिटल सोना और चांदी कीमती



धातुओं के उद्योग में खरीदारी का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है। खासकर युवा और पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों के बीच यह काफी लोकप्रिय है। यह माध्यम सुगमता, लचीलेपन और पारदर्शिता को महत्व देता है।

कहा कि इसकी पुनः शुरुआत के साथ हमारा ध्यान डिजिटल मंच की सुविधा के साथ भौतिक सोने और चांदी के भरोसे को बनाए रखने पर है। भारत में निवेश के एक विकल्प के रूप में डिजिटल कीमती धातुओं ने लोकप्रियता हासिल की है।

### दस रुपये मात्र से कर सकते हैं सोना-चांदी में निवेश

वेबसाइट के नवीनीकरण के दौरान यह सेवा तृतीय-पक्ष भुगतान मंच के माध्यम से उपलब्ध रही। एमएमटीसी-पीएएमपी ने मई, 2025 में अपनी नई वेबसाइट को फिर से पेश किया। इस सेवा के तहत ग्राहक मात्र 10 रुपये से सोने और चांदी में निवेश कर सकते हैं। प्रत्येक यूनिट के बदले में बीमाकृत, बैंक-स्तर की तिजोरियों में सुरक्षित भौतिक धातु मिलती है, जिसका ऑडिट एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष द्वारा किया है। ग्राहक के नाम पर इन्हें रखा जाता है और इन्हें वास्तविक बाजार मूल्यों पर खरीदा, बेचा, उपहार में दिया या भुनाया जा सकता है। प्राप्त राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है या भौतिक सिक्कों और छड़ों में परिवर्तित की जाती है।

**बदलाव** | कोफोर्ज का मुनाफा दोगुना, एआई से पैदा होंगे नए और ज्यादा लाभ वाले अवसर

# कामकाज का मॉडल बदल रहा एआई, पर बाजार नहीं होगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कोफोर्ज ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से आईटी उद्योग का पारंपरिक 'लेबर-एज-ए-डिफॉल्ट' मॉडल बदल रहा है। हालांकि, कंपनी का मानना है कि इससे आईटी सेवाओं का बाजार छोटा नहीं होगा, बल्कि नए और ज्यादा मुनाफे वाले अवसर पैदा होंगे।

कंपनी का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 612.3 करोड़ रुपये पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 308 करोड़ रुपये के आसपास था। वहीं, कंपनी का राजस्व 30 प्रतिशत बढ़कर 4,450.4 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 3,422.2 करोड़ रुपये था। कंपनी के सीईओ और कार्यकारी निदेशक सुधीर सिंह ने कहा कि एआई के बढ़ते इस्तेमाल से टेक्नोलॉजी सर्विस इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई से कोड बनाना भले सस्ता हो, लेकिन उसका रखरखाव, सुरक्षा और संचालन महंगा पड़ता है। इसलिए आने वाले समय में एआई आधारित सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी।



### एजेंट एआई बनेगा नया बड़ा बाजार

सुधीर सिंह ने कहा कि जैसे 20 साल पहले कंपनियां क्लाउड टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ी थीं, वैसे ही अब "एजेंट एआई" नई तरह की मैनेज्ड सर्विसेज का बड़ा बाजार तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि एआई सिस्टम लागू होने के बाद कंपनियों को मॉडल की निगरानी करनी होगी। एआई एजेंट्स को दोबारा ट्रेन करना होगा और पूरे सिस्टम का संचालन संभालना होगा। इससे आईटी कंपनियों के लिए नए बिजनेस अवसर बनेंगे। कोफोर्ज ने निवेशकों को बताया कि फिलहाल एआई आधारित टेक्नोलॉजी सेवाओं का बाजार 160-180 अरब डॉलर का है। इसके अगले पांच वर्षों में 35 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए 800 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। कोफोर्ज ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने एआई पर 55 लाख डॉलर का निवेश किया।

### बढ़ती लागत से निपटने को प्रौद्योगिकी अपना रहा रियल एस्टेट क्षेत्र : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र बढ़ती लागत के दबाव और सख्त नियामकीय अनुपालन के बीच मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने के लिए तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों (टूल) को अपना रहा है। उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2025 में 650 अरब डॉलर का था। फिक्की और परामर्श कंपनी केपीएमजी की रिपोर्ट 'भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य की पुनर्कल्पना - मूल्य श्रृंखला परिवर्तन में प्रौद्योगिकी की भूमिका' गुरुवार को यहां जारी की गई। फिक्की द्वारा आयोजित एक शिखर सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया कि ... यह क्षेत्र अब तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों को अपना रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस की सेना ने यूक्रेन की ओर से दागे 347 ड्रोन को किया नष्ट

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रात भर में 347 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया। यह घटना मॉस्को द्वारा सप्ताह की शुरुआत में कीव के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने और रूस के आगामी 'विजय दिवस' समारोह में सुरक्षा को लेकर बढ़ते तनाव के बाद एक बड़े हमले के रूप में सामने आई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन द्वारा किए गए हवाई हमलों में मॉस्को समेत 20 से अधिक क्षेत्रों में ड्रोन नष्ट किए गए। ये हमले रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए युद्ध के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था। इससे पहले मार्च में यूक्रेन ने 389 ड्रोन दागे थे। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन में शुक्रवार और शनिवार के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है।

### बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप फैला, 12 और बच्चों ने तोड़ा दम

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे की महामारी से पिछले 24 घंटों में 12 और बच्चों की मौत हो गई है जिनमें एक बच्चे में खसरे की पुष्टि हुई थी, जबकि 11 बच्चों में खसरे जैसे लक्षण थे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया है कि पूरे देश में 1,238 और बच्चों में खसरे के लक्षण पाए गए हैं। यह जानकारी 'प्रथम आलो' की रिपोर्ट में दी गई है। इनमें से 286 मामलों के प्रयोगशाला में पुष्टि हुई है। इससे पहले 4 मई को 24 घंटों के भीतर खसरे और खसरे के लक्षणों के कारण कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई थी। इसके साथ ही 15 मार्च से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 279 हो गई है।

### जयशंकर ने सूरीनाम को दिया विकास में सहयोग का आश्वासन

**पारामारिबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत सूरीनाम की विकास क्षमता को पहचानता है और उसकी प्रगति यात्रा में एक भरोसेमंद सहयात्री बना रहेगा। जयशंकर ने संयुक्त आयोग की बैठक के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि भारत और सूरीनाम व्यापार, पर्यटन, डिजिटल क्षमताओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के लिए अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित किए गए।

# तीस्ता पर तनाव : भारत से जुड़ा मुद्दा लेकर चीन के पास पहुंचा बांग्लादेश

## तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना के लिए मांगी मदद, भारत से संबंधों पर पड़ेगा असर

**बीजिंग, एजेंसी**

तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना के लिए औपचारिक रूप से चीन से मदद मांगी है। इस कदम से भारत और बांग्लादेश के संबंधों के प्रभावित होने के आसार बढ़ गए हैं। चीन ने बांग्लादेश का समर्थन किया है, साथ ही उसके साथ पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और चीन के उनके समकक्ष वांग यी के बीच बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनर्स्थापन परियोजना (टीआरसीएमआरपी) से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है, जहां यह सिंचाई एवं लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत है।वांग ने नई बांग्लादेश सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि चीन उच्च गुणवत्ता वाली ''बेल्ट एंड रोड'' सहयोग परियोजना को बांग्लादेश की राष्ट्रीय विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और अर्थव्यवस्था, अवसंरचना एवं लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की कंपनियों को बांग्लादेश में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित करेगी।

चीन के अनुसार, वांग ने जोर दिया कि बांग्लादेश और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के साथ चीन के संबंधों का विकास किसी तीसरे पक्ष को लक्ष्य नहीं बनाता। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के फरवरी में सत्ता संभालने के बाद यह रहमान की चीन की पहली यात्रा है। वह पांच मई को यहां पहुंचे और बृहस्पतिवार को लौटेंगे। रहमान पिछले महीने भारत भी आए थे। भारतीय नेताओं के साथ उनकी वार्ता पर बीजिंग ने करीबी नजर रखी क्योंकि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद यूनुस नीत अंतरिम प्रशासन के चीन और पाकिस्तान के करीब आने से ढाका और भारत के बीच संबंधों में तनाव आ गया था।





### पहले से तीस्ता के मुद्दे में दिलचस्पी दिखा रहा है चीन

चीन कई वर्ष से टीआरसीएमआरपी के विकास में रुचि दिखाता रहा है, जो भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी गलियारे के पास स्थित है। यह इसकी मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। इस पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी जो सीमा-पार नदी प्रबंधन पर ढाका के साथ सहयोग बढ़ाने के नई दिल्ली के प्रयासों को दर्शाता है। जल बंटवारा द्विपक्षीय संबंधों में एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है और गंगा नदी के शुष्क मौसम में जल बंटवारे को नियंत्रित करने के लिए 1996 में 30 वर्ष के लिए हस्ताक्षरित भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि को यदि नवीनीकृत नहीं किया गया तो यह इस वर्ष समाप्त होने वाली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब हाल के वर्षों में चीन ने बांग्लादेश में अपनी आर्थिक एवं कूटनीतिक उपस्थिति का विस्तार किया है।

### चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मामले में मृत्युदंड

**बीजिंग।** चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों वी फेंघे और ली शांगफू को बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार के आरोपों में दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा दी। फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया गया, शांगफू को रिश्वत लेने और देने दोनों मामले में गुनहगार करार दिया गया। फेंघे और उनके बाद रक्षा मंत्री बने शांगफू को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निकाल दिया गया था। दोनों ने जिनपिंग के तहत काम किया था। वे केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे। फेंघे 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ महीने यह प्रभार संभाला। फेंघे और शांगफू दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था।

# 90 देशों में 1.55 करोड़ डॉलर की नकली दवाएं जब्त

- इंटरपोल का अभियान, 66 गिरोहों का भंडाफोड़, 269 लोग गिरफ्तार

**सिंगापुर, एजेंसी**

इंटरपोल के समन्वय में 90 देशों और क्षेत्रों में चलाए गए 'ऑपरेशन पेंजिया 18' के तहत 1.55 करोड़ डॉलर मूल्य की 64.2 लाख से अधिक अवैध और नकली दवाओं को जब्त किया गया है। इस बीच अवैध दवा व्यापार में शामिल 66 आपराधिक समूहों का भंडाफोड़ करने के साथ 269 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इंटरपोल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यह अभियान 10 से 23 मार्च 2026 तक चला। इस दौरान दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने नकली और घटिया चिकित्सा उत्पादों को निशाना बनाते हुए 392 जांच शुरू कीं और 158 सर्च वारंट निकाले किए। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने कहा, नकली दवाएं केवल एक धोखाधड़ी नहीं हैं, बल्कि ये लोगों के जीवन को खतरे में डालती हैं। अपराधी ऑनलाइन माध्यम से उन लोगों को निशाना बनाते हैं जो त्वरित या किफायती इलाज की तलाश में होते हैं। इस वैश्विक अभियान में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, बांग्लादेश, तुर्की और मलेशिया सहित 90 देशों ने हिस्सा लिया। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक जब्ती ब्रिटेन (21.2 लाख खुराक) और कोलंबिया (14.7 लाख खुराक) में हुई। भारत को इस तरह के उत्पादों के निर्माण केंद्र के रूप में भी चिन्हित किया गया है।

### दर्द निवारक और नींद की गोलियां सबसे ज्यादा

अभियान के दौरान इरेक्टाइल डिस्फंक्शन की दवाएं, नींद की गोलियां, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक्स और धूम्रपान रोधी उत्पाद सबसे अधिक मात्रा में जब्त किए गए। इसके अलावा, डिजिटल कार्रवाई के तहत दवाओं की अवैध बिक्री में शामिल लगभग 5,700 वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और बॉट्स को बंद कर दिया गया। जांच में एंटी-पैरासिटिक दवाओं की जब्ती में भारी उछाल देखा गया है, विशेष रूप से आइवरमेक्टिन और फेनबेंडाजोल, जिन्हें ऑनलाइन मंचों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के बिना कैंसर के वैकल्पिक उपचार के रूप में प्रचारित किया जा रहा था।

# दीदी हारी नहीं, बहादुरी से लड़ीं: अखिलेश

- कोलकाता में ममता बनर्जी से मिले अखिलेश, कहा- भाजपा से मिला हुआ है चुनाव आयोग

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कोलकाता पहुंचकर ममता बनर्जी से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। अखिलेश ने कहा, सामंती और पुरुषवादी सोच रखने वाली भाजपा की नजरों में दीदी हमेशा खटकती रही हैं क्योंकि वह आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं थी। ममता बनर्जी हारी नहीं हैं बल्कि हराई गई हैं।

पश्चिम बंगाल में हुए राजनीतिक बदलाव के बाद अखिलेश की ममता बनर्जी से यह पहली मुलाकात थी। कोलकाता में हुई इस मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी खुद अखिलेश यादव को रिसीव करने गेट तक पहुंचीं, अभिषेक बनर्जी ने गले लगाकर उनका स्वागत किया। अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा, दीदी, आप हारी नहीं हैं बल्कि आपने एक योद्धा की तरह चुनाव लड़ा है।



कोलकाता में अपने आवास पर अखिलेश का स्वागत करतीं ममता बनर्जी। ● शुभंकर



मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्होंने बंगाल चुनाव को करीब से देखा और चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह की भाषा और रवैया अपनाया गया, वह हैरान करने वाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बंगाल में वही प्रयोग किया, जिसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश में की गई थी।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की राजनीति अराजकता फैलाने वाली है और चुनाव के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए दावे भी सवालों के घेरे में हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### कुंदरकी-रामपुर में भी हुई थी इसी तरह की धांधली

अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के कुंदरकी और रामपुर उपचुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां मतदाताओं को डराया गया और पोलिंग एजेंटों को बाहर निकाल दिया गया। उन्होंने चुनौती दी कि यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष है तो बंगाल और कुंदरकी की वोटिंग और मतगणना के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं।

### पोप लियो से मिलने के लिए वेटिकन पहुंचे रुबियो

**वेटिकन सिटी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो बृहस्पतिवार को वेटिकन की यात्रा पर पहुंचे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचनाओं और ईरान में अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर पोप नाराज हो गए थे। ट्रंप ने शिकागो में जन्मे पोप की आलोचना की थी वहीं लियो ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति शांति पर महज बाइबल का उपदेश पढ़ रहे हैं। रुबियो की वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से भी मुलाकात होनी है। पिएत्रो ने अपनी मुलाकात से पहले लियो का पुरजोर बचाव किया है।

# महाराष्ट्र की 1,194 बस्तियों और 411 गांवों में जल संकट

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच मई के पहले सप्ताह में 411 गांवों और 1,194 बस्तियों में रहने वाले लोग पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पूरी तरह से पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। तपती गर्मी में भारी वृद्धि हुई है और डर है कि महीने के अंत तक पानी की कमी वाले क्षेत्रों की संख्या और बढ़ सकती है।

अधिकारियों के मुताबिक राज्य भर के बांधों में जल स्तर तेजी से घट रहा है और अब यह गिरकर लगभग 38 प्रतिशत रह गया है। महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है, जिससे जल भंडार कम हो रहे हैं और ग्रामीणों को टैंकरों की आपूर्ति पर निर्भर होना पड़ रहा है। वर्तमान में कुल 1,605 स्थानों को कवर करने वाले 12 जिलों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। राज्य प्रशासन ने मई के पहले सप्ताह में ही पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 466 टैंकर तैनात किए हैं, जिनमें 20 सरकारी और 446 निजी टैंकर शामिल हैं। इसकी तुलना में, अप्रैल के चौथे सप्ताह के दौरान 321 टैंकर चल रहे थे, जो बहुत कम समय में पानी की मांग में भारी वृद्धि को दर्शाता है।



- लाखों लोग टैंकरों पर हुए निर्भर जल्द संकट और बढ़ने के आसार

# डिजिटल साइकोलॉजी

## इमोशनल फूल बनाने का बड़ा हथियार






डिजिटल प्राइवेसी के बाद दूसरा बड़ा खतरा डिजिटल फिंगरप्रिंटिंग और डार्क पैटर्न्स है। शायद ही आपको एहसास हो कि इंटरनेट आपकी पसंद-नापसंद को आपके बिना बताए कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा है। क्या आपने कभी गौर किया है कि जब आप किसी एप को अनइंस्टॉल करने लगते हैं तो वह इमोशनल मेसेज देता है... क्या आप वाकई हमें छोड़कर जा रहे हैं, हम आपको याद करेंगे। ऐसे ही जब आप शॉपिंग करते हैं तो वहां लिखा आता है... सिर्फ 2 स्टॉक बचे हैं, 15 लोग इसे अभी देख रहे हैं। दरअसल, यह कोई इत्तफाक नहीं है, बल्कि डिजिटल साइकोलॉजी का एक गहरा जाल है।

### यह है असली खेल

- कंपनियां अब सिर्फ आपका डेटा नहीं चुरातीं, बल्कि आपके व्यवहार को डिजाइन करती हैं। इसे बिहेवियरल इंजीनियरिंग कहते हैं।
- वेबसाइट और एप्स के इंटरफेस इस तरह बनाए जाते हैं कि आप वह कर बैठें जो नहीं करना चाहते थे जैसे अनचाहे सब्सक्रिप्शन लेना।
- सोशल मीडिया के इनफिनिटी स्क्रॉल को इस तरह बनाया गया है कि आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज हो और आपको लत लग जाए।
- आप कुकीज डिलीट भी कर दें, तब भी कंपनियां आपके ब्राउजर वर्जन, स्क्रीन रेजोल्यूशन और बैटरी लेवल से आपकी पहचान कर लेती हैं।

### फैक्ट

शॉपिंग साइट्स पर दिखने वाला काउंटडाउन टाइमर जैसे, सेल खत्म होने में 05 :00 मिनट बाकी, फर्जी होता है। और आपको दबाव में लाने के लिए है। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के अनुसार, दुनिया की टॉप 11,000 शॉपिंग वेबसाइट्स में से 1,200 से ज्यादा धोखा देने के लिए इन डार्क पैटर्न्स का इस्तेमाल करती हैं।

### एक्सपर्ट टिप्स

- सिर्फ इनकॉग्निटो मोड इस्तेमाल करने से आप ट्रैक होने से नहीं बचते। इसके बजाय प्राइवेसी फोकस्ड सर्च इंजन इस्तेमाल करें।
- एप्स के पुश नोटिफिकेशन बंद रखें। ये आपको बार-बार एप खोलने को उकसाते हैं। जरूरी एप्स के नोटिफिकेशन ऑन रखें।
- कोई वेबसाइट सभी कुकीज को स्वीकार करने का विकल्प दे तो कस्टमाइज पर क्लिक करें और ट्रैकिंग कुकीज को अनचेक करें।
- लेख पढ़ते समय हमेशा रीडिंग मोड का इस्तेमाल करें ताकि वेबसाइट पर विज्ञापनों और ध्यान भटकाने वाले एलिमेंट्स से बच सकें।
- हफ्ते में एक दिन या दिन में कुछ घंटे नो फोन जोन तय करें ताकि आपका दिमाग अपनी मर्जी से सोचे, एल्गोरिदम की मर्जी से नहीं।

### आपके लिए जरूरी बातें

- एआई अब आपके टाइपिंग पैटर्न और स्क्रीन पर उंगलियों के दबाव से यह समझ सकता है कि आप कब उदास हैं या कब एक्साइटेड। उसी हिसाब से आपको कंटेंट या विज्ञापन दिखाए जाते हैं।
- एल्गोरिदम आपको केवल वही चीजें दिखाता है जो आपकी विचारधारा से मेल खाती हैं। इससे आप एक बबल में फंस जाते हैं और आपको लगता है कि पूरी दुनिया वैसा ही सोच रही है जैसा आप।
- स्लीप स्टीलिंग यानी वीडियो एप्स का ऑटो-प्ले फीचर आपकी नींद चुराने के लिए बनाया गया है। एक के बाद एक वीडियो चलते रहते हैं और आपका दिमाग यह तय नहीं कर पाता कि कब रुकना है।
- आप किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं भी हैं, तब भी आपके दोस्तों के कॉन्टैक्ट्स और डेटा के जरिए कंपनियां आपकी एक शैडो प्रोफाइल तैयार कर लेती हैं।

# एपस्टीन की आत्महत्या की कोशिश के बाद मिला रहस्यमय नोट सार्वजनिक

- जेल में साथ रहे टार्टाग्लियोन को मिला था नोट, वर्षों से अदालत की वॉल्ट में था बंद

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उस रहस्यमय नोट को सार्वजनिक कर दिया है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ जेल में बंद रहे निकोलस टार्टाग्लियोन ने मिलने का दावा किया था। वर्षों एक अदालत के वॉल्ट में बंद रहा यह नोट एपस्टीन की आत्महत्या की पहली कोशिश के बाद टार्टाग्लियोन को मिला था।



न्यूयॉर्क के व्हाइट प्लेन्स में अमेरिकी जिला न्यायाधीश केनेथ करास ने नोट जारी करने का आदेश दिया था। इससे पहले 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने पिछले सप्ताह इसे और उस मामले से जुड़े अन्य दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का अनुरोध किया था जिसमें टार्टाग्लियोन शामिल था। संघीय अभियोजकों ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया। इस नोट के बारे में तब तक बहुत कम लोगों को ही पता था, जब तक कि चार लोगों की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व पुलिस अधिकारी टार्टाग्लियोन ने लेखिका जेसिका रीड क्रॉस के पॉडकास्ट पर इसका ज़िक्र नहीं किया। टार्टाग्लियोन ने दावा किया कि उसे यह नोट एक किताब में तब मिला जब एपस्टीन 23 जुलाई, 2019 को मैनहट्टन फेडरल जेल में अपनी कोठरी के फर्श पर पड़ा मिला था और उसके गले में एक चादर की पट्टी लिपटी हुई थी।

### चुनौतियों से निपटने को अपनी क्षमता बढ़ाएंगे: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने कहा कि वह भविष्य की चुनौतियों से निपटने और हर प्रकार की आक्रामकता का निर्णायक जवाब देने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाती रहेगी। पाकिस्तान सेना ने 'मारका-ए-हक' के एक साल पूरे होने पर इसे देश के सैन्य इतिहास का निर्णायक अध्याय बताया।

पाकिस्तानी सेना ने पिछले साल भारत के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष को मारका-ए-हक नाम दिया है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत होने के बाद भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमले किए गए थ, जिनमें करीब 100 आतंकवादी मारे गए थे। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच भारी तनाव पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने भारत की कार्रवाई के जवाब में हमले किए थे, हालांकि उनमें से ज्यादातर को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। रुके कार्य पूरे होने के संकेत हैं।

**वृष** – आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। प्रतियोगी छात्रों के लिए मेहनत का समय हैं।

**मिथुन** – आज का दिन नई योजनाओं पर काम करने के लिए अच्छा है। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज भावनाओं में आकर कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें। मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। घर में शांति का वातावरण बना रहेगा।

**सिंह** – आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा के दौरान सावधानी बरतें।

**कन्या** – आज कामकाज में व्यस्तता अधिक रह सकती है। किसी पुराने विवाद का समाधान निकलेगा। मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

**तुला** – आज भाग्य का साथ मिलेगा और रुके काम आगे बढ़ेंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। धन निवेश से सलाह जरूर लें।

**वृश्चिक** – आज गुस्से पर नियंत्रण रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। नई उपलब्धि मिलने की संभावना है। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**धनु** – आज आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मकर** – आज मेहनत के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

**कुंभ** – आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। नई योजनाएं भविष्य में लाभ दिला सकती हैं।

**मीन** – आज मन रचनात्मक कार्यों में अधिक लगेगा। व्यवसाय में लाभ के संकेत मिल रहे हैं। किसी प्रिय व्यक्ति से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मई, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 12 .21 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म। **चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। **ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 21.20 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

### सुडोकू -143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### टैगोर को 165वीं जयंती पर शंघाई में दी गई श्रद्धांजलि

**बीजिंग।** शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की 165 वीं जयंती पर उनके प्रशंसकों और भारतीय समुदाय ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि भारतीय महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने माओमिंग स्ट्रीट पर स्थित टैगोर की प्रतिमा और लू शुन पब्लिक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय महावाणिज्यदूत ने जोर दिया कि लोग आपसी संपर्कों को मजबूत करें। चीनी बुद्धिजीवी टैगोर को काफी पसंद करते हैं।

**सबरीमाला मुद्दा** | सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हर धर्म विघटित हो जाएगा, हर संवैधानिक अदालत को करना पड़ेगा बंद

# सवाल उठाने से धर्म और सभ्यता के विघटन का होगा खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने बृहस्पतिवार को टिप्पणी की कि यदि लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों पर संवैधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे तो विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं पर सवाल उठाने वाली सैकड़ों याचिकाएं दायर होंगी और इससे धर्मों और सभ्यता के विघटन का खतरा पैदा हो जाएगा।

संविधान पीठ महिलाओं के साथ धार्मिक स्थलों पर होने वाले भेदभाव से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। इनमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला भी शामिल है। यह पीठ दाऊदी बोहरा समुदाय सहित विभिन्न धर्मों की धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार कर रही है। दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था। इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था। संविधान पीठ के 1962 के फैसले में कहा गया था, दाऊदी बोहरा समुदाय की धार्मिक आस्था और सिद्धांतों से स्पष्ट है कि धार्मिक आधार पर इसके धार्मिक प्रमुख द्वारा बहिष्कार की शक्ति का प्रयोग धर्म संबंधी मामलों में इसके कामकाज के प्रबंधन का हिस्सा था और 1949 के अधिनियम ने ऐसे बहिष्कार को भी अमान्य घोषित करके संविधान के अनुच्छेद 26(ख) के तहत समुदाय के अधिकार का उल्लंघन किया।



### तर्क-वितर्क

सुधारवादी दाऊदी बोहरा समुदाय के एक समूह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने दलील दी कि किसी व्यक्ति के धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक आचरण के जवाब में अपनाई जाने वाली किसी प्रथा को संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण नहीं दिया जा सकता। इसलिए उसे संविधान के अनुच्छेद 26 के अंतर्गत धर्म से संबंधित मामला भी नहीं माना जा सकता। कहा, कोई प्रथा भले ही धार्मिक पहलू रखती हो लेकिन यदि उसका मौलिक अधिकारों पर गंभीर और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो उसे संविधान के अनुच्छेद 25 या अनुच्छेद 26 के तहत प्रतिबंधों से पूरी तरह छूट नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि यदि हर कोई कुछ धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों को संवैधानिक अदालत में चुनौती देने लगे तो इस सभ्यता का क्या होगा, जहां धर्म भारतीय समाज से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है। इस अधिकार या उस अधिकार को चुनौती देने वाली, मंदिर खोलने और मंदिर बंद करने के अधिकार को लेकर सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, हर धर्म विघटित हो जाएगा और हर संवैधानिक अदालत को बंद करना पड़ेगा। यदि विवादों को अनुमति दी जाती है तो हर कोई हर चीज पर सवाल उठाने लगेगा।



टूर्नामेंट की शुरुआत में खराब दौर से गुजरने के बावजूद टीम को वरुण चक्रवर्ती की काबिलियत पर कभी कोई शक नहीं हुआ। खेल में सब कुछ नतीजों पर आधारित होता है और लोग भावुक हो जाते हैं।
–ड्वेन ब्रावो, गेंदबाजी कोच, केकेआर


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 8 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# बारिश की बाधाओं के बीच जमकर गरजा मार्श का बल्ला, 111 रन ठोके

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आरसीबी को दिया 213 रनों का लक्ष्य

**लखनऊ, एजेंसी**

इकाना स्टेडियम में हो रहे आईपीएल 2026 का 50वां मुकाबला बारिश के चलते 19-19 ओवरों का कर दिया गया है. लखनऊ ने मिचेल मार्श के शतक के दम पर 3 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए हैं. डीएसएल मेथ्ड के जरिए बेंगलुरु को जीत के लिए 213 का लक्ष्य मिला है. मिचेल मार्श और शिंन कुलकर्णी की सलामी जोड़ी ने टीम को धुआंधार शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की. इसके बाद मार्श और पूरन के बीच दूसरे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई है. मार्श 56 गेंदों में 9 चौके और 9 छक्के लगाकर 111 रन बनाकर आउट हुए. अंत में पंत और पूरन के कौमियों के दम पर टीम 200 का स्कोर पार करने में सफल रही.

बता दें, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है. जहां बेंगलुरु ने कोई बदलाव नहीं किया है, वहीं लखनऊ ने तीन बदलाव किए हैं. आज का मैच बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के लिए खास है. यह उनका 200वां मुकाबला है. भुवनेश्वर 200वां मुकाबला खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं. इस मुकाबले में किंग कोहली के निशाने पर एक मेगा रिकॉर्ड है।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जायंट्स के मिशेल मार्श। एजेंसी



बारिश के बीच पिच को बचाने के लिए ग्राउंडस्टाफ कवर लाते हुए। एजेंसी

### अति प्रयोग से बुमराह का प्रदर्शन अस्थिर : उमेश यादव

**नई दिल्ली।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव का कहना है कि जसप्रीत बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं और इसी वजह से इस इंडियन प्रीमियर लीग में उनका प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है जबकि भुवनेश्वर कुमार अपनी स्पष्ट योजना के अलावा पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत की वजह से कामयाब रहे हैं। भुवनेश्वर आइपीएल के इस सत्र में अभी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नौ मैच में 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के बुमराह को इस सत्र में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने 10 मैच में महज तीन विकेट लिए हैं। जियोस्टार के विशेषज्ञ उमेश ने कहा, ''भुवी और उनकी टीम की योजना स्पष्ट है। वह पावरप्ले और डेथ ओवर, दोनों में गेंदबाजी करते हैं और उनका रणनीति तय है। वह दोनों तरफ़ गेंद को स्विंग करा सकते हैं। उन्होंने कहा भुवी अपनी लाइन एवं लेंथ और 'वैरिएशन' में लगातार एक जैसे रहते हैं जबकि बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं जिससे उनके लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। उमेश ने कहा इस सत्र में मुंबई के लिए बुमराह का प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है। कभी-कभी उन्हें पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, तो कभी-कभी वह ऐसे हालात में गेंदबाज करने आते हैं, जब उन पर कोई दबाव नहीं होता। इसका असर उनके प्रदर्शन पर पड़ रहा है। बुमराह के लिए आक्रामक गेंदबाजी के मौके बनाने चाहिए।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

**ऑरेंज कैप**





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -475 रन
- केएल राहुल दिल्ली-445 रन

**पर्पल कैप**





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात-16 विकेट

### बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल करवाना नामुमकिन हो गया था : अरुण धूमल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष अरुण धूमल ने बृहस्पतिवार को कहा कि बेंगलुरु में लीग का फाइनल करवाना नामुमकिन हो गया था क्योंकि वहां के स्टेडियम की क्षमता कम है और राज्य सरकार की तरफ से मुफ्त टिकटों की बहुत ज्यादा मांग थी। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 1.30 लाख दर्शक बैठ सकते हैं और यह 31 मई को टी20 टूर्नामेंट के फाइनल की मेज़बानी करेगा। नियम के मुताबिक बेंगलुरु को ही पहले मेजबान चुना गया था क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पिछली बार की चैंपियन टीम है। हालांकि बीसीसीआई ने बुधवार को कहा कि 'स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगें थीं जो बीसीसीआई के तय नियमों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं इसलिए यह बदलाव किया गया है।' धूमल ने पीटीआई से बात करते हुए

**आईसीसी बोर्ड बैठक**

उन दिक्कतों के बारे में विस्तार से बताया जिनका सामना बीसीसीआई को करना पड़ा। कर्नाटक सरकार के पास राज्य के विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों के लिए तीन-तीन मुफ्त आईपीएल टिकटों का कोटा है जिसे ऐसे स्टेडियम में लागू करना मुश्किल होता जहां 40,000 से ज्यादा लोग नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा असल में तो यह बेंगलुरु में ही होना चाहिए था। हमने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से बात की। पिछले साल जो घटना हुई (भगदड़), उसकी वजह से उन्हें कुछ दिक्कतें थीं। राज्य सरकार को विधायकों को मुफ्त टिकट देने होते हैं और केएससीए के अपने सदस्यों के लिए कुछ और वादे होते हैं। उन्होंने कहास्टेडियम की क्षमता भी उतनी ज्यादा नहीं है। लीग मैचों के लिए भी वहां बहुत कम टिकट उपलब्ध थे।

**हाईलाइट**



### मैं फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं : लुइस सुआरेज

**मियामी।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितंबर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

### गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

**वारसा।** डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं।

### अल्तमाएर ने रोम में 2 मैच प्वाइंट बचाए

**रोम।** डेनियल अल्तमाएर ने बुधवार को रोम में इटेलियन ओपन में तब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्दाया जरूरत थी। उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाकर झांग झीझेन को हराया। एटीपी रैंकिंग में 64वें नंबर के खिलाड़ी अल्तमाएर ने दूसरे सेट में 3-5, 15/40 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर मैच पॉइंट बचाए, और फिर 4-6, 7-6(3), 6-4 से जीत हासिल करके इस सीजन में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीता। 27 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत का इनाम दूसरे दौर में रोम के दो बार के चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव से मुकाबले के रूप में मिला है।

# रेसलर विनेश फोगाट एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डब्ल्यूएफआई के नए पात्रता मापदंड में फंस गईं

तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोषित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए गुरुवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

फेडरेशन के अनुसार,सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसंबर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।

विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं।



उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिंग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसंबर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोषणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की, क्योंकि वह पिछले साल जुलाई में मां बनी थीं। 31 वर्षीय भारतीय पहलवान ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट को अपनी वापसी के लिए चुना था।

रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के परिणाम चयन ट्रायल में पात्रता के लिए मान्य नहीं होंगे। फेडरेशन ने एशियन गेम्स के सेलेक्शन ट्रायल इसी महीने के अंत में दो दिनों में आयोजित करने का फैसला किया है। महिला कुश्ती के चयन ट्रायल 30 मई को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे, जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन प्रतियोगिताएं 31 मई को लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्र में होंगी। ये ट्रायल सभी 18 ओलंपिक भार वर्गों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक में तीन डिसिप्लिन में छह कैटेगरी होंगी। फेडरेशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया में पिछले प्रदर्शनों पर विचार नहीं किया जाएगा, केवल सेलेक्शन ट्रायल के रिजल्ट पर ही ध्यान दिया जाएगा। एशियन गेम्स 2026 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे।

# दिल्ली के सामने वरुण और नारायण की चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबला आज

पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है ।

दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जाएगा। समझा जाता है कि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिए दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाए थे पर जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या सीएसके के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6.80) और वरुण (इकॉनॉमी रेट 8.88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करुण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है।



अभ्यास सत्र के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव, माधव तिवारी, आशुतोष शर्मा और नीतीश राणा। एजेंसी

### केकेआर का शीर्षक्रम नहीं उतर सका खरा

नई दिल्ली। केकेआर का शीर्षक्रम भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (131.42 की स्ट्राइक रेट से 205 रन) और अंगकृष रघुवंशी (137.43 की स्ट्राइक रेट से 268 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। रिंकू सिंह (145.39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं।

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी।

**तीरंदाजी विश्व कप**

**भारतीय पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हारी**

# कोरिया पर जीत से महिलाओं ने पक्का किया पदक

**शंघाई, एजेंसी**

भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई। मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटआफ में 4-5 से हार गए।

महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा।



महिला टीम की सदस्य अंकिता भकत, दीपिका कुमारी और कुमकुम मोहोद।

पुरुष रिकर्व टीम में तरुणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58-55 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला 56-56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढ़त बना ली। मैच जीतने के लिए अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58-56 से अपने नाम किया। लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है । कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया। क्वार्टर फाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में वियतनाम पर 5-4 से जीत दर्ज की।

### पुरुष टीम का रहा निराशाजनक प्रदर्शन

भारतीय पुरुष टीम ने पहला सेट बांग्लादेश ने के सामने 52-55 से गंवाया। दूसरे सेट में बांग्लादेश ने उसे 54-54 से बराबरी पर रोका। तीसरे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 53 रहा। चौथा सेट में बांग्लादेश ने 57-53 से हराया।

### चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा पेरिस सेंट जर्मेन

**म्युनिख।** पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिए गोल किया पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैंपियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को हराया।

# रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने पर नेमार ने मांगी माफी

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी**

स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिंग सेशन के दौरान उस युवा को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर ज़ोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था।

यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिंग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है। नेमार ने कहा अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया।



रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं।

नेमार ने कहा, हाँ, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियाँ करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी। मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूँ, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है - आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी।